वर्ष-31, अंक- 302, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
19 अगस्त 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 10

एक नजर

जोरदार आवाज के साथ फटी धरती, जमीन में समाया घर

धनबाद। धनबाद के कोल फिल्ड एरिया में एक बड़ा हादसा सामने आया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 19 किलोमीटर दूर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) क्षेत्र में सोमवार को जमीन धंसने की घटना के बाद एक मकान जमींदोज हो गया जबकि एक दर्जन अन्य घरों में दरारें आ गईं। यह घटना सोमवार तड़के जोगता थाना क्षेत्र में हुई। प्रभावित परिवार को दूसरी जगह ले जाया गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को तड़के जोगता थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी क्षेत्र में न्यू श्याम बाजार के पास शबरी बस्ती में हुई। धंसाव यानी जमीन दरकने की घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच हुई। इस वजह से एक आवासीय संरचना पूरी तरह ध्वस्त हो गई जबकि लगभग एक दर्जन अन्य घरों में दरारें पड़ गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अरुण रजक नामक शख्स का घर उस समय ढह गया जब परिवार सो रहा था। किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। रजक के घर की छत और दीवारें गिरने से पहले तेज आवाज से उनकी नींद खुल गई। मोदीडीह कोलियरी के परियोजना अधिकारी गोपालजी ने बताया कि प्रभावित परिवार को अस्थायी रूप से मोदीडीह सामुदायिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। बस्ती से विस्थापित सभी परिवारों को तेतुलमारी क्षेत्र में पुनर्वासित किया जाएगा।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

आज / कल

फूड प्वाइजनिंग से झाआबावि की 40 छात्राएं बीमार

- गंभीर हालत में पांच को मेदिनीनगर रेफर, सूचना न देने पर वार्डन पर उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता

तरहसी। झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय तरहसी की दर्जनों छात्राएं सोमवार सुबह नाश्ता करने के बाद अचानक बीमार हो गईं। बताया गया कि सुबह करीब 9 बजे छात्राओं को पूरी और सब्जी परोसी गई थी। भोजन के एक घंटे बाद ही कई बच्चियों को उल्टी, पेट दर्द, गले में जलन और सांस लेने में परेशानी होने लगी। विद्यालय प्रबंधन ने आनन-फानन में बीमार छात्राओं को तरहसी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इनमें से पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेदिनीनगर रेफर किया गया। गंभीर छात्राओं में चांदनी कुमारी (15), किरण कुमारी (15), मुन्नी कुमारी (16), साक्षी कुमारी (12), संजना कुमारी (14) और आशा खातून (6) शामिल हैं। अन्य छात्राओं का इलाज तरहसी स्वास्थ्य केंद्र में ही किया जा रहा है। इलाज कर रहे चिकित्सक इमरान आलम ने आशंका जताई कि यह मामला विषाक्त भोजन से जुड़ा हो सकता है। वहीं विद्यालय की वार्डन आरती कुमारी ने सफाई देते हुए कहा कि बच्चियां जन्माष्टमी पर उपवास के बाद नाश्ता करने से बीमार पड़ीं, संभवतः गैस बनने के कारण दिक्कत हुई। लेकिन ग्रामीणों और अस्पताल कर्मियों ने वार्डन के दावे को खारिज कर दिया। उनका कहना है कि जन्माष्टमी शनिवार को थी और पारण रविवार को, जबकि घटना सोमवार को हुई। कई ग्रामीणों व फार्मासिस्ट राजेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि लगभग चार दर्जन छात्राएं इलाज के लिए आई थीं, लेकिन अधिकांश का नाम-पता रजिस्टर में दर्ज किए बिना चुपके से भेज दिया गया। बीमार बच्चियों ने भी शिकायत की कि उनके घरवालों को सूचना नहीं दी गई और इलाज के दौरान कोई परिजन मौजूद नहीं था। मामले ने विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े शेष पेज 11 पर...

बेतला जंगल में शिकारी गिरोह पर वन विभाग का शिकंजा, चार गिरफ्तार

- शिकारियों ने देसी भरठुआ बंदूक से वनरक्षी संतोष कुमार पर किया सीधा फायर
- बेतला रेंजर उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में वन विभाग की टीम जंगल में गश्त में निकली थी

नवीन मेल संवाददाता

गारू। पलामू व्याघ्र परियोजना के उत्तरी वन प्रमंडल अंतर्गत बेतला जंगल में वन विभाग की गश्ती टीम ने रविवार की मध्य रात्रि बड़ी कार्रवाई कर चार शिकारियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान शिकारियों ने वनकर्मी पर गोली भी चलाई, लेकिन जवान की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना टल गई। पकड़े गए आरोपियों के पास से हथियार और शिकार से जुड़े कई सामान बरामद किए गए हैं। डीएफओ प्रजेश जेना के निर्देश पर बेतला रेंजर उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में वन विभाग की टीम जंगल में गश्त कर रही थी। आधी रात को बीसी-2 के बंजारी मार्ग पर बंदूक चलने जैसी आवाज सुनाई दी। टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अचानक गश्ती टीम को देखकर चारों शिकारी घबरा गए। शेष पेज 11 पर...

खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

कोई योग्य लाभुक योजना से छूटे नहीं : अलका तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के तमाम उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि खाद्य आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में यह सुनिश्चित करें कि कोई योग्य लाभुक उससे वंचित नहीं रहे। वहीं मृत लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता के स्तर पर हटाये, ताकि नये लाभुक जोड़े जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रक्रिया में इस पर फोकस करें कि डाटा में कोई त्रुटि नहीं रहे। लाभुकों के केवाईसी पूर्ण हों। इसमें कोई समस्या हो, तो उसका परीक्षण करें कि कहां दिक्कत है और उसका समयबद्ध तरीके से निपटारा करें। हर माह इसका भौतिक निरीक्षण करें और रिकार्ड व बुक कीपिंग अपटूडेट रखें। वह सोमवार को खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर अपनी अध्यक्षता में समीक्षा कर रही थीं।

गोदामों को एक्शन प्लान के अनुसार कार्यशील करें

मुख्य सचिव ने राज्य के तमाम गोदामों को समयबद्ध तरीके से कार्यशील करने पर बल देते हुए कहा कि थोड़े प्रयास से सभी गोदामों को कार्यशील बनाया जा सकता है। समीक्षा में पाया गया कि मामूली कमियों के कारण अनेक गोदाम उपयोग में नहीं हैं। इसे देखते हुए निर्देश दिया गया कि उपायुक्त अपने स्तर से इसमें रुचि लेकर गोदामों को उपयोगी बनाना सुनिश्चित करायें। इसके लिए 20 सितंबर तक की टाइम लाइन तय की गई। उन्होंने कहा कि दिसंबर से धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी। धान खरीद और उसके संरक्षण को सुगम बनाना है और भुगतान भी त्वरित तरीके से करना है, इसलिए समय रहते कमियों को दूर कर लें। गोदामों के रख-रखाव के साथ वहां मूलभूत जरूरतों को भी पूरा कर लें।इसे लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सहकारिता विभाग के गोदामों का आकलन कर उसका भी उपयोग करें। स्वीकृत नये गोदामों के निर्माण में तेजी लाने पर भी बल दिया गया। मुख्य सचिव ने निदेर्शों के अनुपालन में फंड की जरूरत होने पर उसका प्रस्ताव विभाग को देने को कहा।

साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण सुनिश्चित करें

मुख्य सचिव ने राज्य के निर्धन लोगों के बीच साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण को लेकर निर्देश दिया कि इसमें तेजी लायें। उड़नदस्ता टीम बना कर वितरण की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई अनियमितता नहीं हो। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के जागरूकता पर बल देते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लाभुकों को योजना की मूलभूत जानकारी रहे। इसके लिए होर्डिंग, फ्लैक्स, नुक्कड़ नाटक जैसे हर सक्षम माध्यम का उपयोग करें। उसमें स्थानीय भाषा का प्रयोग करें। लाभुकों को यह हर हाल में पता होना चाहिये कि उन्हें क्या मिलना है, कितना मिलना है, कहां मिलना है और कब मिलना है।

हेमंत सोरेन देखेंगे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और निबंधन विभाग का काम

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उनके मंत्रालय का कार्यभार देखेंगे। झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सरकार की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने झारखंड के राज्यपाल के आदेश से यह अधिसूचना जारी की है।

राज्यपाल के आदेश से जारी हुई अधिसूचना

अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड के मुख्यमंत्री की सलाह से झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को अपने कार्यों के अलावा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और निबंधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेवारी सौंपी गयी है। 15 अगस्त 2025 को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया था।

15 अगस्त को दिल्ली में हुआ रामदास सोरेन का निधन

रामदास सोरेन 2 अगस्त 2025 को जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित अपने आवास में बाथरूम में गिर गये थे। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसकी वजह से बहुत खून बह गया। उनको ब्रेन हेमरेज हुआ और सिर में ब्लड क्लॉट कर गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया। वहां 13 दिनों तक जिंदगी और मौत से संघर्ष के बाद रामदास सोरेन ने 15 अगस्त को दम तोड़ दिया।

गैंगस्टर डब्लू सिंह ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

आम लोगों की तरह जीना चाहता हूं : डब्लू सिंह

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड के कुख्यात अपराधी गौतम सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने पलामू एसपी के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया है। गौतम कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह झारखंड में पहला ऐसा आपराधिक गिरोह का सरगना है जिसने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि रविवार रात 10.30 में डब्लू सिंह मेदिनीनगर टाउन थाना पहुंचा था और उनके समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण में मेदिनीनगर के पूर्व थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस संगठित अपराध के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की अपील है कि लोग संगठित अपराध से नहीं जुड़े। वे मुख्यधारा में शामिल हो। न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत पुलिस सहयोग करेगी। कुख्यात अपराधी डब्लू सिंह ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण के बाद कहा कि वह अब आम लोगों की तरह जीवन जीना चाहते हैं। जो भी मुख्यधारा से भटक गए हैं वे अपराध का रास्ता छोड़ दें। डब्लू सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार और पुलिस की नीतियों से प्रभावित हुआ और उसने आत्मसमर्पण किया है। बता दे कि गौतम कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में हत्या, अपहरण, रंगदारी सहित 37 के करीब आपराधिक मामले दर्ज हैं। शेष पेज 11 पर...

पीएलएफआइ के चार उग्रवादी हथियार समेत गिरफ्तार

खूंटी। खूंटी जिला की रनिया थाना पुलिस को उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के विरुद्ध एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के जिबिलौंग टोंगरी के पास अपराध की योजना बना रहे पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य ओझा पहान उर्फ बादल को तीन अन्य सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में गुमला के कामडारा थाना क्षेत्र के रामतोलेया गांव निवासी ओझा पहान उर्फ ओझा तोपनो उर्फ बादल तोपनो उर्फ भगत, रनिया थाना क्षेत्र के उड़िकेल घांसीटोली निवासी जेवियर कोनगाड़ी और संतोष कोनगाड़ी तथा तोरपा थाना क्षेत्र के ऐरमेरे गांव निवासी जिबनुस आइंद शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम का एक लोडेड देसी पिस्टल, 7.65 एमएम का तीन पीस जिंदा गोली, एक देसी कट्टा आठ एमएम की दो पीस गोली, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के दो पर्चे, दो मोबाइल फोन दो सिम और रोड रोलर जलाने में के दौरान प्रयुक्त प्लास्टिक बोतल दो पीस बरामद की।

सुप्रीम कोर्ट से डीजीपी अनुराग गुप्ता को बड़ी राहत

नियुक्ति को चुनौती देनेवाली बाबूलाल मरांडी की याचिका खारिज

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। यह मामला सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अनजारिया के समक्ष पेश हुआ। सुनवाई के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दायर की गई अवमानना याचिका पर विचार किया गया। मरांडी ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में दिए गए दिशा-निदेर्शों के खिलाफ की गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गुप्ता की नियुक्ति के लिए यूपीएससी द्वारा तैयार पैनल में शामिल अधिकारी को अनुचित ढंग से पद से हटाया गया। शेष पेज 11 पर...

इंडिया

पीएम मोदी की दक्षिण यात्रा और झारखंड की राजनीति

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

वाराणसी में हुए तमिल काशी संगमम के तीन सफल आयोजनों के बाद छत्तीसगढ़ में भी ऐसे संगम की तैयारी चल रही है । दक्षिण भारत के विशेष कर तमिलनाडु राज्य में अगर बीते एक दशक की राजनीति को देखा जाए तो करुणानिधि और जय ललिता की मृत्यु के बाद एक बड़ा शून्य आ गया है और सिर्फ एक बड़ा नाम स्टालिन ही दिखता है। कांग्रेस के पी चिदंबरम हों या उनके बेटे कार्ति चिदंबरम धीरे-धीरे तमिलनाडु की राजनीति में अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। इसके अलावा तमिलनाडु के जितने भी बड़े नेता हैं, वह अपने क्षेत्र विशेष तक सीमित हैं। ऐसे में दक्षिण भारत की राजनीति में काशी तमिल संगमम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस रिक्त स्थान को भरने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मोदी के पिछले दिनों हुए तमिलनाडु प्रवास का निहितार्थ क्या है? इस यात्रा को उनके प्रशंसक और आलोचक भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से देख रहे हैं। कुछ के लिए यह प्रधानमंत्री मोदी की प्राचीन बृहदेश्वर शिव मंदिर की तीर्थयात्रा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे भाजपा की राजनीति मानता है, जिसके अंतर्गत पार्टी तमिलनाडु में अपना जनाधार सुदृढ़ करना चाहती है। वस्तुतः इस यात्रा का महत्व इन दोनों से कहीं अधिक व्यापक है। चोल राजवंश और इसके दो महाप्रतापी सम्राटों-राजराजा प्रथम और राजेंद्र प्रथम की गौरवगाथाओं को पुनर्जीवित कर प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में 'द्रविड़ आंदोलन' की आड़ में पनपाई जा रही अलगाववादी-विषैली विचारधारा और उससे प्रेरित राजनीति के ध्वस्तीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह भारत की सांस्कृतिक एकता, विरासत और ऐतिहासिक गौरव जैसे बिंदुओं को पुनः केंद्र में लाने की कोशिश है। राजेंद्र चोल प्रथम का इतिहास में वही स्थान है, जो सम्राट अशोक और राजा विक्रमादित्य का है। वे गर्वित तमिल थे, दृढ़प्रतिज्ञ शिव भक्त थे और प्राचीन ताम्रपत्रों-शिलालेखों, जो कि तमिल के साथ संस्कृत में भी लिखित हैं-उनमें इस बात का उल्लेख है कि चोल सम्राट स्वयं को मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम काल से सूर्यवंशी परंपरा (इक्ष्वाकु, मांधाता, हरिश्चंद्र और भगीरथ सहित) का वंशज मानते थे। बीते कई दशकों में तंजावुर, तिरुवरूर और पुडुकोट्टई में प्राचीन चीनी सिक्के मिले हैं, जो भारत-चीन के

बीच व्यापारिक-वाणिज्यिक संबंधों के साथ चोल की कूटनीतिक दक्षता और सक्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। चोल साम्राज्य के सत्ता हस्तांतरण का चिह्न 'सेंगोल'-जिसे राजदंड भी कहा जाता है-मई 2023 से नवनिर्मित संसद भवन में न्याय और निष्पक्ष शासन के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात प्रारंभिक भारतीय नेतृत्व का ब्रितानी छलकपट की जंजीरों से शीघ्र मुक्त होना अपेक्षित था। परंतु संघ विचारकों का मानना है कि 'सेकुलरवाद' की आड़ में 'द्रविड़ आंदोलन' की उत्पत्ति में ईस्ट इंडिया कंपनी के चार्टर में वर्ष 1813 में जोड़े गए उस विवादास्पद अनुच्छेद की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसने ब्रिटिश पादरियों और ईसाई मिशनरियों को स्थानीय भारतीयों के धर्मांतरण का मार्ग प्रदान किया। 16वीं शताब्दी में भारत आए फ्रांसिस जेवियर ने धर्मांतरण अभियान में ब्राह्मणों को सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। तब कालांतर में ईसाई मिशनरियों और चर्च के प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन से वर्ष 1916-17 में 'साउथ इंडियन लिबरल फेडरेशन'-जिसे 'जस्टिस पार्टी' या 'द्रविड़ कड़गम' (डीके) के नाम से भी जाना गया-उसका गठन किया गया। तमिलनाडु की वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके उसी की राजनीतिक उपज है, जिसके शीर्ष नेता आज भी खुलेआम अपशब्दों का प्रयोग करके सनातन संस्कृति को मिटाने का दम भरते हैं। विडंबना यह है कि जिन अपमानजनक जुमलों का प्रयोग एक शताब्दी पूर्व डीके के तत्कालीन नेता कांग्रेस के लिए करते थे, वे जुमले अब कांग्रेस के समर्थन से भाजपा-संघ के लिए आरक्षित हो चुके हैं।उल्लेखनीय है कि झारखंड के अनेक जनजातीय समुदायों का आगमन दक्षिण से हुआ और शैव परंपरा यहां बहुत पुरानी है।

20.4 ग्राम ब्राउन शुगर व 1 केजी अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/पत्थलगड़ा। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सूचना के आधार दपर पुलिस टीम ने पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत लेंबोईया से 20.4 ग्राम ब्राउन शुगर व 1.055 किलोग्राम गिला अफीम के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार के पत्थलगड़ा थाना में योगदान देने के बाद से लगातार तस्करों के विरुद्ध हो रही कार्रवाई ने अफीम व ब्राउन शुगर तस्करों की नीद व चौन उड़ी दी है। उपरोक्त जानकारी समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पुलिस ओघक श्री अग्रवाल ने आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेंबोइया में मंदिर के पीछे मैदान के पास अवैध अफीम एवं ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम कुमार खंडेवाल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया और टीम ने छापामारी मंदिर के पीछे मैदान में जर्जर मकान के पास से दिवाकर कुमार उर्फ अविनाश कुमार 20 वर्ष पिता स्व. सत्येन्द्र दांगी ग्राम नावाडीह एवं ओमकार दांगी 32 वर्ष पिता अरुण दांगी ग्राम तेतरिया दोनों थाना पत्थलगड़ा, जिला चतरा को गिरफ्तार कियाग या। दोनो के पास से 20.4 ग्राम ब्राउन शुगर, 1.055 किलोग्राम गिला अफीम एवं तीन शेष पेज 11 पर...

स्वतंत्रता दिवस पर याद किए गए बाबासाहब

मोहम्मदगंज। स्वतंत्रता दिवस पर भारत के संविधान निर्माता बाबासाहब भीमराव अंबेडकर को याद किया गया। इस दौरान रविवारीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में स्थापित उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण कर उनका नमन किया गया। बाद में अंबेडकर विचार संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित समारोह में इसके अध्यक्ष सुमेश राम ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराया। इस मौके पर बाबासाहब अमर रहें के उद्घोष से वातावरण गूंजायमान हो गया था। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी रामजन्म राम के अलावा समिति के सदस्य रामवचन मेहता, मंटू दास, संजय सहगल, विनोद पासवान, उपेंद्र रजक, गणेश मेहता, मनोज कुमार सिंह, कपिलदेव नारायण सिंह, विश्वनाथ मुन्ना चौधरी, गंगा राम, गंगा मेहता, जितू साव, सुनील चौधरी, रमेश राम, जवाहर पासवान, कर्मेंद्र, मिथिलेश मेहता, राजद व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष डा. पंचू रजवार और रामवचन बैठा सहित अन्य कई ग्रामीण शामिल थे। सभी ने बाबासाहब की प्रतिमा के माल्यार्पण के बाद तिरंगे को सलामी दी।

जन्माष्टमी पर छतरपुर में निकली भव्य शोभायात्रा

हजारों श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण की झांकी के साथ किया नगर भ्रमण

नवीन मेल संवाददाता

छतरपुर (पलामू।) श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर युवा वीर कृष्ण सेना द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मिडिल स्कूल छतरपुर से शुरू होकर जपला मोड़ पेट्रोल पंप, गौलक्ष्मी रामगढ़ से सरइडीह मोड़ तक गई। पुनः वापस होते हुए मिडिल स्कूल पर समापन हुआ। शोभायात्रा में राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। शोभायात्रा के बाद, शहर के मिडिल स्कूल के प्रांगण में श्री कृष्णचेतना मंच छतरपुर के द्वारा बिरहा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमवीआई लाल बिहारी यादव, विशिष्ठ अतिथि छतरपुर अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने कर्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण के बताये गए मार्गदर्शन पर चलने एवं अम्ल करने पर ही सही रूप से जन्माष्टमी मानने का पूरा होगा। मंच संचालन रामप्रवेश यादव ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन लवलेश

यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे आए हुए अतिथियों एवं पत्रकारों को पुष्पमाला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. जिसमें बिहार के रोहतास कैमूर से आए सुधीर लाल यादव एवं उत्तर प्रदेश के गाजीपुर (ब्लदानी) से खुशी कुमारी यादव के बिच बिरहा संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों कलाकारों द्वारा दर्शकों को खूब मनोरंजन कराया। जिसमें श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी विभिन्न गाथाओं का स्मरण किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में, स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान, भजन और कीर्तन गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर शोभायात्रा में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में भंडारे का भी आयोजन किया गया, जहाँ सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन ने न केवल भक्ति और आस्था का संदेश दिया, बल्कि स्थानीय लोगों को एक साथ आने का अवसर भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में श्याम दास यादव, रामदेव यादव, अजय यादव, धंनजय पासवान, डॉ. रामरेश यादव, मोहन जायसवाल, सुभाष मिश्रा उर्फ बुल बाबा, श्याम सुंदर यादव, पूरन यादव शंभू यादव, राजेंद्र यादव सुरेंद्र यादव, विकास यादव, पन्नू यादव, मनोहर यादव, अजय कुमार यादव, पप्पू यादव, अवधेश यादव, मंटु यादव, यमुना यादव, अभय यादव, बच्चन यादव, बसंत यादव, अवधेश यादव,अशोक यादव,बीके यादव, अमित यादव, विपिन यादव, चंदन यादव,मुन्ना यादव, मनोज यादव, उदय यादव, रविंद्र यादव, राजकुमार यादव, संतोष यादव, प्रमोद यादव, बबन यादव, इंदल यादव, मिथिलेश यादव,संतन यादव, सहित सैकड़ो की संख्या में लोगो ने बिरहा कर्यक्रम का लुप्त उढ़ाया।

बाजार क्षेत्र में नाबालिग चोरों का आतंक

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। चालू माह के एक पखवाड़ा में चोरी की 2 ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें नाबालिग चोर की संलिप्तता बताई जाती है। पहली घटना तो दिन के उजाले में सीसीटीवी कैमरे की नजर में स्थानीय स्टेशन रोड में दैनिक बाजार क्षेत्र के एक होटल में घटी है। इसमें होटल में नास्ता कर रही दो लकड़ियों के बीच बेंच से एक नन्हें से बच्चे ने पर्स चुरा ली है। जिसे बड़ी ही चालाकी से झोले डालकर चलता बना है। वारदात होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुआ है। जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। चोरी गए सामान में जेवरात और नगदी होने की बात बतलाया

गया था। इस वाक्या को शेयर करते हुए बाजार क्षेत्र में आसपास बैठे बच्चों से सावधान और सतर्क रहने की अपील की गई थी। अब एक दूसरी चोरी की घटना शनिवार रात की बताई गई है। जिसमें मुख्य पथ में एक किराना दुकान का दरवाजा तोड़कर करीब 4 हजा रुपए की चोरी कर ली गई है। चोरी की इस वारदात को जिस तरह से दरवाजा तोड़कर अंजाम दिया गया है,इसमें आशंका जताई गई है कि इसमें किसी नाबालिग की ही संलिप्तता हो सकती है। इस घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने मामले की छानबीन कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

जेपीएस पंसा में समाजसेवी ने फहराया तिरंगा

मोहम्मदगंज। 79वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जनता पब्लिक स्कूल पंसा के प्रांगण में जिला पार्षद प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान कर गांव-गिराव के बच्चों की प्रतिभा को निखारने की सलाह देते हुए उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूत के पाठ पढाने की नसीहत दी। इससे बच्चों में देशप्रेम की भावना जागृत होगी। इस पर मौजूद गणमान्य लोगों ने देश की आजादी को लेकर शहीद हुए सपूतों को याद किया।

न्यूज बॉक्स

दवा खाने से ही मरीजों को रोग से हो सकता है बचाव : डॉ. ज्योतिष

हैदरनगर। स्थानीय अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैदरनगर में सोमवार को सरकार और विभागीय उच्चाधिकारी के दिशा निर्देश फाइलेरिया उन्मूलन विषयक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने अन्य कई उपस्थित इस रोग से पीड़ित मरीजों की विधिवत जांच की। उन्होंने बताया कि इस विशेष शिविर में कुल 16 मरीजों को फाइलेरिया रोधी दवा देने के बाद उन्हें इस रोग से बचाव के लिए विस्तार से जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया से पीड़ित रोगियों की जांच कार्य में फार्मासिस्ट नवीन किशोर, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार, लैब टेक्नीशियन बसंत कुमार, ड्रेसर सिपाही राम व प्रमोद सिंह, एएनएम सीमा, प्रभावती, फातमा आदि कई स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया है। इस रोग के लक्षण पर एक वार्ता में उन्होंने कहा कि क्युलेक्स मच्छर के काटने से यह बीमारी उत्पन्न होती है। फाइलेरिया की दवाई समय पर नही खिलाने से लाइलाज हो जाती है। उपयुक्त समय पर फाइलेरिया रोधी दवा खाने से बचाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में उससे बचाव को लेकर पूर्व में भी पहली दिसंबर 2024 से प्रखंड के सभी 12 पंचायतों में घर घर जाकर सहिया व आंगनबाड़ी सेविकाएं की ओर से फाइलेरिया से होने वाले नुकसान के प्रति विधिवत जागरुकता अभियान भी चलाया गया था। उन्होंने कहा कि इस प्रखंड से फाइलेरिया रोग को शत प्रतिशत खत्म करने में जागरुकता के साथ साथ सभी पंचायत के प्रतिनिधियों की पहल और सक्रियता जरुरी है। इसके लिए पूरे प्रखंड में 75000 लोगों को आशा व आंगनबाड़ी सेविकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। इसमें आईडीए, एमडीए व एबेंडाजोल की खुराक उम्र व शरीर की ऊंचाई अनुसार दी जाती है।

हुसैनाबाद में पीडीएस संघ का विस्तार शीघ्रः अध्यक्ष

हुसैनाबाद । फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ का चुनाव के बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष मिथिलेश राम ने बताया कि पीडीएस डीलर संघ का विस्तार शीघ्र किया जाएगा। हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सभी डीलर एसोसिएशन सदस्यों के प्रति मिथिलेश राम ने अभार जताया है। नए अध्यक्ष मिथिलेश राम ने कहा है कि एकजुटता के साथ काम करने में ताकत मिलती हैं। वे संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे राशन डीलरों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही अन्य सदस्यों की कमेटी का विस्तार कर नए पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इस मौके पर पीडीएस दुकानदार उदय यादव,अरबिंद कुमार सिंह, सूर्यनारायण राम, अजित चौधरी, जमील अहमद, बिमलेश कुमार, पिंटू कुमार, हरि, रामप्रवेश, रमेश कुमार, प्रवीण चौधरी, ललन पासवान, नरेश प्रसाद, उमेश पासी, मनीष कुमार, दीपक पटेल, सुरेंद्र कुमार, न्यायमूर्ति सिंह, रजनीश सिंह,मनीष सिंह, कुणाल यादव, बृजेन्द्र सिंह, सूरज पासवान समेत काफी संख्या में डीलर एसोसिएशन सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख ने किया झंडोत्तोलन

मोहम्मदगंज। विभिन्न सरकारी और गैरसरकारी संस्थानों में 79 वां स्वतंत्रता दिवस पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख अर्चना देवी ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर आयोजित समारोह में बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार, प्रखंड आपूर्ति सह कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम, सीआइ अरविंद कुमार मिश्र, प्रखंड सहायक मनीष, मनरेगा लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता, थाना प्रभारी नारायण सोरेन, एसआई सुबीर किस्कू सहित अन्य कई गणमान्य ग्रामीण, प्रखंड और अंचल उपस्थित थे। वहीं, थाना परिसर में थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर एसआइ सुबीर किस्कू, शेख अमानुल्लाह, सुरेन्द्र तिवारी, हरेराम सिंह सहित पुलिसकर्मी और काफी संख्या में शामिल गणमान्य लोगों ने तिरंगे को सलामी दी। थाना प्रभारी के क्षेत्र के विकास और विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर मिलजुलकर काम करने के संदर्भ में संबोधन ने लोगों को प्रभावित किया। इसके अलावा आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय (तारा), पीएमश्री राजकीयकृत स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय व उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय में क्रमशः प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, राकेश कुमार सिंह, चंद्रशेखर मेहता जबकि मुखिया अबूनसर सिद्दीकी (रामबांध) कमला देवी (मोहम्मदगंज), जगदेव चौक पर रामवचन प्रसाद और सिंचाई कार्यालय में कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने झंडोतोलन किए। रामबांध में झंडोत्तोलन के मौके पर देशप्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए मुखिया अबूनसर सिद्दीकी ने कहा कि बिना भेदभाव के जनता की हिफाजत और विकास करना ही वीर सपुतों को सच्ची श्रद्धांजलि है। उनके सामाजिक-राजनीतिक जीवन का यही मकसद है। समारोह में तेहशाम अली उपमुखिया, समाज सेवी महताब शाह के अलावा सोनू खान, पप्पू चौहान, रणजीत पाल सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर चहूंओर उमंग और उत्साह का माहौल बना रहा।



जपला रेलवे स्टेशन पर चला विशेष टिकट चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। रेलवे न्यायालय डाल्टनगंज के मजिस्ट्रेट प्रज्ञेश निगम के नेतृत्व में सोमवार को विशेष टिकट चेकिंग सह जागरूकता अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान जपला स्टेशन प्लेटफार्म व डाल्टनगंज-जपला रेलवे स्टेशन के बीच मे विभिन्न ट्रेनों में चलाया गया। इस दौरान डेहरी ऑनसोंन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, बरकाकाना- वाराणसी पैसेंजर, बरकाकाना-डेहरी ऑनसोंन पैसेंजर समेत कई ट्रेन में टिकट जांच अभियान चलाया। इस दौरान जपला स्टेशन पर बिना टिकट यात्री के अलावा विभिन्न रेलवे एक्ट उल्लंघन सहित अन्य विभिन्न मामलों में कुल 19 बेटिकट रेल यात्रियों को हिरासत में लिया गया। वहीं विभिन्न ट्रेनों में टीटीई ने बिना टिकट के साथ यात्रा कर रहे 43

यात्रियों व 19 रेलवे एक्ट के यात्रियों से 12,830 रुपये जुमार्ना वसूला गया। जांच अभियान से बिना टिकट रेल यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। अभियान के दौरान मजिस्ट्रेट निगम, आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा व रेलवे सुरक्षा बल के अन्य अधिकारियों ने रेल यात्रा के दौरान ट्रेन प्लेटफार्म पर रुकने पर ही प्लेटफार्म साइड में उतरने एवं चढ़ने की नसीहत दी गयी। महिला, विकलांग एवं आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा ना करने, किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन मे यात्रा ना करने, बिना किसी उचित कारण के एसीपी ना करने, यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे हेल्पलाइन नंबर-139 पर संपर्क करने की बात कही। मौके पर आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, पेशकार अरुण केरकेट्टा, टीटीई शिवशंकर साव,आरपीएफ के अरुण कुमार, कमलेश यादव,अजित कुमार राजनाथ समेत आरपीएफ के कई अन्य जवान मौजूद थे।

एके सिंह कॉलेज के विज्ञान संकाय का सत्र -2025 -29 के लिए मिला विस्तारीकरण

हुसैनाबाद। ए .के. सिंह कॉलेज जपला में बीए, बीएससी और बीकॉम तीनों फैकल्टी की पढ़ाई होती है। जिसमें कला और वाणिज्य संकाय का स्थाई मान्यता वर्ष 2013 में ही मिल चुका है। और विज्ञान संकाय का प्रत्येक सत्र के लिए विस्तारीकरण होता है, इसी क्रम में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि एके सिंह कॉलेज के विज्ञान संकाय का सत्र 2025-29 के लिए विस्तारीकरण की स्वीकृति मिल गई है। विज्ञान संकाय के बच्चों के लिए और महाविद्यालय के लिए भी यह एक अच्छी खबर है। महाविद्यालय परिवार की ओर से इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्राचार्य डॉ. आनन्द कुमार ने बताया कि छात्रहित में विश्वविद्यालय की यह निर्णय स्वागत योग्य है।

सीएस ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकार एवं डीपीसी भी थे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हुसैनाबाद ड्यूटी करते हुए मिले, एमटीसी वार्ड में बेड पर कोई बच्चा नहीं मिला। किचेन, टॉयलेट वार्ड की स्थिति संतोष जनक नहीं मिला। प्रसव कक्ष के वार्ड में 5 मरीज थे। दावा वितरण कक्ष ठीक था। एक्सरे रूम बंद था, अल्ट्रासाउंड भी बंद था। तीन चिकित्सक ड्यूटी में पाए गए। बायोमैट्रिक सिस्टम कार्यशील पाया गया। बेड पर कार्यदिवस के अनुसार चादर नहीं था। 108 एम्बुलेंस लगे हुए थे, परिसर को साफ सफाई की आवश्यकता है। जनरेटर एवं इनवर्टर कार्यशील पाए गए। विभिन्न रजिस्टर की जांच की गई। प्रभारी चिकित्सा प्रभारी को और जवाबदेही से कार्य करने की सलाह दी गई। निरीक्षण का कार्य करीब 4 घंटे चला। हरेक बिंदु पर विस्तृत जांच की गई। उन्होंने कहा कि अगले माह से स्थिति में सुधार की उम्मीद रखते है अन्यथा सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

राजदरबारी, कजरी, ठुमरी, सोहर लोकगीतों की धुन से सराबोर रहा राम मंदिर

हैदरनगर। स्थानीय श्री राम जानकी मंदिर चौक बाजार प्रांगण में रविवार की देर शाम श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के समापन पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई। भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि को माखनचोर के अवतार दिवस पर पूरे क्षेत्र में उल्लास का वातावरण रहा। घर आंगन से लेकर देव स्थलों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। मुख्य बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, ब्रह्मस्थान, शुक्रबाजार ठाकुरबाड़ी, प्राचीन बड़ा शिवालय सहित विभिन्न मंदिरों को बिशेष सजावट की गई। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी भगवान की झांकियां सजाकर पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की। ब्रह्मस्थान में इस बार विशेष आकर्षण देखने को मिला, जहां कृष्ण कन्हैया की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान से पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने देर शाम तक सजावट और प्रसाद की व्यवस्था की थी। रात होते ही मंदिरों में भजन कीर्तन की धुन गूंजने लगी। अष्टमी को जैसे ही घड़ी ने बारह बजाया। मंदिरों और घरों में शंख, बांसुरी, घंट घड़ियाल की ध्वनि के साथ नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंजने लगे। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया और लोगों ने परिवार संग जलपान कर जन्मोत्सव का उल्लास साझा किया। रामजानकी मंदिर में विशेष भजन संध्या का आयोजन हुआ। देवकी के जन्मे कन्हैया, बाजे ला बधईया हो और नंद घर आनंद भयो जैसे भजनों से वातावरण गूंज उठा। झारखंड और बिहार से आए कलाकारों ने कजरी, ठुमरी, राजदरबारी, सोहर और अन्य लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां की। कलाकारों में पांचू राम, दिनेश सिंह और रामप्रवेश मेहता की गायकी ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति रस में डूबे लोग नाचने गाने लगे और देर रात तक मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन, लोकधुन और सोहर की गूंज सुनाई देती रही।

पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर कार्यशाला

पांकी। पंचायती राज विभाग के तहत सोमवार को पांकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह उप प्रमुख अमित कुमार चौहान एवं पंचायती राज विभाग के मास्टर प्रशिक्षक सत्यानंद शुक्ला उपस्थित थे, कार्यशाला में पंचायती राज के मास्टर प्रशिक्षक सत्यानंद शुक्ला ने पंचायत उन्नति सूचकांक के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला स्तर पर नंबर दो स्थान प्राप्त करने वाले पंचायत के अलावे केलहवा पंचायत के मुखिया बशारत हुसैन ,पकरिया पंचायत के मुखिया सुमन कुमारी एवं केकरगढ़ पंचायत के मुखिया सत्यभामा देवी एवं संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव को अतिथियों के हाथों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि पंचायत के कार्यों की समीक्षा और मूल्यांकन के मद्देनजर उन्नति सूचकांक की अवधारणा को अमलीजामा पहनाया जा रहा है, भविष्य में पंचायत को सूचकांक के मद्देनजर तय किए गए मापदंडों के अनुरूप अपनी योजनाएं बनानी होगी और उनको धरातल तक ले जाना होगा, उन्होंने राज्य और जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन वाले पंचायत की सराहना करते हुए कहा कि अन्य पंचायत के लोगों को भी उनसे सीख लेने की जरूरत है ताकि यह प्रखंड अगली बार राज्य स्तर पर प्रथम आए। उन्होंने अपने स्तर से भी पंचायत उन्नति सूचकांक के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मौके पर कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे विधायक प्रतिनिधि मिनटी वर्मा पंचायती राज समन्वयक अमित कुमार के अलावे समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया पंचायत समिति सदस्य एवं पंचायत सचिव समेत विभिन्न योजनाओं के कर्मी उपस्थित थे।

जागरूकता के अभाव में झोला छाप डॉक्टर के पास जाते हैं मरीजः सीएस

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। जपला हैदरनगर मुख्य सड़क के हड़ही नदी के समीप शुक्रवार को खुशबु क्लिनिक के डॉक्टर पंकज कुमार की लापरवाही से बच्चे की मौत की सूचना पर पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव हुसैनाबाद पहुंचे, सिविल सर्जन रविवार की देर शाम हुसैनाबाद पहुंचने के बाद खुशबू क्लिनिक पहुंचे, जहां मृतक बालक सचिन कुमार छह वर्ष का इलाज हुआ था। लेकिन क्लिनिक संचालक को सिविल सर्जन के आने के पहले ही वह क्लिनिक बंद कर फरार हो गया था। सिविल सर्जन इस मामले को गंभीर मानते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में इलाज की पर्याप्त सुविधा होने के बाबजूद भी लोग जागरूकता के अभाव में अपने मरीजों को झोला छाप डॉक्टरों के यहां ले जाकर मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ करते है। उन्होंने कहा की हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे अवैध क्लीनिकों और अस्पतालों और फर्जी चिकित्सकों के खिलाफ एक छापेमारी अभियान चलाकर कानूनी कार्रवाई की जायगी। लेकिन सिविल सर्जन ने बंद पड़े खुश्बू क्लिनिक को सील नहीं किया।

मृतक के परिजनों ने सिविल सर्जन से नहीं की मुलाकात

खुशबू क्लिनिक का निरीक्षण कर अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचने के बाद पलामू सिविल सर्जन मृतक के परिजनों को मोबाइल से संपर्क कर अस्पताल बुलाया, लेकिन मृतक के परिजनों ने सिविल सर्जन से मिलना मुनासिब नहीं समझा।

क्या हैं मामला

हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के पचंबा गांव निवासी कमेश राम के पुत्र सचिन कुमार छह वर्ष को बीते 15 अगस्त को बिच्छू ने डंक मार दिया था,परिजनों ने बताया की उसे खुशबू क्लिनिक में लेकर पहुंचे पंकज कुमार ने बच्चे को दो तीन इंजेक्शन लगाया और कहा की बच्चे को तेज बुखार आएगा, घिंता की कोई जरूरत नहीं है, बच्चे को घर ले जाने को कहा, हमलोग उसे घर लेकर चले आएं। लेकिन कुछ ही घंटे के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो फिर उसे पंकज कुमार के पास देर शाम को लाए, उसने फिर इंजेक्शन दिया, इंजेक्शन देने के बाद उसका पूरा शरीर ठंड पड़ने लगा, हमलोग जब बाहर ले जाने के लिये डॉक्टर से बोले तो इलाज का पैसा मांगने लगा और पैसा के चलते तीन घंटे तक हमलोगों को क्लीनिक से बाहर जाने नहीं दिया। अंत में गांव के ही एक साथी से फोन पे पर 750 रुपया डॉक्टर के फोन पर भेजने के बाद हमलोगों को क्लीनिक से जाने दिया गया। बच्चे का शरीर पूरी तरह से शिथिल होने लगा आनन फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचे चिकित्सकों ने देखने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन सदर अस्पताल जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

कवर वायर में आग लगने बिजली आपूर्ति बाधित

मोहम्मदगंज। निर्विघ्न बिजली आपूर्ति पर सवाल उठाए जाने लगे हैं। जिसमें लोगों का कहना है कि धातु के तार टूटकर गिरने से भीड़भाड़ भरे इलाके यदाकदा अफरा- तफरी मचती रहती है। इसकी चपेट में आकर आदमी और जानवर की मौतें भी होती रही हैं। नगर अब कवर वायर के भी जल उठ रहे हैं। हाल ही में ऐसी ही घटना स्टेशन रोड बाजार पर दैनिक बाजार क्षेत्र में देखने को मिली थी। जिसमें मुख्य नहर के पास बिजली का एलटी लाइन सिंगल कवर केबल अचानक जलने लगा था। इससे अफरा-तफरी मच गई। समय रहते बिजली उपकेंद्र को जानकारी देकर विद्युतापूर्ति बंद करवाया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया। बाद में दुकानदारों की तत्परता से आग को बुझा दिया। जबकि बिजली मिस्त्री ने केबल को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल करा दिया। मालूम हो कि इसके पूर्व भी चार बार ऐसी घटना घट चुकी है। इससे केबल की गुणवता पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं, राजनडीह के पास 11 हजार केवीए के तार के गिरने से काफी देर आपूर्ति बाधित रही थी। इन तारों को बदले जाने के बाद भी टूटकर गिरने और जलने की घटनाओं ने नियमित और निर्विघ्न बिजली आपूर्ति के दावे की पोल खोल दी है।

परेशानी

धान की फसल को लेकर किसान चिंतित

फसल को चट करने लगे नीलगायों की झुंड

शंभू चौरसिया

मोहम्मदगंज। नीलगायों का झुंड अब धान की फसल को भी चट करने लगे हैं। इससे इस फसल के नुकसान को लेकर भी किसानों की चिंता बढ गई है। जबकि अमूमन, रबी सीजन में गेहूं के कोमल पत्तियों के अलावा अरहर, चना,मसूर, बीन,मटर, तीसी और सरसों की फसलों के दाने व कलियों को ही बड़े चाव से खाते थे। बताया जाता है कि नीलगायों के झुंड ने कुछ वर्ष पहले से खरीफ सीजन में लगाई धान की कोमल पत्तियों व बालियों को चट करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में विस्तृत जाननकारी साझा करते हुए लटपौरी पंचायत के ग्राम भगड़ा गांव के किसान निरंजन सिंह ने

बताया कि इन दिनों नीलगायों का आतंक काफी बढ़ गया है। जो खेतों में धावा बोलकर धान की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दे रहे हैं। कोमल पत्तियों व बालियों को खाने के बाद खेतों में ही सो जा रहे हैं। ऐसे में जितनी जगह में उनका शरीर पड़ा होता है, उतने जगह का फसल पूरी तरह से नष्ट हो जा रहा है। जिनकी धान की फसल को नीलगायों ने अबतक नुकसान पहुंचाया हैं, उनमें इनके अलावा दिलीप सिंह,विनोद सिंह, संतोष सिंह, प्रदीप सिंह, लालदेव सिंह और रंजीत सिंह सहित अन्य कई किसान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वनों से पेड़ों की कटाई और डायनामाइट से पत्थरों की तोड़ाई के कारण तीन दशक पहले से नीलगायों के झुंड मैदानी इलाकों में उतर आए हैं। तभी से इनके धावा बोलकर पहले रबी और अब खरीफ सीजन में फसलों के नुकसान पहुंचाने के कारण इसकी चिंता ने उनकी नींद हराम कर दी है। इस प्रकार इन फसलों को नीलगायों के झुंड से बचाना किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। किसानों का कहना है कि मैदानी इलाकों में इन फसलों के स्वाद मूंह लग जाने की वजह से शायद ही इनके झुंड जंगलों की ओर वापस लौट पाएंगे।

उपायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की, कहा-

संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी लाने की जरुरत

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर स्वास्थ्य विभाग के अलग-अलग सूचकांकों की समीक्षा की। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, ससमय आयरन की गोली देने, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीवी, वीएचएनडी कार्यक्रम की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। वहीं संस्थागत डिलीवरी में बढ़ोतरी लाते हुए उन्होंने संस्थागत डिलीवरी को 95 प्रतिशत से अधिक कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही। डीसी ने इसके लिये निजी होस्पिटल में होने वाले डिलीवरी का डाटा संकलन करने पर बल दिया। बैठक में गर्भवती महिलाओं का एएनसी शतप्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सीएचसी स्तर पर एएनएम की रिक्ति को लेकर समीक्षा की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को सीएस के पास एएनएम नहीं एएनएम के ना रहे,यह सुनिश्चित होना चाहिये। बैठक में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य मौसमी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उपचार पर भी विशेष चर्चा हुई। आयुष्मान योजना की समीक्षा के दौरान कवरेज बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीवीटीजी समूह का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने पर बल दिया। इसी तरह उन्होंने एएनसी रजिस्ट्रेशन फैमिली प्लानिंग, जन्म लेने वाले बच्चों के सभी आवश्यक टीकाकरण, इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, ट्यूबरक्लोसिस रिपोर्ट, सिकल सेल स्क्रीनिंग स्टेटस, अर्बन हेल्थ, मुख्यमंत्री असाध्य रोग/गंभीर रहने की सूची भेजने की बात कही, ताकि संबंधित को एएनएम उपलब्ध कराया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि एक भी हेल्थ सब सेंटर बगैर बीमारी योजना की समीक्षा की। मौके पर सीएस डॉ अनिल, विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

वज्रपात से बचाव को लेकर डीसी ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर वज्रपात से बचाव को लेकर रथ को रवाना किया। इस जागरूकता रथ में जागरूकता को लेकर लीफलेट्स के वितरण के साथ ही गिफ्ट्स फ़ॉर क्विज विनर के तहत अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मेटिगेशन प्रोजेक्ट फॉर लाइटिंग सेफ्टी के तहत चलाए गये इस अभियान में चैनपुर, नौडीहा बाजार, छत्तरपुर व हुसैनाबाद अंचल के चयनित पंचायतों में यह जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान में स्थानीय आमजनों को वज्रपात के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी, जिससे भविष्य में जनहानि को रोका जा सके। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक वर्ष वज्रपात से कई लोगों की जान चली जाती है।
ऐसे में सुरक्षा जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को वज्रपात के समय कौन-कौन सी सावधानी बरतनी चाहिये, इससे जुड़ी विस्तृत जानकारी सभी को दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चार अंचलों के विभिन्न ग्राम पंचायतों में यह रथ घूमेगा और वहां के स्थानीय निवासियों को आकाशीय बिजली से बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक करेगा। मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व संघचालक ध्रुव नारायण सिंह का निधन

- भाजपा महामंत्री मनोज सिंह के पिता थे, अंतिम संस्कार आज

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह के पिता एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग संघचालक, हमीदगंज निवासी ध्रुव नारायण सिंह का आज सुबह 8 बजे आरसी केयर लाइफ हॉस्पिटल, डालटनगंज में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही हमीदगंज स्थित निवास पर भाजपा कार्यकताओं, संघ परिवार के सदस्यों, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। सभी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। स्वर्गीय सिंह अपने पीछे चार पुत्र, पुत्रवधू, तीन पुत्री, नाती-पोते सहित भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 19 अगस्त, मंगलवार की सुबह 9 बजे राजा हरिश्चंद्र घाट, मेदिनीनगर में किया जाएगा।
शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रेम सिंह, पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, आरएसएस के राजीव रंजन सिंह, विभाकर नारायण पांडे, विजयनंद पाठक, भोला सिंह, शिवदीप सिंह, शिव कुमार मिश्रा, विजय ओझा, प्रदीप सिंहा, दिलीप तिवारी, जितेंद्र सिंह, अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, राहुल कुमार, अरुण सिंह, लूडू खान, छोटू सिन्हा, श्वेताग गर्ग, सरवन गुप्ता, अविनाश वर्मा, दीपक सिंह, रोहित पाठक, विजय राज, गिरीश जोरिहर, सतीश कुमार, जय दुबे, ए. बृजेश शुक्ला, पिंकू सिंह, प्रमोद रंजन, अभय सिंह, पप्पू, जितेंद्र तिवारी, मनोहर लाली, मुख्तार सिंह, मुन्ना सिंह, निलेश चंद्र, रणजीत मिश्रा, नदलाल गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, संजय कुमार, पंकज जयसवाल, विकास सिंह, अजय सिंह, किशन मखड़िया, मनदीप प्रजापति, दीपक तमोली, प्रभात गुप्ता, सुशील पाठक, विश्वजीत पाठक, आशीष भारद्वाज, कमलेश सिंह, दुदान सिंह, कन्हैया सिंह, जुगल किशोर, शिवकुमार, बिट्टू सिंह, बबलू सिंह, इस्कॉन ग्रुप के संजय पांडे, अरविंद सिंह, विकास सिंह समेत अन्य कई गणमान्य लोग शामिल रहे। स्वर्गीय ध्रुव नारायण सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों का उनके निवास स्थान पर लगातार आना-जाना जारी है।

आदि कर्मयोगी अभियान का उपायुक्त ने जिले में किया शुभारंभ

चार दिनों तक छह जिले के प्रशिक्षणार्थियों को दिया जायेगा ट्रेनिंग

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त समीरा एस ने सोमवार को जनजातीय मामलों के मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत 6 जिले के प्रशिक्षणार्थियों को आगामी 4 दिनों तक प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अभियान के तहत 17 डिपार्टमेंट के 25 ऐसे इंटरवेंशन को 30 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में 549 जिलों के 63843 गांवों में 5 करोड़ से ज्यादा जन जातिय समुदाय को कन्वर्जेंस के तहत लाभान्वित किया जाएगा। स्टेट मास्टर ट्रेनरों द्वारा इन सभी को ट्रेनिंग दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत झारखंड राज्य में 3 स्टेट प्रोसेस लैब दिनांक 18- 21 अगस्त 2025 तक आयोजित किए जा रहे है। इस प्रोसेस लैब के तहत स्थानीय रमाडा होटल में 6 जिले पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, लोहरदगा, लातेहार एवं रामगढ़ के 7 सरकारी विभागों जिसमें पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट, वन विभाग, ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट, पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट, पब्लिक हेल्थ एवं सैनिटेशन डिपार्टमेंट आदि सम्मिलित है। इस अवसर पर जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बीएन प्रसाद द्वारा दिल्ली से वीसी के जरिये प्रतिभागियों के साथ वार्ता की गयी। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल समेत अन्य उपस्थित रहे। विदित हो कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत आदि कर्मयोगी अभियान की शुरूआत की गयी है।

धूमधाम से मनाई जाएगी दुर्गा पूजा : राजकुमार चंद्रवंशी

नवीन मेल संवाददाता

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चन्दों में धर्म समाज कल्याण समिति जय भवानी संघ चंदो दुर्गा पूजा समिति की बैठक रविवार को अशोक पेड़ चंदो के पास किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का 70वां वर्षगाठ मनाने हेतु बैठक किया। जिसमें पूर्व से चलते आ रहे अध्यक्ष ने सर्व सहमति से राजकुमार चंद्रवंशी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सुरेश यादव, सचिव सुधीर प्रजापति,महामंत्री सुदर्शन प्रसाद,कोषाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, पूजा मंत्री प्रमोद कुमार सिंह, मनोरंजन मंत्री सुरेश कुमार सिंह, संरक्षक राजेंद्र सिंह को बनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा का 70वां वर्षगाठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। साथ ही साथ संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। जो भक्त श्रृद्धाजंलियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस मौके पर कमेटी के सैकड़ों सदस्य एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

सरकारी अस्पतालों में भी चल रहा निजी क्लिनिक व पैथोलॉजी का धंधा

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। सरकारी अस्पतालों में अधिकांश बीमारी की जांच की मशीन और संबंधित स्टाफ रहने के बावजूद निजी क्लिनिक और पैथोलॉजी का धंधा चल रहा है। हैदरनगर के कबरा खुर्द गांव निवासी बुखार से पीड़ित एक बच्ची स्थानीय अस्पताल में इलाज कराने सोमवार को आई है। ऑन ड्यूटी चिकित्सक डॉ. ज्योतिष कुमार ने जांच लिखकर अस्पताल के लैब टेक्नीशियन शकील अहमद के पास भेज दिया। शकील अहमद यह कहकर रोगी के परिजन से 800 रुपए की मांग की, कहा कि यहां पर जांच सुविधा नहीं है, बाहर से मंगाना पड़ेगा।
अस्पताल में निजी जांच केंद्र का कलेक्शन सेंटर चलाये जाने से क्षुब्ध परिजन हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार से शिकायत की है। उन्होंने जांच कर दोषी चिकित्सक और कर्मी पर कर्मी पर कार्रवाई करने की बात कही है। सूत्रों के अनुसार चिकित्सक की मर्जी से पुराना थाना रोड में वर्षों से नेशनल मेडिकल और जांच केंद्र भी संचालित है। जहां मरीजों का आर्थिक भयादोहन किया जाता रहा है। इस तरह कई लोगों का जांच के लिए सेंपल और पैसा प्रतिदिन लिए जाने की बात भी उभरकर सामने आई है। इस निजी केंद्र पर यही चिकित्सक के निजी क्लिनिक खुलते ही अपराह्न तीन बजे रिपोर्ट दे दिया जाता है।

राजस्थान की पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में पलामू के दो युवकों को किया गिरफ्तार

मेदिनीनगर। राजस्थान की पुलिस ने साइबर ठगी करने के मामले में पलामू जिले के दो युवकों को गिरफ्तार कर राजस्थान ले जाने की प्रक्रिया में जुट गई है। इस संबंध में राजस्थान से आए एसआई रोहित कुमार और बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इन दोनों युवकों के अकाउंट में ठगी का एक करोड़ रुपया आया था। जिसके आधार पर पुलिस दोनों युवकों को गिरफ्तार कर ली है।राजस्थान ले जाकर दोनों युवकों से ठगी के मामले के बारे में गहन पूछताछ की जाएगी।

संत मरियम विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन, बच्चों ने राधा-कृष्ण बन प्रस्तुत की झांकियां

आदर्श मूल्यों व नैतिकता का पाठ पढ़ाता है श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व : अविनाश देव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम आवासीय विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियाँ सभी का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा के रूप में मनमोहक झांकियां निकालीं। 'माखन चोर' कृष्ण की नटखट लीलाओं को दशार्ते हुए नृत्य, नाटिकाएं प्रस्तुत की गईं। इसके अलावा, छात्रों ने सुमधुर भजनों और गीतों से समां बांधा। बच्चों ने दही- हांडी भी तोड़ा। विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव अपने संबोधन में कहा की ऐसे पर्वों का आयोजन बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह पर्व उन्हें अच्छे मूल्यों और नैतिकता का पाठ पढ़ाता है। आगे उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन हमें कर्म, धर्म और प्रेम का संदेश देता है। उनका संपूर्ण जीवन हमें सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी हमें सच्चाई और धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। बताया कि श्री कृष्ण ने जिस तरह अर्जुन को धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया, उसी तरह हमें भी अपने जीवन में सही रास्ते का चुनाव करना चाहिए और अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। उक्त मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी, मनोज कुमार, विकास विश्वकर्मा, सुजीत कुमार, नृत्य प्रशिक्षक शंतन कुमार, ईशा कुमारी, रितिक कुमार, अन्य कर्मचारी व सैकड़ो बच्चे मौजूद थे। यह आयोजन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया, जिससे उनमें भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना और भी गहरी हुई।

स्वतंत्रता दिवस पर पेयजल स्वच्छता कार्यालय में नहीं हुआ झंडोतोलन

भंडरिया। मुख्यालय स्थित पेयजल स्वच्छता कार्यालय में इस बार स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एक शर्मनाक लापरवाही सामने आई। देशभर में जहां 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति के जोश के साथ मनाया गया, वहीं इस कार्यालय में न तो झंडा फहराया गया और न ही कोई कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इसे राष्ट्रध्वज का अपमान बताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। सूत्रों के अनुसार, प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रखंड स्तरीय बैठक में झंडोतोलन का समय सुबह 10:35 बजे तय किया गया था। लेकिन जब ग्रामीण और कुछ पूर्व कर्मचारी समय पर पहुंचे, तो पाया कि पूरा परिसर वीरान पड़ा है। न कोई अधिकारी, न कर्मचारी और न ही तिरंगे की मौजूदगी। यह स्थिति देखकर लोगों में निराशा और गुस्सा फैल गया। भंडरिया ब्लॉक की स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी और तब से लेकर अब तक पेयजल स्वच्छता कार्यालय के प्रांगण में हर साल 26 जनवरी और 15 अगस्त को झंडोतोलन की परंपरा निभाई जाती रही है। सेवानिवृत्त कर्मचारी उस्मान अंसारी ने बताया, मैं पांच वर्ष पहले सेवा से निवृत्त हो चुका हूं। लेकिन कनियअभियंता के आदेश पर कई बार मैंने स्वयं झंडा फहराया है। यहां तक कि पिछली 26 जनवरी को भी मैंने यह जिम्मेदारी निभाई थी। उन्होंने आगे कहा, इस बार भी मैंने कनिय अभियंता अमर राज को सूचित किया, लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया। उनका कहना था कि वे भंडरिया नहीं आ पाएंगे और किसी को भी झंडा फहराने की अनुमति नहीं देंगे। इस आदेश के बाद झंडोतोलन का कार्य पूरी तरह रद्द कर दिया गया। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एक लिखित शिकायत तैयार की है, जिसे जिला प्रशासन को भेजा जाएगा। भंडरिया जैसे ऐतिहासिक प्रखंड में, जहां आजादी की यादें और बलिदान की कहानियां अब भी जीवंत हैं, वहां इस तरह की घटना प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करती है। लोगों का कहना है कि यह केवल एक झंडे का मुद्दा नहीं, बल्कि देशभक्ति, परंपरा और सम्मान की रक्षा का सवाल है।

नरही गांव में अल हिदायाह सोसाइटी का गठन

श्रीबंशीधर नगर। प्रखंड क्षेत्र के नरही गांव में सामाजिक एकता, शांति और समानता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अल हिदायाह सोसायटी का गठन किया गया है। इस सोसायटी का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद, गरीब और वंचित वर्ग के लोगों की सहायता करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। सोसायटी के सदस्य प्रत्येक माह एक निश्चित धनराशि सहयोग के रूप में जमा करेंगे, जिससे समाज सेवा से जुड़ी गतिविधियों को गति दी जाएगी। संस्था की बैठक हर माह के अंत में आयोजित की जाएगी, जिसमें कार्यों की समीक्षा व आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। निर्णय प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक होगी, जिसमें किसी भी प्रस्ताव को पास करने के लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक होगा।
हाल ही में नरही मदरसा में सोसायटी की दूसरी बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता डॉ. कैसर आलम ने की। इस अवसर पर नरही गांव के वरिष्ठ सरपरस्त नसीर अंसारी की विशेष उपस्थिति रही। अंजुमन कमिटी ने अल हिदायाह सोसायटी का स्वागत करते हुए इसे समाज के लिए एक सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम में सोसायटी के प्रमुख सदस्यों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। डॉ. कैसर आलम ने कहा कि, ह्अल हिदायाह सोसायटी का उद्देश्य केवल सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि आपसी भाईचारा, सहयोग और समानता की भावना को मजबूत करना है। हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति खुद को समाज का अभिन्न हिस्सा महसूस करे और जरूरतमंदों तक समय पर मदद पहुंचे।इस अवसर पर नायब सदर महमूद अंसारी, सचिव महताब अंसारी, खजांची डॉ. कुतुबुद्दीन अंसारी, सरपरस्त नसीर अंसारी, डॉ. असगर अंसारी सहित कई अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

नेमरा की रफ़्तार, बाकी गांवों का इंतजार : गोरखनाथ चौधरी

खरौंधी(गढ़वा)। पूर्व उपप्रमुख गोरख नाथ चौधरी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार से तीखे सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नेमरा गांव, जो पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन एवं तीन बार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैतृक गांव है, वहां महज दस दिनों में सड़क, बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा दी गईं। सरकार के निर्देश पर अफसरों ने रात-दिन काम किया और नेमरा गांव देखते ही देखते वाई-फाई युक्त रोशनी से जगमगाने लगा। गोरखनाथ चौधरी ने सवाल खड़ा किया कि आखिर यह विकास केवल नेमरा तक ही क्यों सीमित है? अगर नेमरा गांव में 10 दिनों में यह सब संभव हो सकता है, तो झारखंड के अन्य गांवों में क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि एक साधारण योजना को पूरा करने में विभाग दशकों लगा देता है, जबकि नेमरा में ठेकेदारों ने बिना टेंडर फंड पाकर तेजी से काम पूरा कर दिया। पूर्व उप प्रमुख ने कहा कि यह सोचने वाली बात है कि क्या विकास केवल इसलिए संभव हुआ क्योंकि नेमरा किसी बड़े नेता का गांव है। चौधरी ने कहा कि झारखंड के हर गांव का हक है कि वह भी 10 दिनों में सड़क और रोशनी देख सके। चौधरी ने उम्मीद जताई कि सरकार इस प्रकरण से सबक लेकर अपनी कुंभकर्णी नींद से जागेगी और पूरे झारखंड को नेमरा बनाने की दिशा में कदम बढ़ाएगी, ताकि विकास का लाभ हर गांव और हर नागरिक तक पहुंच सके।

चिनियां स्वास्थ्य केंद्र में जल्द हो डॉक्टरों की नियुक्ति : मुखिया

चिनियां। करोड़ों की लागत से तैयार हुआ चिनियां स्वास्थ्य केंद्र इस समय अव्यवस्था और बदहाली का शिकार है। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के पद खाली रहने से आम लोगों को इलाज में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर सोमवार दोपहर करीब 2 बजे गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के माध्यम से चिनीयां प्रखंड के बिलैतीखैर पंचायत मुखिया गोपाल कुमार यादव ने एक मांग पत्र झारखंड सरकार को सौंपा गया। मांग पत्र में कहा गया है कि चिनियां स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटा स्वास्थ्य सेवा शुरू करना अति आवश्यक है। इसके लिए कम से कम दो डॉक्टर, तीन एनएम की नियुक्ति और अल्ट्रासाउंड और जांच व्यवस्था तत्काल बहाल की जानी चाहिए। मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कम से कम दो गार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे मरीजों और आम जनता को सुरक्षित और सुलभ इलाज मिल सके। अंत में विधायक के माध्यम से यह आग्रह किया गया कि झारखंड सरकार चिनियाँ स्वास्थ्य केंद्र की समस्या का त्वरित समाधान करे और जनकल्याण के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं अविलंब बहाल की जाएं।

चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक

श्री बंशीधर नगर। रांची प्रेस क्लब में रविवार को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा, झारखंड प्रदेश की युवा इकाई की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता युवा प्रदेश अध्यक्ष आकाश रवानी ने की, जबकि संचालन युवा प्रदेश महामंत्री धनंजय चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत समाज के वरिष्ठजनों द्वारा पुष्पगुच्छ देकर नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष आकाश रवानी का स्वागत कर किया गया। इस दौरान संगठन को सशक्त बनाने के लिए कई नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। नितिन चंद्रवंशी को श्री बंशीधर नगर गढ़वा जिला से प्रदेश युवा उपाध्यक्ष, नीतीश चंद्रवंशी को चतरा से सोशल मीडिया प्रभारी, अनिकेत कुमार को पलामू से संयुक्त सचिव, बिट्टू वर्मा को हजारीबाग से सचिव, डॉ. अजीत को रांची से कार्यकारिणी सदस्य तथा कुमार समीर को रांची से प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। अपने संबोधन में अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को अब तक उसके हिस्सेदारी के अनुरूप राजनीतिक अधिकार नहीं मिला है, जिसे हासिल करने के लिए गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा। वहीं महामंत्री धनंजय चंद्रवंशी ने कहा कि अब चंद्रवंशी समाज जागरूक हो चुका है और हक-अधिकार की लड़ाई को पूरी मजबूती से लड़ा जाएगा। इस मौके पर राष्ट्रीय महिला महामंत्री रेखा वर्मा, निर्मला सिंह, सरवन राम सहित दर्जनों समाजसेवी और पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक समाज की एकजुटता और अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा देने वाली साबित हुई।

नवविवाहिता की मौत पर परिवारवालों का हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

भंडरिया। (गढवा)भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पाट मे संदेहास्पद स्थिति में नवविवाहित की मौत के बाद लड़की पक्ष वालों ने लडका के घर पहुंचकर जमकर बवाल मचाया। बाद में पुलिस प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों के पहल मामलें को शांत कराया गया और शव का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम ने बताया कि भंडरिया थाना क्षेत्र के पाट गांव निवासी सुधन भुईया के पुत्र धनजंय भुईया की शादी पलामू के नावाबजार थाना क्षेत्र के रबदा गांव निवासी रमेश भुईया की पुत्री उगनी कुमारी के साथ हिन्दु रितिवाज के साथ 6 मई 2025 को संपन्न हुआ था। जुलाई माह में दोनों

दंपति अपने भरण पोषण के लिए गांव के ही अन्य लोगों के साथ कमाने चेन्नई गए हुए थे। इसी दौरान 15 अगस्त 2025 को उगनी देवी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई थी। चेन्नई पुलिस प्रशासन के द्वारा एफआईआर दर्ज करतें हुए सारी कानूनी प्रक्रिया पूरी करने व शव का पोस्टमार्टम करने बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए उसके पति धनजंय भुईयां को सौंप दिया। धनंजय भुईया अपनी पत्नी की शव को लेकर जब अपने घर पाट पहुंचा तो पहले से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग उसके घर पहुंचकर हल्ला कर रहे थे और हत्या करने की बात कह कर शव को अंतिम संस्कार नहीं करने देने पर अड़ गए।

महिला प्रतिनिधियों को सशक्त पंचायत अभियान के तहत प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

केतार। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार में सोमवार को सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रमुख चंद्रावती देवी , प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, दिनेश कुमार पाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी महिला मुखिया और महिला वार्ड सदस्यों ने भाग लिया। प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व क्षमता को सशक्त करना और पंचायती राज व्यवस्था में उनकी सक्रिय भूमिका को मजबूत बनाना है।प्रशिक्षणकर्ता लालपति कुमारी और निगार सुल्ताना ने महिला प्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं, प्रबंधन कौशल, वित्तिय साक्षरता, और निर्णय लेने की क्षमता पर मार्गदर्शन दिया। उन्हें बताया गया की कैसै गांवों में महिलाओं और बालिकाओं को सशक्तिकरण, शिक्षा और नेतृत्व क्षमता के विकास के लिए काम करना है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिला प्रतिनिधियों को अपने हक,अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपने क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में सहयोगी दिनेश पाल, राहुल कुमार,मुखिया ललिता देवी, बसंती देवी,निलम देवी, सहित महिला वार्ड सदस्यों शामिल थे।

पुलिस टीम पर आरोपी ने किया हमला, दो जवान व चालक घायल

नवीन मेल संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के चपरि गांव में रविवार को एक मामले में जांच करने गई पुलिस टीम पर एक आरोपी ने हमला कर दिया। जिसमें दो जवान और पुलिस का चालक घायल हो गए। जिन्हें भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया। मामले की नजाकत को देखते हुए आरोपी गोविंद कुमार पिता सुरेश साह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना के बारे में थाना पुलिस के एसआई निरंजन शर्मा ने बताया कि चपरी गांव निवासी मानमती देवी पति सुरेश साह के द्वारा अपने पति सुरेश साह के खिलाफ मारपीट करने की लिखित शिकायत मिला था जिसको जांच के लिए रविवार की शाम दो पुलिसकर्मी के साथ गया था। जहां पूछताछ के दरम्यान सुरेश साह का पुत्र गोविंद कुमार ने जवानों के साथ उलझ गया और हथियार छीनने का प्रयास किया। इसी बीच जवानों के साथ भी मारपीट में दो जवान सकेंद्र राम, सोनू कुमार और चालक आशीष कुमार को हल्की चोटें आई है।

मझिआंव प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

मझिआंव। नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के हर गांव-मोहल्ले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में दो दिनों तक धार्मिक माहौल छाया रहा। पहले दिन गृहस्थ श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया। देर रात 12 बजे भगवान के जन्म के साथ ही घंटा-घड़ियाल व शंखध्वनि से वातावरण गूंज उठा। वहीं दूसरे दिन साधु-संतों, ऋषि-महर्षियों एवं भक्तों ने बड़े ही उल्लास के साथ भजन-कीर्तन व पूजा-पाठ कर जन्माष्टमी महोत्सव को जीवंत बना दिया। हर साल की भांति इस वर्ष भी राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के कई देवस्थानों पर जन्माष्टमी का आयोजन धूमधाम से किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक सोहर व भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, तो वहीं पुरुषों और युवाओं ने भी भजन मंडली के जरिए माहौल को भक्तिमय बना दिया। जन्माष्टमी पर महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बच्चियों ने निर्जला उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

खरौंधी प्रखंड प्रमुख आभा रानी के नेतृत्व में टीम गोवा रवाना

पंचायत एवं ग्रामीण विकास योजनाओं की करेंगे अध्ययन

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग की पहल पर रविवार को राज्य के विभिन्न जिलों के पंचायत प्रतिनिधियों की 28 सदस्यीय टीम रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से गोवा के लिए रवाना हुई। यह प्रतिनिधिमंडल छह दिनों तक गोवा में रहकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी सफल योजनाओं का अध्ययन करेगा।इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों की प्रगतिशील योजनाओं और कार्यप्रणाली से परिचित कराना है, ताकि वे इन अनुभवों को अपने क्षेत्र में लागू कर ग्रामीण विकास की रफ्तार को और तेज कर सकें।

प्रमुख आभा रानी का बयान

खरौंधी प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने रवाना होने से पहले कहा कि गोवा सरकार की पंचायत व्यवस्था और विकास कार्यों को नजदीक से देखना हमारे लिए एक बड़ा अवसर है। खासकर स्वच्छता प्रबंधन, जल संरक्षण और महिला आधारित आजीविका के क्षेत्र में गोवा ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, उन्हें हम सीखकर अपने पंचायतों में लागू करने का प्रयास करेंगे। मुझे विश्वास है कि इस दौरे से हमें व्यावहारिक अनुभव मिलेगा, जो हमारे गांवों के विकास का नया अध्याय लिखेगा। मैं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी और पंचायती राज मंत्री दीपिका सिंह पांडेय जी की आभारी हूं, जिन्होंने हमें यह अवसर दिया।

विकास की नई दिशा

विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे एक्सपोजर विज़िट पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाने और ग्रामीण जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होते हैं।खरौंधी के लोगों को उम्मीद है कि प्रखंड प्रमुख आभा रानी इस दौरे से मिले अनुभवों को धरातल पर उतारकर क्षेत्र में विकास का नया अध्याय लिखेंगी।

e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,
e-Procurement Notice
(Short Notice)
Tender Ref. No.-13/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26, Date: 18.08.2025

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Panki Palamu, Jharkhand.	Rs. 2,97,32,100.00	11 Months
2.	Proposed Construction of Weigh Bridge and Operator Room with 1000 MT Godown at Haidernagar, Palamu, Jharkhand.	Rs. 2,97,32,100.00	11 Months
i	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	26-08-2025	
ii	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	09-09-2025 को अपराह्न 3:00 बजे	
iii	निविदा खोलने की तिथि/समय	10-09-2025 को अपराह्न 3:00 बजे	
iv	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	e-Procurement Cell, Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj	
v	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	9430783582	
vi	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	9529503499	

● इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।
PR 359753 Building(25-26)D

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
(डी0एम0एफ0टी0 मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/18/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट में RENOVATION OF CLASS ROOM BUILDING AT PTG GIRLS RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT का कार्य।	2178300	43600	5000	2 माह
2	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट में CONSTRUCTION OF AGANWADI KENDRA AT AIGU NETARHAR का कार्य।	1903700	38100	5000	2 माह
3	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत नेतरहाट में CONSTRUCTION OF AGANWADI KENDRA AT BATUATOLI NETARHAR का कार्य।	1878600	37600	5000	2 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2025 से दिनांक 26.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।
PR.NO.359733 Rural Development(25-26):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज
Email Id- ee-pal@jharkhandmail.gov.in, rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com,
Phone No.-06562357595

पत्रांक..... दिनांक.....

PR No.-353467
पुर्न कोटेशन आमंत्रण सूचना (3rd Call)

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, RCPLWEA/PM-JANMAN अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में वन भूमि से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु परामर्शी नियुक्त करने हेतु निम्न शर्त्तो के अधीन कोटेशन आमंत्रित किया जा रहा है जिसमें पथों की सूची निम्नवत है:–

क्रमांक	प्रखंड	मद	योजना का नाम	लंबाई (कि0मी0/मी0 में)
1	Chhattarpur	RCPLWEA	Khairohar to Silda Kala via Barkhar Rajderwa Bakaspur road	8.13
2	Chhattarpur	RCPLWEA	Sahpur to Hulasi Ghat	3.82
3	Patan	RCPLWEA	Gram Role to Teliya Sikni Road	5.37
4	Patan	RCPLWEA	Gram Kaswakhad to Gram Budhi Road	6.47
5	Chhattarpur	RCPLWEA	HL RCC Bridge over Sathi river at chainage 300m of Dagra to Ratnag via Katarwati	20.64m
6	Chhattarpur	RCPLWEA	HL RCC Bridge over sathbaheni river at dagra picket to salwe	20.64m
7	Bishrampur	PMJANMAN	L023-Khumbhi Khurd More To Theki	3.500
8	Bishrampur	PMJANMAN	L024-PMGSY Road Pandu Pathalbandhwa To Barwahi Via Machawa Damar	5.000
9	Chainpur	PMJANMAN	L025-RCD Salatuwa to katting korwa tola	0.600
10	Chainpur	PMJANMAN	L023-Nawadih sungai to korwa tola via Nawadih Barwa tola to karwa	3.137
11	Chainpur	PMJANMAN	L028-Baherrakharh Bazaar To Benidih Kabra Bathan Bridge	7.900
12	Chainpur	PMJANMAN	L029-Kaachan To Teenkoniya Main Road	6.040
क्रमांक	प्रखंड	मद	योजना का नाम	लंबाई (कि0मी0/मी0 में)
13	Chainpur	PMJANMAN	L030-Mahaut Muriya To Khairahi via Datam Madgada Road	5.000
14	Chainpur	PMJANMAN	L031-Pmgsy Road Kundpani To Sarahuwa Via Beli Road	5.500
15	Chainpur	PMJANMAN	L032-Nawa (Biyadohar) To Mahut Muriya via Datam	5.700
16	Chainpur	PMJANMAN	L033- Islamnagar More To Dhamanawa Main Road	7.500
17	Chainpur	PMJANMAN	L034-Mission School Chowk To Berma Masjid Chowk Road	5.100
18	Chainpur	PMJANMAN	L035-Chainpur Barwadih PWD Road to Margara via Chungra Bansdih	6.230
19	Chattarpur	PMJANMAN	L021-Madanpur REO ROAD Pindrahi To Aahri Padriya Tola	6.010
20	Chattarpur	PMJANMAN	L022- PWD Road Dundur Tardih To Dundur Road	4.810
21	Chattarpur	PMJANMAN	L023- NH -98 Kurauli Road To Kurauli Padriya Tola Road	1.900
22	Chattarpur	PMJANMAN	L024-REO Road Lebar More To Tuktuka Road	3.300
23	Chattarpur	PMJANMAN	L025-PMGSY Road Arar Duptiya To Thekhi Via Ara Road	6.500
24	Chattarpur	PMJANMAN	L026-Taradag More To Dindi Parhaiya Tola	3.300
25	Manatu	PMJANMAN	L021-Nagad Pmgsy Road To Daldaliya Road	1.900
26	Manatu	PMJANMAN	L022-Mitar Pmgsy Road To Jashpur chirikurd road	11.400
27	Manatu	PMJANMAN	L023-Jaspur To Singtuta Kusha Road	9.300
28	Panki	PMJANMAN	L021-Mukta to Rengai Via Hoiyo	4.750

जिसकी शर्त्ते निम्नवत है :–
1. कार्य अवधि 180 दिन होगा जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकता है ।
(शर्त्ते लागू)
2. कोटेशन दाता झारखंड राज्य का होना चाहिए ।
3. कोटेशन दाता को झारखंड राज्य में GST निबंधित होना अनिवार्य होगा । इस हेतु GST निबंधन प्रमाण –पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही आयकर अधिनियम के अंतर्गत निबंधित होना भी अनिवार्य होगा । GST एवं आयकर का अद्यतन रिर्टन दाखिल किया हुआ होना चाहिए।
4. कोटेशन दाता को स्वच्छ आचरण धारी होना चाहिए । इसे हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अद्यतन आचरण–प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा ।
5. कोटेशन दाता को संबंधित कार्य का 3 वर्ष का कार्यानुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
6. कोटेशन दाता के पास संबंधित कार्य हेतु पर्याप्त Man Power होना चाहिए, जिससे संबंधित शपथ–पत्र संलग्न करना होगा ।
7. कोटेशन दर सभी कर सहित होना चाहिए ।
8. सफल कोटेशन दाता को अनुमोदित कोटेशन राशि का 5 प्रतिशत अग्रधन की राशि FD के रूप में जमा करना होगा ।
9. सफल कोटेशन दाता का भुगतान नियमानुसार सभी करों की कटौती कर की जायेगी।
10. कोटेशन आमंत्रण सूचना के शर्त्तो के परिवर्त्तन किया जा सकता है ।
11. आमंत्रित कोटेशन को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

उक्त आलोक में इच्छुक परामर्शी दिनांक 19.08.2025 से 26.09.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक बन्द लिफाफा के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज ।
PR.NO.359680 District(25-26):D

न्यूज बॉक्स

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

चंदवा। थाना क्षेत्र के अलौदिया पंचायत की एक लड़की से दुष्कर्म के आरोप में अजय मुंडा पिता एतवा मुंडा (पतराटोली, चंदवा) को चंदवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कांड संख्या 192/25 दर्ज कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया।

रुहून अमीन बने रजा यूनिटी फाउन्डेशन के जिला अध्यक्ष

महुआडांड़। रजा यूनिटी फाउन्डेशन नावागढ़ अम्बिकापुर छत्तीसगढ़ के संस्थान के द्वारा रुहून अमीन के कार्य को देखते हुए लातेहार जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके लिए रुहूल अमीन को नियुक्ति पत्र देकर कहा गया कि अपने पद और गरिमा को ध्यान में रखते हुए रजा यूनिटी फाउन्डेशन संस्थान को मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे। साथ ही संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हुए अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे। वहीं रजा यूनिटी फाउन्डेशन के जिला अध्यक्ष बनने के बाद रूहून अमीन ने कहा कि संगठन के प्रति पूरी निष्ठा रखते हुए संगठन के द्वारा दिए गए कार्यों का निर्वहन करने का हर संभव कोशिश करूंगा। संगठन को आगे ले जाने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।

अहीरपुरवा कादरी नगर में शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम

बेतला (लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के अहीरपुरवा कादरी नगर में शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सह विधानसभा समिति के सभापति रामचंद्र सिंह के साथ जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस के प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता हेसामूल अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अधिवक्ता प्रिंस प्रसाद, युवा समाजसेवी समीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू बीपीओ कमलेश सिंह समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में हजरत सैयद शाह वलीउल्लाह अहमद ज्या कादरी के साथ साथ झारखंड बिहार और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्य से इस्लाम धर्म के जानकार और शायर शिरकत करने पहुंचे हुए हैं।

सांसद प्रतिनिधि बनाए गए लक्ष्मण कुशवाहा

बालूमाथ। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा को जिला परिषद विभाग के जिला सांसद प्रतिनिधि बनाए गए हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने चतरा स्थित निजी कार्यालय पर एक सादे समारोह का आयोजन कर कुशवाहा को लातेहार जिला सांसद प्रतिनिधि का प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही सिंह ने लातेहार जिला उप विकास आयुक्त सहित संबंधित विभाग को पत्राचार कर सूचित किया गया है। वहीं जिला सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर कुशवाहा ने सांसद कालीचरण सिंह को आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस उम्मीद के साथ माननीय सांसद कालीचरण सिंह ने मुझे जिला परिषद विभाग का सांसद प्रतिनिधि चुना है, मैं उस उम्मीद पर खरा उतरने का पूरा कोशिश करूंगा। कुशवाहा को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर पार्टी के कार्यकर्ता विनय सिंह, बैजनाथ यादव ,पंकज सिंह, अमलेश सिंह,रामकुमार गुप्ता, गजेंद्र हिमांशु रघुनंदन सोनी,शशि शेखर, रंजीत जायसवाल,उमेश सिंह विजय यादव, संजय यादव, अमित कुमार अर्जुन साव, प्रेम प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र साव, सुनील पांडे, संजीव सिन्हा, अनूप कुमार वर्मा, रविन्द्र कुमार गुप्ता,अजय तिवारी, प्रमोद कुमार, तुलसी प्रसाद, विजय ठाकुर, ननेश्वर गुप्ता, प्रवेश कुमार सोनी प्रमोद साव, मोहन पांडे सहित सैकड़ों लोगों के नाम शामिल है।

मारपीट को लेकर दो पक्षों ने दिया आवेदन

महुआडांड़। थाना अंतर्गत रविवार को देर शाम मार पीट को लेकर दो ममाले दर्ज किए गए। जिसमें पहला पक्ष रजनीकांत पांडेय पिता राजेश्वर पांडेय ग्राम चाकन्द गया बिहार वर्तमान में साई हाईवे कंस्ट्रक्शन बांसकरचा एकलव्य विद्यालय महुआडांड़ में जेई के रूप में कार्य करते है। रविवार 11 बजे दिन को भंडार गली इमली पेड़ के पास महुआडांड़ में मेरे साथ देवानंद और उसके बेटे द्वारा फोन कर बुलाकर गाली-गलौज कर मार पीट किया। जिससे रजनीकांत का सर फट गया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। वहीं दुसरा पक्ष देवानंद प्रसाद पिता स्व अन्तरयामी प्रसाद ग्राम अम्बाटोली थाना महुआडांड़ ने थाने में आवेदन देकर बताया कि मेरा ट्रैक्टर बांसकरचा स्थित एकलव्य विद्यालय में काम करता है। जिसका साईट मैनेजर रजनीकांत पांडेय है। जो मेरा गाड़ी से तोडफोड ले आये। जिसका मैं विरोध किया। इस लेकर दोनों पक्षों कहा सुनी हो गई। जो बढ़ते मारपीट में बदल गई। मेरे साथ मारपीट कर सोने का चैन और गले लोकेट लुट कर ले गया। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच कर उचित कार्रवाई किया जाएगा।

अंबवाटोली पंचायत भवन में एक दिवसीय कैंप का आयोजन

महुआडांड़। प्रखंड अंतर्गत अंबवाटोली पंचायत भवन में दिन सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक महुआडांड़ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय पंचायतस्तरीय सेचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प लगाने का उद्देश्य प्रधानमंत्री जन धन योजना के दस वर्ष सफलता पूर्वक पूरे हो गए। इसलिए वैसे बचत खाते को रिएक्टीवेट किया गया जो कई कारणों से बंद पड़ा था या चालू नहीं हो पाया था। कुछ ऐसे भी खाते आए जिनका केवाईसी नहीं था वैसे खाता का केवाईसी किया गया। कैम्प के दौरान प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत नए खाते खोले गए। वही भारतीय स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर भीन्सलेस लकड़ा ने कहा कि हम अपने ग्राहकों के बीमा एवं पेंशन हेतु दृढ़ संकल्पित है। वहीं ग्रामीणों को भारत सरकार के द्वारा प्रायोजित मुख्य योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन जैसे कई योजनाओं के प्रेरित किया गया। मौके पर अंबवाटोली सी एस पी संचालक अंकित कुमार,पी एल भी इन्द्रनाथ प्रसाद, आजाद अहमद सहित ग्रामीण मौजूद थे।

पुलिस ने जब्त किया बालू लदा ट्रैक्टर

प्रतापपुर (चतरा)। प्रतापपुर थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। अंचलाधिकारी विकास कुमार टुडू के निर्देश पर पुलिस ने जोरी-प्रतापपुर मुख्य पथ पर केवलिया के पास एक ट्रैक्टर को अवैध बालू लादकर ले जाते हुए जब्त कर लिया। थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि ट्रैक्टर चालक से बालू से संबंधित कागजात मांगे गए, लेकिन कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कर दिया गया है। पुलिस-प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप है। प्रशासन ने साफ संकेत दिया है कि अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों को अब छोड़ा नही जायेगा।

सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत, कई घायल

कान्हाचट्टी (चतरा)। राजपुर थाना क्षेत्र के बकचुम्मा पंचायत अंतर्गत कोसमाडीह गांव से आ रही टेंपो चोर मोड़ के पास ड्राइवर का संतुलन बिगड़ने से सड़क के किनारे पलट गया। जिस्से ऑटो रिक्शा में सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकी सवार अन्य घायल हो गए। सभी ऑटो चतरा की ओर जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही एसआई मनीष कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर ऑटो को जप्त करते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। लोगों ने बताया कि कोसमाडीह निवासी उमेश राणा की पत्नी कंचन देवी की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही गांव में कोहराम मच गया। वहीं, पुलिस शव को मृतका के परिजनों के सहयोग से पोस्टमार्टम के प्रक्रिया में लग गई।

बारियातू के झारखड बालिका आवसीय विद्यालय में लगी आग, कई सामग्री जले

● गार्ड की सुझबूझ से आग पर पाया गया काबू

नवीन मेल संवाददाता

बारियातू। प्रखंड के मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास में सोमवार को सुबह आग लग जाने के कारण विद्यार्थियों के सोने का बेड उनके समान व किताबें पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई। स्कूल का गार्ड अंकित उरांव ने अपनी सूझबूझ और अन्य स्टाफ अंसु कुमारी, रेनु कुमारी छात्राओं के सहयोग से आग पर काबू पाया। मौके पर सूचना पाकर अग्नि समक वाहन पहुंचे, तब तक लगभग आग पर काबू पाया जा चूका था। अग्नि समक सेवक मनोज कुमार सिंह व राम विलास उरांव ने छात्राओं को आग पर नियंत्रण के तरिकों की जानकारी दी। इस संबंध में वार्डन कान्ति कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया की आवास मे लगे हालौजन लाइट के पास शॉर्ट सर्किट हुआ उसी से आग लग गया। आवास में बेड सहित बच्चों के किताबें वह अन्य सामान जलकर राख हो गया। यह घटना लगभग 6 बजे सुबह को हुई है। उस समय सारे छात्राए पीटी के लिए बाहर निकली हुई थी। जिसके कारण एक बड़ा हादसा टल गया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रतापपुर (चतरा)। प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस 2 उच्च विद्यालय मैदान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रविवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता व पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उन्हें अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हाल ही में सड़क दुर्घटना में दिवंगत बच्चू तुरी की स्मृति में एक मिनट का मौन रखकर की गई। इसके बाद मंच से आरती कुंजबिहारी की गूंज उठी। स्नेहा सोनल ने भोजपुरी भजन कृष्ण जी नमवा हो बाबा, जेल में जिनका होइले जन्मवा, मथुरा में कृष्ण जी जन्मली प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इसी क्रम में श्याम चूड़ी बेचने आया और कजरा रे, कजरा रे तेरे काले काले नैना जैसे गीतों पर जयकारा भी गूंजा। भोजपुरी गायक ओमप्रकाश अकेला ने अपने हास्य-देहाती अंदाज से दर्शकों को ठहाकों पर मजबूर कर दिया।

उपायुक्त ने नीति आयोग, डीएमएफटी के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा, कहा-

नीति आयोग के निर्धारित मानक को पूरा करना सुनिश्चित करें

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं, डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम नीति आयोग अंतर्गत संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के सूचकांक प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि-जल संसाधन, कौशल विकास के तहत जिला एवं प्रखंड में हुए कार्य प्रगति की बिदुवार समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू के द्वारा उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो, प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी समीर कुल्लू, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, सबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

तालाब में डूबने से चौकीदार की मौत

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरक पंचायत के एरुद कीता गांव निवासी रंथू उरांव की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने रंथू का शव तालाब में देखा जिसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। परिजन तालाब के पास पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकाला। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज अग्रतर कार्रवाई में जुट गई। बता दें कि मृतक रंथू उरांव चंदवा थाना में बिट संख्या 03/25 में तैनात था। घटना के संबंध परिजनों ने आशंका जताया है कि रंथू उरांव रविवार की देर शाम खेतों में पानी पटाने के लिए तालाब की ओर गये थे, इसी दौरान उनका पैर फिसल गया व वे तालाब में मुंह के बल गिर गए, उनका सिर तालाब के कीचड़ में दब गया, घटना के उपरांत उसे किसी प्रकार की मदद भी नहीं मिल पाई जिस कारण उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया है। इधर चौकीदार रंथू उरांव की मौत पर चौकीदारों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है साथ ही मृतक के एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है। मांग करने वालों में चौकीदार राज किशोर महली, संतोष प्रजापति,सोहन महतो, प्रीतम एक्का,जितेंद्र उरांव, रुपंती कुमारी,सुजाता कुमारी, नेसार अंसारी समेत अन्य शामिल हैं।

दुर्गा पूजा समिति घूरे का गठन

हेरहंज। दुर्गा पूजा समिति घूरे की बैठक दुर्गा मंडप परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। अध्यक्ष श्रीधरकांत जायसवाल, उपाध्यक्षः मनीष जायसवाल, संदीप साहू, जितेंद्र यादव, मनीष साहू, सचिवः सुरेश साव, उप सचिवः राजेश जायसवाल, मंत्रीः रितुराज जायसवाल, नवीन गुप्ता, राजेश साव, मुकेश साव, आकाश कुमार, कोषाध्यक्षः विजय शंकर प्रसाद, मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन को चुना गया। इसके अलावा समिति के संरक्षक के रूप में संतोष यादव, रंजीत जायसवाल, रूपेंद्र जायसवाल, देवनंदन प्रसाद, कैलाश कुमार ठाकुर, मिथलेश गुप्ता, उमेश कांत जायसवाल, राजकिशोर यादव, प्रदीप यादव, विनय वर्मा, मंगल उरांव व उपेंद्र यादव सहित कुल 25 सदस्यीय कमिटी का गठन किया गया।



हरैया से अंबा खोलखा तक सड़क की हुई मापी

चंदवा। रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित अलौदिया पंचायत के हरैया मोड़ से अलौदिया,जरमा, सरलाही, कैलाखाड़ होते अंबा खोलखा एनएच-39 तक सड़क निर्माण होना है। जिसको लेकर आरईओ विभाग की टीम के द्वारा मापी की प्रक्रिया की पूरी कर ली है। सड़क मापी होने से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है। बताते चलें कि वर्तमान में हरैया मोड़ से अलौदिया होते अम्बा खोलका तक ग्रामीण पथ की स्थिति काफी दयनीय है। सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त समस्या को ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से गुहार लगाई गई थी। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि विधायक प्रकाश राम के समक्ष ग्रामीणों ने उक्त समस्या को रखा था, जिसके बाद विधायक ने पहल करते हुए पथ की समस्या से संबंधित पत्र विभाग को लिखा था। मापी के मौके पर आरईओ विभाग के सिकंदर पासवान,ग्रामीण रमेश सिंह, राजेंद्र पंडित समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

रेलवे क्लब में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

बेताल (लातेहार)। बरवाडीह प्रखंड के मुख्यालय रेलवे क्लब में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। रेलकर्मियों की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। उत्सव में विधायक रामचंद्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए और उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में विधायक रामचंद्र सिंह के आने से श्रद्धालुओं का उत्साह दोगुना हो गया। आयोजन समिति ने विधायक सहित सभी विशेष अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। विधायक ने आयोजकों और रेलकर्मियों की इस सामूहिक पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करते हैं। जन्माष्टमी के अवसर पर मंच पर कृष्ण-लीला और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। स्थानीय कलाकारों और रेल कर्मचारियों के बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरे वातावरण में भक्ति रस और उल्लास का माहौल दिखाई दिया।

आरक्षी को राज्यपाल ने वीरता पदक से किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत गोनिया विद्यालय से शिक्षा प्राप्त किए सिपाही गोपाल गंझु को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा दिए गए वीरता पदक को महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार के हाथों सम्मानित किए गए। भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमति द्रोपदी मुर्मू द्वारा वीरता पदक प्रदान किए जाने पर क्षेत्र मे लोगों ने आरक्षी गोपाल गंझु को बधाई दिया है।बधाई देने वालों मे मुखिया रानो देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, उपाध्यक्ष लाल आशीष नाथ शाहदेव, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव, जिप सदस्य रमेश राम, गोनिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम सागर सिंह, अरुण कुमार, एससी मोर्चा जेएलकेएम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय दास, खरवार भोगता विकास संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष रामानाथ गंझु, तुला गंझु सहित कई लोगों ने बधाई दी है। स्वतंत्रता दिवस गरिमामय समारोह में सशस्त्र बलों के जवानों को उनकी अद्वितीय बहादुरी, साहस और राष्ट्र सेवा के लिए वीरता पदकों से सम्मानित किया गया। जिसमे गोपाल गंझु, पिता मंगर गंझु, माता मालती देवी, सुदूरवर्ती गांव ओल्हेपाठ गांव का निवासी हैं। 2009 में झारखंड पुलिस मे नौकरी लगी,16 वर्षों से लोहरदगा जिला मे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्यरत हैं।

विश्वकर्मा पूजा को लेकर बैठक

गिद्धौर (चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत हेठटोला में राणा समाज की बैठक सहादेव राणा के आवास पर हुई। जिसकी अध्यक्षता राणा समाज के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद राणा ने किया। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने विश्वकर्मा पूजा-धूम धाम से मनाने का निर्णय लेते हुए पूजा के दिन कलश यात्रा निकालने की बात कही गई। वहीं पूजा के सफल संचालन को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सुरेश प्रसाद राणा को संचालन समिति का अध्यक्ष, दिनेश्वर राणा को उपाध्यक्ष, शिक्षक यशवंत कुमार राणा को सचिव, सहायक अध्यापक सोहन राणा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में टेनिस अंपायर प्रेम राणा, रामदेव राणा, कामदेव राणा, संजय राणा समेत समाज के लोग मौजूद थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा अरुण उदय और प्रभात के 30 भैया- बहनों ने राधा कृष्ण के आकर्षक वेश में आकर अपनी प्रस्तुति दी। श्री कृष्ण राधा के रूप में बने प्रतिभागी अपने साथ बांसुरी तो किसी ने माखन की मटकी तो किसी ने डांडिया के साथ भावपूर्ण अभिनय प्रस्तुत किया, साथ ही साथ कुछ माताएं भी मां यशोदा बनकर अपने लाडले कृष्ण कन्हैया के साथ नृत्य पेश की। अरुण कक्षा के कृष्ण अन्वी सिद्धि के साथ माता लवली कुमारी ने हे गोपाल कृष्ण करू आरती तेरी भजन पर कृष्ण अथर्व राज के साथ माता प्रिया राज ने बड़ा नटखट है रे कृष्ण कन्हैया गीत पर एवं यशोदा बनकर माता रिचा शर्मा अपने कृष्ण रित्विक रंजन के साथ मिलकर मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो गीत पर बड़ा ही सुंदर मार्मिक प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित सभी अभिभावकों ने खूब सराहा। निर्णायक मंडली में शामिल रितेश रंजन गुप्ता नीलम अम्बास्टा और विवेक दास ने निर्णय कर राधा कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का निर्णय सुनाया। जिसमें प्रथम पुरस्कार उदय कक्षा की राधा अलका लकड़ा को, द्वितीय पुरस्कार राधा अदिति राज को एवं तृतीय पुरस्कार उदय कक्षा के ही कृष्ण बने वैभव चौहान को दिया गया। वहीं माताओं की प्रस्तुति इतनी मनमोहक थी कि निर्णायक मंडली भी निर्णय लेने में असमंजस में पड़ गए एवं सभी माताओं प्रिया राज लवली कुमारी और रिचा शर्मा को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन वाटिका प्रमुख गीता कुमारी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों का विकास होता है और भारतीय परंपराओं के प्रति आत्मीयता बढ़ती है। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार अभिभावक गण और छात्र-छात्राएं उत्साह पूर्वक शामिल रहे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F$_2$-01/2025-26 Dated :-14/08/2025

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemid041@gmail.com
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 25/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे)

क्र0	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	परपैन नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण	तरहसी	44,33,900.00	88,700.00	5000.00	

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** में लॉगआन करें।
(7) अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 359689 Minor Irrigation (25-26)_D

कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0– 08/2025–26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वें वित्त आयोग के तहत नगर विकास एवं आवास विभाग का पत्रांक 67 दिनांक 11.08.2025 के द्वारा प्रदत्त स्वीकृति के आलोक में नगर पंचायत मझिआँव अंतर्गत सफाई संयत्रों का क्रय किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संयत्रों के क्रय के क्रम में नगर पंचायत मझिआँव के निविदा समिति द्वारा क्रय किये जाने वाले सभी संयत्रों के Specification की स्वीकृति प्रदान हो जाने के उपरान्त संबंधित सभी संयत्रों का क्रय नगर पंचायत मझिआँव द्वारा बाद में खुली निविदा के माध्यम से GEM Portal से की जायेगी। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/ निर्माणकर्त्ता निचे दिये गए विवरण अनुसार क्रय किये जाने वाले सफाई संयत्रों की Best Specification with Price (Inclusive of All Taxes) मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक 26.08.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय में जमा कर सकते है। मुहरबन्द लिफाफे में Specification के साथ संबंधित फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माणकर्त्ता को PAN Card, GST, निबंधन प्रमाण पत्र, अद्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट (विगत तीन वर्ष), GST 3B Return, प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का निबंधन प्रमाण पत्र, आई0एस0ओ0 प्रमाण पत्र, संबंधित सफाई संयत्रों के अधिकृत बिक्रेता का प्रमाण पत्र एवं स्वच्छ रंगीन कैटलॉग जमा करना अनिवार्य होगा। साथ ही संबंधित कोटेशन को दिनांक 26.08.2025 को अपराह्न 3:30 बजे नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा।

संयत्रों का विवरण

क0 सं0	सफाई संयत्रों की विवरण	Details of Specification	सभी कर (Tax) सहित अंकित दर
01	Tractor with Trolly		
02	Tractor mounted Nala cleaning Machine with Attachment		
03	E-Vehicle mounted Garbage Hopper Tipper (1.2 cum)		
04	Truck mounted water Tanker (9000 ltr.)		

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव

PR 359681 Urban Development(25-26).D

न्यूज बॉक्स

आज गुदरी बाजार में मटकी फोड़ प्रतियोगिता

लोहरदगा। शहर के गुदरी बाजार स्थित शोक विनायक संकट मोचन हनुमान मंदिर के समक्ष योगी सेना के बैनर तले आगामी 19 अगस्त, मंगलवार की संध्या 7 बजे से मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर और नगर अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू ने बताया कि मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ राधा-कृष्ण वेशभूषा एवं नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को योगी सेना के पदाधिकारियों द्वारा उपहार और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि बीते कई वर्षों से मटकी फोड़ प्रतियोगिता जिले में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित की जाएगी। इसमें लोहरदगा के अलावा अन्य जिलों की टीम भी हिस्सा लेंगी। इस आयोजन में जिले के साथ-साथ झारखंड के अन्य इलाकों से आने वाले वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल होंगे। समिति ने सनातन धर्मावलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

इमाम-ए-हुसैन की याद में या हुसैन या अली के लगे नारे

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र स्थित भड़गांव मेला मैदान में चहल्लुम कमेटी भड़गांव कल्हेपाट द्वारा सोमवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. चेहल्लुम मेला का उद्घाटन हाजी मौजाहीम अंसारी, एसडीपीओ किसको अंचल वेदांत शंकर, कांग्रेसी नेता नेसार अहमद, सलीम अंसारी, प्रकाश उरांव, सांसद प्रतिनिधि नंदकिशोर शुक्ला के द्वारा फीता काटकर एवं तलवार बाजी कर शुभारंभ किया गया. मौके पर एसडीपीओ वेदांत शंकर ने कहा कि पर्व को उत्सव के रूप में मनाये जिसमे आपसी सौहार्द बनाये रखें। शिक्षा संस्कार पर चलें और आस्था से जुड़े रहें। बलिदानी इमाम हुसैन का शहादत को याद करते हुए नेकी जीवन बिताये और जरूरत मंदो का हमेशा सहयोग करें। अपने क्षेत्र प्रखंड व जिले का विकास में सहयोग करें। वही अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में सेंन्हा सरेगहातू, हुसैनी अखड़ा तोड़ार सरेग़हातू ,मराडीह , हिसरी, तिगरा, चंदवा, उदरंगी, झखरा, सुरसा सहित लग्भग 30 गांवों का अखड़ा शामिल हो अस्त्र शस्त्र खेल प्रतियोगिता का नुमाइश किया. मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि नेसार अहमद, प्रमुख फूलझरी देवी,सांसद प्रतिनिधि नन्दकिशोर शुक्ला,जिला सोशल मीडिया प्रभारी कांग्रेस प्रकाश उरांव,कांग्रेसी नेता सलीम अंसारी बड़े,मुखिया अनिल उरांव,राजश्री उरांव,शौकत अंसारी,बालेश्वर उरांव मोजमिल अंसारी समेत सैकड़ो उपस्थित थे।

श्री राम मंदिर फुलवारी में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

लोहरदगा। नगर परिषद मुख्यालय स्थित श्री राम मंदिर फुलवारी में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। अवसर पर मंदिर को आयोजक आनंद पांडेय द्वारा भव्य रूप से सजाया गया था। पूजा-अर्चना के तहत भगवान श्रीकृष्ण का झूला भी लगाया गया, जहां भक्तों ने दर्शन किए। पूजा-अर्चना का विधिवत संपादन पुजारी नीरज पांडेय ने कराया। पूजा के उपरांत भजन-कीर्तन का कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसकी शुरुआत गायक नीरज पांडेय ने गणेश वंदना से की। कार्यक्रम में नाल पर आनंद पांडेय, बैंजो पर पारस कुमार और ताशा पर रमेश पांडेय ने सहयोग दिया। गणेश वंदना के बाद गाए गए भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म के उपरांत आनंद पांडेय द्वारा सोहर "जन्म लिए हैं कन्हैया, गोकुल में बाजे बधइया" प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह परंपरा वर्ष 1962 से लगातार निभाई जा रही है।इस मौके पर महंत मुनेश्वर पांडेय, मंदिर पुजारी अंगद शुक्ला, दिनेश पांडेय, अमित पांडेय, निखिल, पीयूष, अंश, एकलव्य, सुशांत, रामनाथ काश्यकार, मनोज चौरसिया, नवदीप प्रसाद, प्रमाणिक ठाकुर, रत्नेश कुमार, अमरेश विश्वकर्मा, महेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

आज भाषा शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग

लोहरदगा। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची द्वारा आयोजित प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2023 में सफल घोषित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 19 अगस्त 2025 को लोहरदगा में होगी। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह काउंसिलिंग केवल स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (भाषा शिक्षक) पद के लिए कराई जाएगी। काउंसिलिंग अभिलाषा कक्ष, बैंक ऑफ इंडिया के सामने, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक और प्रशैक्षणिक प्रमाणपत्रों की मूल प्रति, स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (दो सेट में), तीन पासपोर्ट साइज ब्लैक एंड व्हाइट फोटो तथा भरा हुआ जांच पत्रक साथ लाना होगा। जिला शिक्षा अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी। काउंसिलिंग समाप्ति के बाद किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नम्बर 9931708693 (राकेश रंजन, लिपिक) एवं 7763853880 (लौरेन्तुस बेक, लिपिक) पर प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

मेघनाद का कटा सिर व भूत-पिशाच टोली की जीवंत झांकी ने लोगों का मोहा मन



लोहरदगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रविवार रात हटिया गार्डेन में झूलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। लोग झूलन और जीवंत झांकियों का आनंद उठाते हुए कृष्ण भक्ति में पूरी तरह सराबोर हो गए। इस मौके पर प्रस्तुत की गई जीवंत झांकियों ने नगरवासियों को द्वापर युग की लीलाओं से साक्षात्कार कराया। झूलन महोत्सव में सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रहा मेघनाद का कटा हुआ सिर और तंत्र साधना भूत-पिशाच टोली की जीवंत झांकी। इन अद्भुत प्रस्तुतियों को देखकर लोग आश्चर्यचकित रह गए और देर तक इन दृश्यों को निहारते रहे। इसके अलावा राधा-कृष्ण, रामेश्वरम पूजन, गीता उपदेश, परशुराम द्वारा सुदर्शन दान, वामन अवतार राजा बली, राजा परीक्षित को सर्पदंश जैसी कई जीवंत झांकियों का मंचन हुआ। हर झांकी ने लोगों को न केवल आध्यात्मिक आनंद प्रदान किया बल्कि उन्हें धर्म और संस्कृति से गहराई से जोड़ दिया।आयोजन समिति के सदस्य आशुतोष पाठक ने बताया कि यह झूलन महोत्सव केवल लोहरदगा के हटिया गार्डेन में ही होता है। पूरे जिले में इस तरह की जीवंत झांकियां कहीं और नहीं प्रस्तुत की जातीं। यही वजह है कि इसे लोग 'जीता-जागता झूलन' कहते हैं। कई दशकों से यह परंपरा लगातार चली आ रही है।

भंडरा के जांबाज युवाओं की बहादुरी को मिला सम्मान

लोहरदगा के आदिवासी बहुल गांवों में बनेगा धुंकुडिया भवन

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिन्देश्वर उरांव

के प्रयासों से लोहरदगा जिले के आदिवासी समाज को बड़ी सौगात मिली है। भारत सरकार के जनजाति मंत्रालय और झारखण्ड सरकार ने आदिवासी बहुल गांवों में धुम्कुडिया भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। झारखण्ड सरकार के उप सचिव विनोद कुमार बांकें ने 11 अगस्त 2025 को पत्र जारी कर कहा है कि जिन गाँवों में 80 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या है और जहाँ सांस्कृतिक केंद्र उपलब्ध नहीं है, वहाँ सरकारी भूमि पर धुम्कुडिया भवन बनाए जाएंगे। निर्णय की खबर मिलते ही आदिवासी अंचल में खुशी की लहर दौड़ गई।

ग्रामीणों ने कहा कि धुम्कुडिया भवन केवल भवन नहीं, बल्कि परंपरा, संस्कृति और सामुदायिक जीवन का केंद्र है। यहाँ शिक्षा, बैठक, प्रशिक्षण और सांस्कृतिक गतिविधियाँ होंगी। बिन्देश्वर उराँव ने कहा कि आज का दिन झारखण्ड के आदिवासी समाज के लिए ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सदैव आदिवासी हितों को प्राथमिकता दी है।

धुम्कुडिया भवनों की स्वीकृति से गाँव-गाँव में संस्कृति और पहचान और मजबूत होगी। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री, जनजाति मंत्री जुवेल उराम और झारखण्ड सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। बिंदेश्वर उरांव ने 28 जून 2025 को प्रधानमंत्री को भेजे आवेदन में मांग की थी कि प्रत्येक आदिवासी बहुल गाँव में 500 से 1000 लोगों की क्षमता वाला धुम्कुडिया भवन बने, जिसका उपयोग विवाह, बैठक, प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक परंपराओं के लिए हो।

आपसी विवाद में पत्नी ने काट डाला पति का प्राइवेट पार्ट, स्थिति गंभीर

लोहरदगा। लोहरदगा से एक बड़ा हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां जिले के सदर थाना क्षेत्र के जुरिया गांव में रविवार को हुए घरेलू विवाद में पत्नी ने पति का प्राइवेट पार्ट ही काट डाला। मिली जानकारी के अनुसार दोनों में विवाद हो गया था और बात इतनी बढ़ गई कि मामला यहाँ तक पहुँच गया। स्थानीय लोगों के बताये अनुसार बिहार उरांव नाम के शख्स ने आपसी विवाद में गुस्से से अपनी पत्नी को चांटा जड़ दिया। जिसके बाद पत्नी ने आवेश में आकर धारदार हथियार से पति का प्राइवेट पार्ट काट डाला। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल बिहार उरांव को परिजनों के द्वारा तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रह है। चिकित्सकों ने कहा है कि अधिक खून बह जाने से मरीज की हालत गंभीर बनी हुई है। हालांकि जरुरत पड़ने पर रांची रेफर किया जायेगा। इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों का कहना था कि दोनों में अक्सर विवाद होता रहता था किन्तु मामला इतना बढ़ जायेगा किसी ने सोची भी नहीं थी।

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि

भंडरा। प्रखंड बस्ती के नवडीहा स्थित यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार को दिवंगत झारखण्ड के शिक्षा मंत्री स्व० रामदास सोरेन की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई एवं साथ ही उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किये गये कार्यों के विषय में भी प्रकाश डाला गया। विशेष रूप से विद्यालय के निदेशक वैद्यनाथ कुमार पाण्डेय ने श्री सोरेन के सामाजिक उत्थान के कार्यों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने कहा कि रामदास सोरेन एक सरल एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के स्वामी थे। श्री सोरेन एक कर्मठ नेतृत्व कर्ता भी थे। श्री सोरेन घाटशीला विधान सभा के विधायक थे एवं वह स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं राजस्व पंजीकरण एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री थे।

संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शिशु मंदिर के भैया-बहनों ने लहराया परचम

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में रविवार को संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह और अनुशासनपूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल के पांच विद्यालयों के प्रतिभाशाली भैया-बहनों ने भाग लिया, जिसमें सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा ने शिशु वर्ग में ऑल ओवर चैंपियन का खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, सुरेश चंद्र पांडे (शिशु मंदिर लोहरदगा), मनोहर मोदी (बड़की चापी), प्रमोद कुमार (कैरो), और विमलेश तिवारी (सेन्हा) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अतिथियों का परिचय कराया।

शिशु मंदिर सेन्हा में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन धूम धाम से किया गया.राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में बड़े ही मनमोहक अंदाज में छोटे छोटे भैया बहनों ने कृष्ण और राधा का स्वरूप में अपनी प्रस्तुति दी वही सर्वप्रथम निर्णायक मंडली द्वारा सभी राधा कृष्ण जोड़ी को ग्रेडिंग प्रदान करते हुए उत्कृष्ट जोड़ी का चयन किया गया.जिसमें प्रथम स्थान सूर्यांश और आदित्य,द्वितीय स्थान ऋषभ कुमार और प्रिंसी कुमारी,तृतीय स्थान अनिमेष और निधि को प्राप्त हुआ.जिसे विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू द्वारा सभी प्रतिभागियों को मिठाइ खिला कर स्वागत किया गया.साथ ही इन्होंने कहा कि बच्चे बच्चियों द्वारा ऐसे कार्यक्रम करने पर प्राचीन परंपरा और संस्कृति का भाव जागृत होता है.इस अवसर पर मटका फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जो काफी आकर्षक रहा.कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रमुख संध्या कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
District Planning Office, Latehar, 829206
R.F.P
SELECTION OF AGENCY FORSUPPLY, INSTALLATION, TESTING & COMMISIONING OF KITCHEN EQUIPMENT AS "MODULAR KITCHEN" AT KGBV MANIKA RESIDENTIAL SCHOOL OF DISTRICT LATEHAR
Fact Sheet

Name of the work	Request for Proposal (RFP) for selection of Agency for Supply, Installation, Testing & Commissioning of Kitchen Equipment as "Modular Kitchen" at KGBV Manika Residential School, Latehar
Office of Issue	Office of the District Planning Office r, Latehar
Date of Publication of RFP	18/08 /2025, 11:00 AM
Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission	30/08/2025, 05:00PM at http://jharkhandtenders.gov.in
Date and time for technical bid opening	02/09/2025, 11:00 AM
Date and time for financial bid opening and evaluation	02/09/ 2025, 3:00 pm
Tender Fee online via http://jharkhandtenders.gov.in	Rs. 5000/-
Earnest Money Deposit (EMD)online via http://jharkhandtenders.gov.in	Rs. 1,00,000/- (One lakhrupees only)
Method of selection	Cost -Based Selection (CBS) Method - **State 1: -** The eligibility criteria documents as per Annexture -A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first state. The bidders meeting the Technical Evaluation criteria only will be shortlisted for further Financial Bid evaluation **State 2: -** Out of the technically eligible bidders, the agency submitti ng the lowest financial bid will be awarded the project.

Note:
1. The Office of the District Planning Office, Latehar reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly for the same.
2. Proposals must be received not later than time, date and venue mentioned in the Fact Sheet.

Proposals that are received after the specified date and time will not be considered.

District Planning Officer
Latehar

PR 359708 Planning and Development(25-26)D

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर बच्चों ने देशभक्ति का दिया अद्भुत संदेश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल ने देशभक्ति के प्रतीक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को विशेष रूप से सजाया गया और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नेताजी के अद्भुत जीवन, उनके संघर्ष और उनके बलिदान को याद किया। स्कूल के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि नेताजी का साहस, उनका समर्पण और उनका संघर्ष हमारे बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके आदर्श बच्चों को न केवल देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत करते हैं, बल्कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना निडर होकर करने की सीख भी देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित नाटक और प्रस्तुति से हुई। बच्चों ने अपने अभिनय, नृत्य और गायन के माध्यम से नेताजी के संघर्ष, उनके आदर्शों और उनकी सोच को उजागर किया। इसके साथ ही बच्चों ने अपने भाषणों और स्लोगनों के माध्यम से देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को भी दर्शाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने राष्ट्रीय गीत गाकर और फूलों की चढ़ाई करके नेताजी को श्रद्धांजलि दी।

छोटानागपुरिया तेली समाज की बैठक कल

लोहरदगा। छोटानागपुरिया तेली समाज, लोहरदगा जिला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 20 अगस्त 2025, दिन बुधवार को अपराह्न 3 बजे तेली धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। बैठक में 13 सितंबर 2025 को होने वाले तेली कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही तेली समाज के युवा मोर्चा के गठन, महिला मोर्चा के गठन तथा प्रखंड स्तरीय समिति गठन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी जिला अध्यक्ष प्रो. शिव दयाल साहू (सी.टी.यू.एस.) ने दी है।

आलू की खेती कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें:राजेश रंजन

- हिंडाल्को सीएसआर के तहत बगड़ू, पाखर व सेरेंगदाग में महिला समूहों के बीच आलू बीज का किया गया वितरण

नवीन मेल संवाददाता



लोहरदगा। हिंडालको सीएसआर द्वारा संचालित खनन क्षेत्रों में ग्रामीण किसान व महिला समूहों के बीच आर्थिक उन्नयन हेतु उन्नत आलू बीज वितरण किया गया। आज बगड़ू में किसानों व महिला समूहों के बीच लोहरदगा क्लस्टर के महाप्रबंधक राजेश रंजन अंबस्ठा की उपस्थिति में वितरण कार्यक्रम संपन्न किया गया। बगड़ू, पाखर व सेरेंगदाग कुल 24000 किग्रा आलू बीज का वितरण किया गया। बगड़ू में ग्राम चांपी दलदलिया, केंदतोली, करमटोली, जामुनतोली, पतरातु, बांडी ग्राम के लोग लाभान्वित हुए। जबकि सेरेंगदाग खनन क्षेत्र के ग्राम तूइमू, केचकी, भैंसबथान, पकरीपाट, पोरोपाट, जालिम, दुधापाट, सेरेनदाग, बरपाट तथा पाखर माइंस में सीएसआर कार्यक्रम के तहत पाखर, पोखरापाठ, डुमरपाठ, बंगला पाथ, सरनापाठ, थेपाटोली टोली, हुरहद, पाखरगड़ा, अम्बाकोना, नवाटोली, बोंडोबार तथा डहरबाटी के 40 महिला मंडलों की 387 महिला कृषकों को 8000 किलोग्राम आलू बीज का वितरण किया गया।

वितरण कार्यक्रम में हिंडाल्को के महाप्रबंधक राजेश रंजन अंबस्ठा ने कहा कि आलू की खेती बड़े स्तर से कर अपनी आमदनी में वृद्धि कर आर्थिक स्वावलंबी बनें। कार्यक्रम का निर्देशन सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों एवं महिला समूहों को समूह में बेहतर खेती कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने को कहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पाखर बॉक्साइट माइंस की सीएसआर टीम के साथ-साथ खान प्रबंधक जितेन्द्र कुमार व संजय सिंह, अनिल सिंह एवं गाँव के पहान बिजेन्द्र पहान, खुदिया कुमार का विशेष सहयोग रहा। बगड़ू में सहायक प्रबंधक सुनील चौधरी, अभिनव ठाकुर, उज्ज्वल मिश्रा, रूपक दुबे, सीएसआर कार्यकर्ता मौजूद रहे।

झारखण्ड सरकार
जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

जिले के प्रवासी मजदूरों के लिए आवश्यक सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के माननीय मंत्री महोदया एवं सचिव महोदय के द्वारा दिनांक 13/05/2025 को की गई समीक्षात्मक बैठक के आलोक में मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 796/दिनांक 19/05/2025 के द्वारा राज्य के Migrant Workers (प्रवासी मजदूरों) को पलायन से रोकने एवं रोजगार से जोड़ने हेतु मत्स्य पालन से संबंधित कार्यो से जोड़ने का निदेश प्राप्त है। उक्त के आलोक में Cluster Approach को अपनाते हुए विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में लाभुकों का चयन जिला के Migrant Workers (प्रवासी मजदूरों) को प्राथमिकता दिया जाय। उक्त के आलोक में पलामू जिला के वैसे Migrant Workers (प्रवासी मजदूरों) जो मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजना से लाभ प्राप्त करना चाहते है, से दिनांक 30/08/2025 तक कार्यालय में आकर संपर्क स्थापित कर योजना का चयन करते हुए आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कर सकते है तथा विभाग के स्तर से मत्स्य पालकों/मत्स्य बीज उत्पादकों को दी जा रही प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लाभ उठा सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 359682 Fish(25-26)#D

कार्यालय- उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

आवश्यक सूचना

लातेहार जिला अन्तर्गत मनरेगा के तहत संविदा के आधार पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा सहायक के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु District CM School of Excellence, Latehar में दिनांक- 17.08.2025 को आयोजित परीक्षा का उत्तर कुंजी (Answer Key) लातेहार जिला के Official website https://latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया है।

यदि किसी परीक्षार्थी को उत्तर कुंजी (Answer Key) पर कोई आपत्ति हो तो दिनांक- 20.08.2025 तक Email ID - ddc-lat@nic.in पर अथवा जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार में उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपना आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

उपायुक्त -सह-
जिला कार्यक्रम समन्वयक,
लातेहार।

PR 359678 (Rural Development) 25-26 (D)

झारखण्ड सरकार
कार्यालय, प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गढ़वा, कचहरी रोड, फॉरेस्ट कैम्पस गढ़वा।
(झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि०)
E-mail: dmgarhwa29@gmail.com Contact Number : 06561-222269

आम नीलामी सूचना

एतद्द्वारा सभी टिम्बर डीपू स्वामियों, आरा मिल स्वामियों, जलावन डीपू संचालको, प्रकाष्ठ/जलावन आदि के विक्रेताओं–क्रेताओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार इस प्रमण्डल के वनागारों में प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा द्वारा प्रकाष्ठ, जलावन आदि की बिक्री आम नीलामी के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, प्रतिष्ठान, टिम्बर डीपू एवं आरा मिल मालिक आदि विभिन्न वनोत्पादों के क्रय हेतु लॉट सूची प्रमण्डलीय कार्यालय से नीलामी की तिथि के एक दिन पूर्व तक कार्य अवधि में प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी हेतु प्रमण्डलीय प्रबंधक, गढ़वा के कार्यालय में कार्यावधि काल में संपर्क कर सकते है। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000/– रू0 (पाँच हजार) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/ व्यक्तियों/ कम्पनियों को पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छायाप्रति जमा करना होगा।

क्रं0	नीलामी स्थल / वनागार का नाम	नीलामी की तिथि	नीलामी का समय	प्रकाष्ठ आदि की किस्में
1	चेतना वनागार	26.08.2025	पूर्वाहन् 11:30 बजे से 1:30 बजे अपराहन् तक।	विविध वन पदार्थ एवं जलावन आदि।

ह0/–
प्रमण्डलीय प्रबंधक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.359756 Forest, Environment and Climate Changes(25-26):D

न्यूज बॉक्स

देवी मंडप के गर्भगृह से दानपेटी की हुई चोरी

सिसई (गुमला)। प्रखण्ड क्षेत्र के बरगांव दक्षिणी पंचायत अंतर्गत सतासिल्ली के प्रसिद्ध देवी मण्डप के गर्भगृह में रखे दानपात्र को रविवार रात्रि किसी अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। मण्डप के समीप रहने वाले अजय राम वर्मा पिता स्व चमन राम वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन के भांति सोमवार को जब मंदिर की साफ सफाई करने के लिए अंदर गया तो देखा कि दानपात्र गायब है इसकी सूचना उन्होंने आस पास के ग्रामीणों को दी और अपने स्तर से खोजबीन करने लगे परन्तु दानपात्र का कहीं पता नहीं चला इस घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इसके बाद उन्होंने सोमवार को सिसई थाना को लिखित में चोरी की घटना की सूचना दी और कहा कि वर्षों से दानपात्र मण्डप में रखा हुआ था कभी ऐसी घटना नहीं हुई पिछले एक वर्ष से दानपात्र खोला भी नहीं गया है उन्होंने ये भी कहा कि मां देवी की ख्याति दूर दूर तक फैली हुई है जो भी भक्त सच्चे मन से मां से मन्नत मांगते हैं मां उनकी मनोकामना को अवश्य पूरा करती हैं यही कारण है कि काफी दूर दूर से लोग अपनी मन्नते लेकर मां का दर्शन करने आते हैं और अपनी स्वेच्छा से दानपात्र में दान डाल देते हैं। उन्होंने ये भी बताया कि इस मण्डप में लोग शादी विवाह भी कराने आते हैं। अजय राम वर्मा ने पुलिस प्रशासन से खोजबीन कर जल्द ही दानपात्र का पता लगाने की आग्रह की है।

भरनो में जन्माष्टमी पर बच्चों ने राधा-कृष्ण बनकर मन मोह लिया

भरनो (गुमला)। सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो में सोमवार को जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुनीता केसरी, रेखा गुप्ता एवं प्रधानाचार्य सुरेश राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के 40 भैया-बहनों ने राधा और कृष्ण का आकर्षक वेश धारण कर अपनी प्रतिभा और भाव-भंगिमा का प्रदर्शन किया। बहनों ने भक्ति गीतों और मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति से कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया, वहीं अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

आठ में से सात शिकायतों का हुआ निवरण

पालकोट(गुमला)। प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, पालकोट में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 8 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पेंशन से जुड़ी 3, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित 1 तथा मईया सम्मान योजना से संबंधित 4 आवेदन शामिल थे। प्रशासन की तत्परता का उदाहरण देते हुए 7 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष एक आवेदन प्रक्रियाधीन रखा गया है। जनशिकायत निवारण दिवस को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया और उन्होंने त्वरित समाधान के लिए प्रशासन की सराहना की।

आंगनबाड़ी सेविकाओं को 'पोषण भी-पढ़ाई भी' कार्यक्रम का प्रशिक्षण

चैनपुर। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने और उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को समझाने के उद्देश्य से 'पोषण भी-पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण नयमन कुजूर पुस्तकालय में आयोजित किया गया है, जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और पर्यवेक्षिका अंजलि वर्मा ने किया।प्रखंड की कुल 138 आंगनबाड़ी सेविकाओं को तीन बैचों में यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो 18 अगस्त से शुरू होकर 30 अगस्त तक चलेगा। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सेविकाओं को ऐसी गतिविधियां सिखाना है, जिससे वे बच्चों को रोचक तरीके से शिक्षा दे सकें।प्रशिक्षण के दौरान सेविकाओं को बताया गया कि वे फलों, जैसे आम, अमरूद और पपीता की आकृतियाँ बनाकर बच्चों को पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दें। ऐसा करने से बच्चों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा और वे खेल-खेल में बहुत कुछ सीखेंगे। इसके अलावा, संतुलित आहार और बच्चों में फल-सब्जियों के सेवन की स्वस्थ आदतें विकसित करने पर भी जोर दिया गया।प्रशिक्षण पूरा होने के बाद, सेविकाओं को निर्देश दिया गया है कि वे इन नई तकनीकों को अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्रों पर लागू करें।

पेशा कानून पर दो दिवसीय प्रशिक्षण

चैनपुर। प्रखंड सभागार में दो दिनों तक चले एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में यानी पेशा कानून के प्रावधानों पर गहन चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण चैनपुर मुखिया शोभा देवी एवं ट्रेनरों द्वारा का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था।यह कार्यक्रम 10 पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों और अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित किया गया था। इस दौरान, प्रतिभागियों को पेशा कानून के तहत ग्राम सभा के महत्व, उसके अधिकार, और स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।प्रशिक्षकों ने बताया कि पेशा कानून किस तरह अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों को जल, जंगल, और ज़मीन पर अधिक अधिकार देता है। उन्होंने ग्राम सभा को एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित करने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला, जो स्थानीय स्तर पर विकास योजनाओं को बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।प्रशिक्षण में शामिल हुए जनप्रतिनिधियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर ढंग से काम करने में मदद करेंगे। उन्होंने पेशा कानून के प्रावधानों को ज़मीनी स्तर पर लागू करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका मकसद पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाना है।

बीज वितरण व वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

गुमला। जिले के सिकुवार गांव में 2025-26 के अंतर्गत क्लस्टर फ्रंटलाइन डेमोंस्ट्रेशन योजना के तहत नाइजर बीज वितरण एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 20 किसानों को कुल 20 एकड़ भूमि में खेती के लिए उत्कल नाइजर-150 किस्म का बीज वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास भारती बिशुनपुर के सचिव महेन्द्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नाइजर झारखंड की परंपरागत और प्रमुख तिलहनी फसल है, जो कम उपजाऊ भूमि और वर्षा आधारित खेती के लिए उपयुक्त है। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के वैज्ञानिक अतुल बिहारी तिवारी ने किसानों को नाइजर की नई किस्म उत्कल नाइजर-150 की विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने बीज उपचार, संतुलित खाद प्रबंधन, समय पर खरपतवार नियंत्रण, एकीकृत कीट एवं रोग प्रबंधन की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि यह किस्म अधिक उपज देने वाली, रोग सहनशील तथा बेहतर तेल गुणवत्ता के लिए जानी जाती है।

उपायुक्त ने आकांक्षी जिला व प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा की, कहा

सुविधा के अभाव में बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में नीति आयोग अंतर्गत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, प्रतिनिधि तथा कार्यक्रम से जुड़े समन्वयक उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बुनियादी विकास एवं अन्य प्रमुख सूचकांकों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों से बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और जिन क्षेत्रों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहाँ तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य क्षेत्र में नवजात शिशु पंजीकरण, कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों की पहचान एवं देखभाल पर विशेष बल दिया गया। शिक्षा क्षेत्र में उपायुक्त ने विद्यालयों में शौचालय व पेयजल की व्यवस्था को प्राथमिकता से सुधारने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए। कृषि क्षेत्र में सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण की प्रगति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने प्रक्रिया में तेजी लाने और किसानों को इसके महत्व के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने विभागीय कार्यों की अद्यतन जानकारी एमआईएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करें और डाटा की गुणवत्ता व नियमित निगरानी पर विशेष ध्यान दें, ताकि नीति आयोग को समय पर सटीक सूचना उपलब्ध कराई जा सके।

अंत में उपायुक्त ने कहा कि "आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की सफलता विभागीय समन्वय, समयबद्ध कार्यान्वयन और प्रभावी मॉनिटरिंग पर निर्भर करती है। इसका लाभ सीधे जिले के नागरिकों तक पहुँचना चाहिए।" बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन गुमला, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला योजना पदाधिकारी, एलडीएम, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

टीबी जागरूकता सह स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित

गुमला। टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 के तहत गुमला जिला यक्ष्मा केंद्र द्वारा सोमवार को लूथरन उच्च विद्यालय, गुमला में टीबी जागरूकता सह स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कृष्णकांत मिश्रा ने की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नूरा गीता एक्का, जिज्ञासा सिटी लेवल फेडरेशन, नगर परिषद गुमला की अध्यक्ष मधु मेरीना लकड़ा, सचिव इशरत जहां, सदर पप्पू रब्बानी, कार्यकारिणी सदस्य अली असगर और सैफ अली सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कृष्णकांत मिश्रा एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) गुमला के मुकेश कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर उपचार, पोषण सहायता योजनाओं एवं टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीबी एक संक्रामक रोग है, जिसका इलाज पूरी तरह संभव है, बशर्ते मरीज नियमित दवा लें और समय पर स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े रहें।

छात्रा ने नागपुरी देशभक्ति गीत से जीता सबका दिल

बिशुनपुर (गुमला)। स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड कार्यालय मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा मालती कुमारी ने ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने पूरे क्षेत्र का दिल जीत लिया। मालती ने ठेठ नागपुरी भाषा में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। उनकी मधुर आवाज और ओजपूर्ण प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुति के बाद जब इस गीत का वीडियो अरुण कुमार गिरी द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया, तो यह देखते ही देखते वायरल हो गया। कुछ ही घंटों में वीडियो को हजारों लोगों ने साझा किया और अब तक इसे एक मिलियन से अधिक लोगों ने पसंद किया है। खास बात यह है कि देशभर से लोग न केवल इस गीत को सुन रहे हैं, बल्कि कमेंट कर मालती की सराहना भी कर रहे हैं।

फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिशुनपुर (गुमला)। बिशुनपुर थाना कांड संख्या 03/25 में नामजद और आर्म्स एक्ट का प्राथमिक अभियुक्त हरेंद्र उर्फ हरे उरांव को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। हरे उरांव, सातो नवाटोली निवासी और कुख्यात झांगुर ग्रुप के रामदेव उरांव का करीबी सहयोगी बताया जाता है। थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव ने जानकारी दी कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी तलाश में कई बार छापेमारी की, लेकिन हर बार वह बच निकलता था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हरे उरांव अपने गांव सातो नवाटोली आया हुआ है।

वज्रपात जनजागरूकता रथ रवाना, पंचायत स्तर तक पहुंचेंगे सुरक्षा संदेश

गुमला। समाहरणालय परिसर से आज अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक ने हरी झंडी दिखाकर वज्रपात जनजागरूकता रथ को रवाना किया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) द्वारा संचालित वज्रपात सुरक्षा शमन परियोजना जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुमला जिले में शुरू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं पंचायत स्तर पर वज्रपात से बचाव के उपायों की जानकारी आमजन तक पहुँचाना है। जनजागरूकता रथ विभिन्न पंचायतों का भ्रमण कर लोगों को सुरक्षित आचरण अपनाने हेतु प्रेरित करेगा। रथ के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि वज्रपात की आशंका होने पर खुले मैदान, पेड़ों के नीचे, बिजली के खंभों या ऊँचे स्थानों पर खड़ा होना खतरनाक है। ऐसे समय पर मोबाइल, टीवी, रेडियो जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग बंद कर सुरक्षित स्थान पर शरण लेना चाहिए। साथ ही लोगों को यह भी बताया जाएगा कि वज्रपात के दौरान पक्के मकान में रहना सबसे सुरक्षित है तथा खिड़कियों और दरवाजों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

जन शिकायत निवारण दिवस पर 14 आवेदनों का हुआ निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

घाघरा (गुमला)। घाघरा प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। इस दौरान कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 14 आवेदनों का त्वरित निष्पादन कर दिया गया। एक आवेदन को निष्पादन हेतु जिला स्तर पर भेजा गया, जबकि एक मामला फील्ड जांच की प्रक्रिया में है। कार्यक्रम के दौरान मैय्या सम्मान योजना से संबंधित आवेदनों का सत्यापन भी किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन कर सप्ताह किया जाता है । जिसमें आप सभी अपनी समस्याओं और योजनाओं से जुड़ी कठिनाइयों को निसंकोच आगे रखें, ताकि उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जा सके।

श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने बिट्टू गुप्ता

नवीन मेल संवाददाता

सिसई (गुमला)। थाना रोड सिसई में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक 17 अगस्त 2025 को संध्या 7:00 बजे दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता सुधीर साहु के द्वारा किया गया। जिसमें पूर्व की समिति को भंग कर नए समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में अध्यक्ष - बिट्टू गुप्ता, उपाध्यक्ष - आशिष यादव, राजेश सरदार, हिन्दू बबलू, राजेश लोहरा, उमेश माली, विकास लाल, हिमांशु गुप्ता, सुजीत उराँव ,सचिव - विनोद साहू, अंकू साहू , सह सचिव - संतोष गुप्ता, मयंक गुप्ता, कोषाध्यक्ष - सुधीर साहू, सह कोषाध्यक्ष - पंकज साहु पूजा प्रभारी - सुशांत केशरी, सूरज ठाकुर, सौरभ लाल, मंटू साहु, कुन्दन वर्मा, संरक्षक - तेज मोहन साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, संदीप गुप्ता, विनय केशरी, बलम वर्मा, रूपेश साहु, धनी राम यादव, नवीन गुप्ता, पंकज गुप्ता, रामवतार साहु उर्फ नन्हू का चयन किया गया।

फुटबॉलर मिट्ठू महली का निधन

भरनो (गुमला)। भरनो बस्ती हरिजन मुहल्ला निवासी व सरना क्लब भरनो के पुराने फुटबॉल खिलाड़ी मिट्ठू महली (36 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और रविवार को घर पर ही उन्होंने अंतिम सांस ली। मिट्ठू महली लंबे समय तक स्थानीय फुटबॉल टीम के सक्रिय खिलाड़ी रहे। मैदान पर उनकी तेज़ी और जुझारूपन के लिए उन्हें भरनो के खेलप्रेमी आज भी याद करते हैं। उनके निधन से न केवल क्लब बल्कि पूरे क्षेत्र के फुटबॉल जगत को गहरी क्षति पहुंची है। भरनो के खिलाड़ियों और पदाधिकारियों ने क्लब परिसर में एकत्र होकर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत खिलाड़ी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

जिला शिक्षा पदाधिकारी की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

25 अगस्त तक सभी स्कूलों में पौधरोपण अनिवार्य

- **जिले के 1782 स्कूलों में से 1275 स्कूलों ने नोटिफिकेशन अपलोड**

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। झारखंड शिक्षा परियोजना कार्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कविता खलखो की अध्यक्षता में जिले के सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, कनिष्ठ अभियंता और लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटरों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं फील्ड मैनेजर की मौजूदगी में प्रभागवार कार्यों की उपलब्धियों की समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक और निजी विद्यालयों में इको क्लब अंतर्गत पौधारोपण और क्लब गठन की प्रगति की समीक्षा की गई। अब तक जिले के 1782 स्कूलों में से 1275 स्कूलों ने नोटिफिकेशन अपलोड किया है। वहीं, 1.60 लाख पौधारोपण लक्ष्य के विरुद्ध 78 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। साथ ही, नामांकन संख्या के अनुरूप पौधारोपण कर छात्रों को सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार एवं स्वच्छ एवं हरित विद्यालय अंतर्गत स्वच्छता के विभिन्न आयामों पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 31 अगस्त तक सभी स्कूल पंजीकरण पूरा कर सर्वे कार्य समाप्त करें। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को पुरस्कार हेतु चयनित करने की रणनीति पर बल दिया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि छात्रों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति, सावित्री बाई फुले योजना, कल्याण विभाग की साइकिल योजना, इंस्पायर अवार्ड रजिस्ट्रेशन और बैंक खाते से जुड़ी सुविधाओं का लाभ समय पर दिलाया जाए। इसके अतिरिक्त बैठक में जर्जर विद्यालयों की सूची, आधारभूत आवश्यकताओं की समीक्षा, सितम्बर माह में आयोजित होने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी, ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर शिक्षक और छात्र उपस्थिति, प्रोजेक्ट रेल का मासिक मूल्यांकन और प्रोजेक्ट इंपैक्ट के प्रयास कार्यक्रम सहित यू-डायस शैक्षणिक आंकड़ों की प्रविष्टि पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना (अनाबद्ध मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/19/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में किनामाड़ कृषि फार्म परिसर में पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1289800	25800	2500	1 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.08.2025 से दिनांक 26.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 359731 Rural Development (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F_2-03/2025-26
Dated :-14/08/2025

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemid041@gmail.com
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 25/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे)

क्र0	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	महुलनीयाखाड़ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण	रामगढ़	69,63,600.00	1,39,300.00	10,000.00	

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **http://jharkhandtenders.gov.in** मेंलॉगआन करें।
(7) अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 359692 Minor Irrigation (25-26)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/F_2-02/2025-26 Dated :-14/08/2025

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemid041@gmail.com
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 25/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 10/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे)

क्र 0	योजना का नाम	प्रखण्ड	प्राक्कलित राशि (रूपये में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	सरसतीया नाला पर एकल चेकडैम निर्माण	पडवा	60,13,300.00	1,20,300.00	10,000.00	

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।
(7) अग्रधन की राशि घट बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 359691 Minor Irrigation(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"ईश्वर को प्यार करने वाला भक्त किसी जाति का नहीं हो सकता है। क्योंकि भगवान किसी धर्म-जाति में विश्वास नहीं रखते, भगवान को केवल सच्चे मन से याद करना चाहिए।"- **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

संपादकीय

महाशक्ति चीन या बेरोजगारी का केंद्र?

विश्व को साम्राज्य बनाने के लक्ष्य पर चल रहे चीन ने शोध और स्पष्ट नीतियों से अमेरिका को चुनौती दी है पर वहां के युवा संतुष्ट नहीं। चीन में बढ़ती बेरोजगारी के बीच ऐसी कंपनियां बढ़ी हैं, जो कि युवाओं को नौकरी पर जाने का दिखावा करने के लिए प्रस्ताव दे रही हैं। यह ट्रेंड इस कदर बढ़ चुका है कि इसका नाम ही 'प्रिटेन्ड टू वर्क' (काम का दिखावा) सेवा पड़ चुका है। इस तरह की सेवाएं मुहैया करा रही कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ी है और बेरोजगार युवा हर दिन 30 से 50 युआन (करीब 350 से 600 रुपए) तक चुका कर इन कंपनियों में नौकरी का दिखावा करने जा रहे हैं। कंपनियां बेरोजगार लोगों को अपनी अलग डेस्क, वाई-फाई कनेक्शन, कंप्यूटर, मीटिंग रूम, नाश्ता और नौकरी जैसा माहौल मुहैया कराती हैं। बदले में इन कंपनियों में जाने वाले लोग इन्हें प्रतिदिन फीस देते हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ कंपनियां लंच और डिनर भी मुहैया कराती हैं। कंपनियों में नौकरियों का दिखावा करने वाले लोग आमतौर पर काम पर जाने जैसा माहौल महसूस कर सकते हैं। इसके चलते वे अपनी टीम बनाकर फ्रीलांस काम में जुटते हैं। ये लोग खुद ही अपनी भूमिका भी चुन लेते हैं। कम अनुभव वाले लोग साधारण कर्मचारी, ज्यादा अनुभव वाले मैनेजर या बॉस। ज्यादातर युवा इन कंपनियों में जाकर अपने लिए असली नौकरी खोजने के काम में भी जुटते हैं। इसके अलावा वे यहां नौकरी के हिसाब से नया कौशल सीखने के लिए या फिर अपना स्टार्टअप बिजनेस शुरू करने की भी योजना तैयार करते हैं। कई लोग यहां अन्य बेरोजगार युवाओं के साथ टीम में भी काम करते हैं। युवाओं का चीन में जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था धीमी पड़ती जा रही है, वैसे ही यहां बेरोजगारी का संकट काफी बढ़ चुका है। अधिकतर युवा कॉलेज के बाद अपने कौशल के हिसाब से नौकरी पाने में असफल हो रहे हैं। ऐसे में उनके सामने सही नौकरी मिलने तक घर पर ही खाली बैठने का संकट पैदा हुआ है। ज्यादातर युवा इस स्थिति से खुश नहीं हैं। चीन की स्थानीय मीडिया के मुताबिक, लोगों का कहना है कि वे अपने घर तक में बेरोजगारी की बात नहीं बताना चाहते, ताकि लोग उनके बारे में राय न कायम कर लें। वहीं, कुछ और लोगों का कहना है कि वे परिवार, रिश्तेदारों और समाज के सामने खुद को व्यस्त दिखाना चाहते हैं। इसलिए वे नौकरी पर जाने का दिखावा करके ही खुद को बचाने की कोशिश में हैं। शुई झू नाम के एक युवा, जिसका बिजनेस वेंचर पिछले साल ही असफल हो गया था, वह हर दिन दोंगुआन में एक प्रिटेंड टू वर्क कंपनी में 30 युआन खर्च कर जाते हैं। शुई के मुताबिक, उनके पांच और साथी वहीं काम करते हैं। कुछ और लोगों का कहना है कि साथ काम करने से उन्हें यह अहसास नहीं होता कि वे बेरोजगार हैं या किसी काम के नहीं हैं। युवाओं को 'काम का दिखावा' करने की सेवा मुहैया कराने वाली एक कंपनी के प्रमुख फेयू (बदला हुआ नाम) ने बताया कि उनकी कंपनी सिर्फ काम की जगह नहीं देती, बल्कि लोगों को यह अहसास दिलाती है कि वे निठल्ले नहीं हैं और समाज में सम्मान पाने के हकदार हैं। फेयू का कहना है कि कोरोनावायरस महामारी जब चीन में चरम पर थी, तब उन्हें खुद अपनी नौकरी गंवाकर घर बैठना पड़ा। इसलिए उन्होंने प्रिटेंड टू वर्क कंपनी की स्थापना की। फेयू का कहना है कि उनके यहां काम का दिखावा करने आने वाले 40 फीसदी उपभोक्ता हालिया ग्रैजुएट हैं। कई लोग अपने परिवार के दबाव में काम का दिखावा करने आते हैं। इसके अलावा 60 फीसदी लोग फ्रीलांसर हैं, जो कि बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों और साइबरस्पेस कर्मियों के लिए प्रोजेक्ट संभालते हैं।

चीन में बढ़ती बेरोजगारी के बीच ऐसी कंपनियां बढ़ी हैं, जो कि युवाओं को नौकरी पर जाने का दिखावा करने के लिए प्रस्ताव दे रही हैं।

19 अगस्त : विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विशेष

सिर्फ तस्वीर नहीं, इतिहास का आईना भी है फोटोग्राफी

फोटोग्राफी समय को एक फ्रेम में कैद करने की जादुई कला है। यह वह लेंस है जो न केवल दृश्यों को, बल्कि भावनाओं, संस्कृतियों और मानवता के अनकहे किस्सों को अमर बनाता है। 19 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व फोटोग्राफी दिवस केवल कैमरे की तकनीक का उत्सव नहीं, बल्कि उस नजरिए का सम्मान है जो दुनिया को नए रंगों और गहराइयों में देखता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक तस्वीर न सिर्फ आँखों के लिए एक दृश्य है, बल्कि वह एक कहानी, एक विचार और एक युग का दस्तावेज भी है।

फोटोग्राफी का इतिहास 19वीं सदी की प्रयोगशालाओं में शुरू हुआ, जब जोसेफ निसेफोर निएप्स ने 1826 में पहली स्थायी तस्वीर खींची, जिसे "व्यू फ्रॉम द विंडो एट ले ग्रास" कहा गया। यह धुंधली तस्वीर, जो आठ घंटे की रोशनी के संपर्क में रहकर बनी, ने मानव इतिहास में एक नया अध्याय खोला। इसके बाद, 1839 में लुई दागेरे की दागेरेओटाइप प्रक्रिया ने फोटोग्राफी को और सुलभ बनाया। उसी वर्ष फ्रांस सरकार ने इसे दुनिया के लिए मुफ्त घोषित किया, जिसकी स्मृति में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसी खोज थी जिसने न केवल कला, बल्कि विज्ञान, पत्रकारिता और सामाजिक बदलाव को नया आयाम दिया।

फोटोग्राफी ने इतिहास को जीवंत दस्तावेज में बदल दिया। 1857 के भारतीय विद्रोह की तस्वीरें हों या 1969 में चंद्रमा पर नील आर्मस्ट्रांग के पहले कदम की छवि, इन तस्वीरों ने समय की धारा को रोका और हमें अतीत को महसूस करने का मौका दिया। विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि फोटोग्राफी ने युद्धों, क्रांतियों और सामाजिक आंदोलनों को न केवल रिकॉर्ड किया, बल्कि उन्हें दुनिया तक पहुँचाकर बदलाव की प्रेरणा भी दी। उदाहरण के लिए, 1972 में वियतनाम युद्ध की उस तस्वीर ने, जिसमें एक नन्ही बच्ची नापाम बम के हमले से भागती दिख रही थी, पूरी दुनिया में युद्ध-विरोधी भावनाएँ भड़काईं। यह तस्वीर, जिसे निक उत ने खींचा था, आज भी फोटोग्राफी की सामाजिक शक्ति का प्रतीक है।

आज फोटोग्राफी आम आदमी की जेब तक पहुँच चुकी है। स्मार्टफोन के कैमरों ने हर व्यक्ति को फोटोग्राफर बना दिया है। 2023 तक, वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन 1.8 अरब से अधिक तस्वीरें खींची जा रही थीं, जिनमें से 80% से ज्यादा स्मार्टफोन के जरिए। यह लोकतांत्रिक क्रांति फोटोग्राफी को पहले से कहीं अधिक समावेशी बनाती है। अब कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी दूरदराज के गाँव में हो या महानगर में, अपनी कहानी को दुनिया तक पहुँचा सकता है। भारत में, जहाँ 1.4 अरब लोग रहते हैं, स्मार्टफोन की पहुँच ने ग्रामीण फोटोग्राफरों को भी सामने लाया है, जो अपनी तस्वीरों के जरिए स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों को उजागर कर रहे हैं।

हालाँकि, डिजिटल युग ने फोटोग्राफी को नई चुनौतियाँ भी दी हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर ने तस्वीरों की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। 2024 में, एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 62% लोग ऑनलाइन देखी गई तस्वीरों पर पूरी तरह भरोसा नहीं करते। यह फोटोग्राफरों के लिए एक नैतिक जिम्मेदारी लाता है कि वे सत्य को विकृत न करें। विश्व फोटोग्राफी दिवस इस बात पर जोर देता है कि फोटोग्राफी की शक्ति तभी सार्थक है, जब वह ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत हो।

फोटोग्राफी का एक अनोखा पहलू इसकी वैश्विक भाषा है। यह वह माध्यम है जो बिना शब्दों के भावनाओं को व्यक्त करता है। चाहे वह अफ्रीका के सूखे से प्रभावित बच्चे की आँखों में छिपा दर्द हो, या हिमालय की बर्फीली चोटियों का सौंदर्य, ये तस्वीरें हर दिल तक पहुँचती हैं। 2023 में, नेशनल जियोग्राफिक की एक तस्वीर, जिसमें एक ध्रुवीय भालू पिघलते ग्लेशियर पर बैठा था, ने जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक चर्चा को नई दिशा दी। यह तस्वीर न केवल सुंदर थी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की तात्कालिकता को भी रेखांकित करती थी।

फोटोग्राफी कला का एक ऐसा रूप है जो रचनात्मकता को असीमित आकाश देता है। लाइट, शैडो, और कोणों का खेल किसी तस्वीर को सामान्य से असाधारण बना देता है। भारत में, रघु राय जैसे फोटोग्राफरों ने अपनी तस्वीरों के जरिए देश की आत्मा को कैद किया। उनकी 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें आज भी मानवता को झकझोर देती हैं। वहीं, सोशल मीडिया के युग में इंस्टाग्राम और पिनटेरेस्ट जैसे प्लेटफॉर्म ने युवा फोटोग्राफरों को अपनी कला को दुनिया तक पहुँचाने का मौका दिया है। 2024 में, भारत में 50 लाख से अधिक लोग फोटोग्राफी को अपने पेशे या शौक के रूप में अपना चुके हैं, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

फोटोग्राफी सामाजिक बदलाव का भी एक शक्तिशाली हथियार है। हाल के वर्षों में, भारत में किसान आंदोलन (2020-21) की तस्वीरों ने दुनिया का ध्यान खींचा, जिससे सरकार और समाज को उनकी माँगों पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसी तरह, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर तस्वीरें जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें यह सिखाता है कि कैमरा केवल सौंदर्य को कैद करने का साधन नहीं, बल्कि समाज को आलोड़ित करने और बेहतर बनाने का औजार भी है।

विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें उस शक्ति की याद दिलाता है जो एक साधारण क्लिक में छिपी है। यह हमें सिखाता है कि फोटोग्राफी केवल तकनीक या कला नहीं, बल्कि मानवता का दर्पण है। यह हमें अपने आसपास की दुनिया को नए सिरे से देखने, उसकी सुंदरता को सहेजने और उसके दर्द को समझने की प्रेरणा देता है। हर तस्वीर एक कहानी है, और हर कहानी के पीछे एक फोटोग्राफर की नजर है जो दुनिया को बदल सकती है। इस 19 अगस्त को, जब हम कैमरे के लेंस से दुनिया को देखें, तो यह संकल्प लें कि हमारी तस्वीरें न केवल सुंदर होंगी, बल्कि सत्य, संवेदनशीलता और बदलाव का प्रतीक भी बनेंगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात

प्रो. आरके जैन

अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष

देश की बात

ललित गर्ग

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतुके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं। हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

वोट चोरी पर भारी पड़ रहा पानी में भींगकर विपक्ष का पानी पानी होना!



अभी पन्द्रह अगस्त को जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस के जश्न में डूबा हुआ था तब हमारे प्रतिपक्ष के सबसे बड़े नेता जी मूसलाधार पानी में भींगकर झंडे को सलामी दे रहे थे। यह कोई अच्छी खबर नहीं थी क्योंकि इस राष्ट्रीय उत्सव के दौरान हमारा एक बड़ा नेता भींगने को विवश नजर आ रहा था। यह अच्छी खबर इसलिए भी नहीं थी क्योंकि यह सबकुछ मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की घोर लापरवाही का नतीजा जो था। यहाँ हैरत की बात यह भी थी कि आर्थिक दृष्टिकोण से विश्व के "क्लब फाइव" में शामिल देश की मजबूत सरकार के पास हमारे राष्ट्रीय राजकुमार के लिए एक छोटे से छाते की व्यवस्था तक नहीं थी! जी हाँ, पूरे विश्व को पता है कि फटी जेब वाला कुर्ता पहन कर सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाने की मजबूरी झेल रहे हमारे इस लोकप्रिय नेता के पास छाता खरीदने की आर्थिक क्षमता नहीं है। इधर वोट चोरी के कारण सड़क पर खड़े अपने दल का भी यही हाल है अन्यथा वह झंडोत्तोलन के दौरान उन्हें बरसा के पानी से बचाने के लिए एक अदद छतरी की व्यवस्था जरूर कर लेता। सच कहें तो यह इसलिए भी बहुत अफसोस की बात है क्योंकि देश में बसुधैव कुटुंबकम् को अपना आदर्श बताने वाले मनुवादियों की ढकोसली सरकार है। यदि मोदी जी में मनुवाद का ढकोसला न होता तो उन्हें अपने "श्रीमंत" में दत्तात्रेय ब्राह्मण के दर्शन जरुर होते और ब्राह्मण होने के नाते उपेक्षा का शिकार भी नहीं बनाया जाता। वैसे भी आजकल हमारे देश में किसी जनेऊधारी ब्राह्मण को प्रताड़ित करने व उन्हें उपहास का पात्र बनाने का मामला काफी ट्रेंड में है। सिर्फ इस ट्रेंड के कारण मोदी जी यदि उन्हें छाते से वंचित करके प्रताड़ित करने और भींगोकर मजा चखाने की साजिश रच रहे थे तो कोई बात नहीं थी परन्तु तकलीफ इस बात को लेकर है कि पैतृक संपदा की दृष्टि से श्रीमंत साहब "खान" नामधारी उस अल्पसंख्यक समुदाय से हैं जिसके लिए अल्पसंख्यक का तात्पर्य किसी कल्याण योजना भर में सिमटा हुआ नहीं है। ऐसा इसलिए भी कि वे तो "माइनो" मातृकुल के साथ डबल इंजन वाले अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। भारत में अल्पसंख्यकों को कई मायनों में विशेषाधिकार प्राप्त है और जब यहां डबल इंजन वाले अल्पसंख्यक राजकुमार की बात हो रही है तो सरकार को अतिरिक्त एहतियात बरतनी चाहिए थी। ऐसा कुछ भी नजर नहीं आया जबकि वे सिर्फ नेता, अल्पसंख्यक, राष्ट्रीय धरोहर और राजनीति के राजकुमार भर नहीं हैं बल्कि हमारे नेहरू हैं, गांधी हैं, मुख्य विपक्षी दल हैं और राष्ट्रीय धरोहर भी हैं। यह ठीक है कि वर्षा की बूंदों से सबकुछ भीग जाता है परन्तु हमें भी पता है कि राजनीति की दूधिया रोशनी में ऐसा नहीं होता। आज जब ऐसा कुछ हुआ है तो सवाल उठने ही चाहिए परन्तु दुर्भाग्यवश जवाबदेही के नाम पर यहाँ कुछ अलग ही खेल खेला जा रहा है। इस खेल को समझने के हमें नई दिल्ली स्थित वार मेमोरियल की वह झलक देखनी होगी जब हमने अपने महामहिम राष्ट्रपति को भी झंडोत्तोलन के वक्त भींगते हुए देखा। निसंदेह यह तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर की जवाबदेही का एक जज्बा था और वोटों की चोरी का उनके भींगने से कोई लेना-देना नहीं है। अब मन तो मन है, इसे काबू में किया नहीं जा सकता। बहरहाल बरसाती ओढ़कर जब दल के अध्यक्ष झंडा फहरा रहे हों और वहाँ उपस्थित तमाम स्वनामधन्य चारणों को वर्षा के पानी से बचाने के साधन मुहैया कराए गए हों तब एक राजकुमार को पानी में भींगोकर फोटो शूट कराया जा रहा हो तो सरकार की नीयत पर सवाल तो उठेंगे ही। यह सवाल इसलिए भी उठने चाहिए क्योंकि भींगने वाला शख्स कोई मामूली सा आदमी नहीं है बल्कि यह वह शख्स है जो खुद में न्यायालय है, न्यायकर्ता है, वादी है, प्रतिवादी है, टोपीधारी है, जनेऊधारी है, गठबंधन है, क्रेडिट है, एफिडेविट है और सबकुछ है। सवाल भी यह कि इतना कुछ होने के बावजूद और इतनी बड़ी लापरवाही के बाद क्या अब मोदी सरकार को तत्काल इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए? बताते चलें कि ऐसा कुछ भी नहीं होगा क्योंकि उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग और देश से प्राप्त जनादेश के बावजूद लगता है वोट की चोरी के बदौलत लगातार तीसरी बार सरकार बनाने वाले मोदी जी अब नेता प्रतिपक्ष को भींगा कर मारने की नीयत पर उतर आए हैं!

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात

केदारनाथ दास

फेसबुक वॉल से

एक्स से

आज का दोहा

अगड़म, बड़ा, चिल्ल पों, तिकड़म, हिंसा, ख्वाब।
आजादी के बाद की, यही कथा है सा'ब।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

हारने वालों को नहीं सामना करने वालों को याद करती है दुनिया

अलग बात

डॉ. दीपक प्रसाद
सांस्कृतिक शोधकर्ता
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

जीवन क्या है? यह प्रश्न जितना सरल लगता है, उतना ही रहस्यमय है। जीवन केवल सांस लेने और धड़कनों के चलने का नाम नहीं, यह एक अनुभव है, एक यात्रा है, जो जन्म से मृत्यु तक निरंतर बहती रहती है। कभी इसमें सुख का संगीत बजता है, कभी दुख का आलाप, कभी इसमें संघर्ष का स्वर गूंजता है तो कभी शांति की मधुर धुन। वास्तव में, जीवन एक रंगमंच है, जिस पर हम सभी कलाकार हैं और प्रत्येक क्षण एक नया रंग, एक नया दृश्य लेकर आता है। जीवन के रंग अनेक हैं। खुशी का पीला, प्रेम का गुलाबी, विश्वास का हरा, संघर्ष का लाल, और निराशा का धूसर। इन रंगों का मिश्रण ही हमारे अनुभवों को पूर्ण बनाता है। हम अक्सर केवल उजले रंगों को अपनाना चाहते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि अंधकार के बिना प्रकाश का महत्व समझ में नहीं आता। जिस प्रकार इंद्रधनुष में सात रंग मिलकर सौंदर्य रचते हैं, उसी प्रकार जीवन में सुख-दुख, हंसी-आंसू, जीत-हार, उतार-चढ़ाव सभी मिलकर इसे सार्थक बनाते हैं। सांस लेना, खाना, काम करना और सो जाना क्या बस यही जीवन है? वेद-उपनिषदों और मनीषियों के अनुसार, जीवन एक सतत यात्रा है, जो आत्मा के विकास, अनुभवों की पूर्णता और ईश्वर से एकत्व की ओर अग्रसर होती है। ऋग्वेद में कहा गया है "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः" अर्थात (हमारे पास संसार के सभी ओर से कल्याणकारी विचार आते रहें) यह मंत्र हमें सिखाता है कि जीवन का हर रंग चाहे वह सुख का हो या दुख का हमें कुछ न कुछ सिखाने आता है, बशर्ते हम अपने मन को खुला रखें। जीवन हमें अलग-अलग रंग दिखती है। महाभारत में भीष्म पितामह युधिष्ठिर से कहते हैं "सुखं वा यदि वा दुःखं समं पश्येत पण्डितः" अर्थात(जो सुख और दुख को समान भाव से देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है)। आध्यात्मिक दृष्टि से जीवन ईश्वर का वरदान है। कठोपनिषद में यमराज नचिकेता से कहते हैं "श्रेयो हि ज्ञानमभ्यसेत, प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद् वृणीत" (ज्ञानी व्यक्ति श्रेष्ठ मार्ग चुनता है, जबकि अज्ञानी आसान मार्ग चुनता है)। जीवन हमें कठिनाइयाँ इसलिए देता है, ताकि हम "श्रेयो मार्ग"—अर्थात श्रेष्ठ और स्थायी सुख की ओर बढ़ें। महात्मा बुद्ध जब राजमहल छोड़कर जीवन के सत्य की खोज में निकले, तो उन्होंने दुःख, बीमारी, बुढ़ापा और मृत्यु को जीवन के अनिवार्य रंग के रूप में देखा। उनके अनुसार, दुःख से भागना नहीं, बल्कि उसके कारण को समझकर उसे समाप्त करना ही जीवन का उद्देश्य है। ठीक वैसे ही, महाभारत में अर्जुन जब युद्धभूमि में मोहग्रस्त होकर हथियार डाल देते हैं, तो श्रीकृष्ण उन्हें गीता का उपदेश देते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" (तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल में नहीं) यह संदेश हर युवा के लिए आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि कठिनाइयों से भागना नहीं, बल्कि अपने कर्म को जारी रखना ही विजय का मार्ग है। दुःखद सच्चाई यह है कि आज के युवा छोटी-सी असफलता को भी जीवन का अंत मान लेते हैं। अखबारों में रोज़ ऐसी खबरें आती हैं। परीक्षा में असफल होने पर आत्महत्या। प्रेम-विच्छेद के बाद जीवन समाप्त कर लेना। आर्थिक संकट में पूरे परिवार का सामूहिक आत्महत्या कर लेना। छांदोग्य उपनिषद में स्पष्ट कहा गया है, "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः मन्तव्यः निदिध्यासितव्यः" अर्थात (आत्मा को देखना, सुनना, विचारना और गहराई से समझना चाहिए) अगर युवा यह समझ लें कि आत्मा अमर है और जीवन का मूल्य सांसों से कहीं अधिक है, तो वे क्षणिक भावनाओं के आधार पर ऐसे निर्णय कभी न लें। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को केवल पढ़ाई में उत्कृष्टता के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के लिए भी तैयार करें। घर में ऐसा माहौल बने, जिसमें बच्चा अपनी समस्याएं खुलकर साझा कर सके। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को बचपन में आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनकी मां कई बार रात का भोजन छोड़ देती थीं, ताकि बच्चे खा सकें। यह कठिनाई ही थी जिसने उन्हें "मिसाइल मैन" और "जनता के राष्ट्रपति" के रूप में स्थापित किया। जीवन को जीने की कला वेदांत दृष्टि में जीवन को सुंदर और सार्थक बनाने के लिए कुछ मूल मंत्र सुझाया गया है।जो हो रहा है, उसे ईश्वर की योजना मानकर स्वीकार करें,हर परिस्थिति में आभार व्यक्त करें,कठिन समय हमेशा अस्थायी होता है, काम, परिवार, और आत्मिक उन्नति में संतुलन रखें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

पीएम मोदी 22 को कोलकाता में तीन ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

- पहले जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन, फिर एयरपोर्ट तक मेट्रो यात्रा।
- फिर सड़क मार्ग से दमदम सेंट्रल जेल ग्राउंड में प्रशासनिक व राजनीतिक कार्यक्रम।
- मार्च 2024 में पीएम ने देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया था।
- केंद्र सरकार बंगाल में मेट्रो व रेलवे सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास में है।

ईएम बाईपास को मेट्रो से मिलेगी नई सुविधा

इस बार प्रधानमंत्री ऑरेंज लाइन (न्यू गरिया से एयरपोर्ट) और ग्रीन लाइन (सेक्टर फाइव से हावड़ा मैदान) पर विस्तारित सेवाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी ने इससे पहले न्यू गरिया से रुबी (हेमंत मुखर्जी स्टेशन) तक ऑरेंज लाइन की सेवा शुरू की थी। अब वे रुबी से बेलियाघाटा तक की सेवा की शुरुआत करेंगे। इससे ईएम बाईपास पर न्यू गरिया से बेलियाघाटा तक मेट्रो सेवा उपलब्ध हो जाएगी। समिक भट्टाचार्य ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "राज्य में 43 रेलवे प्रोजेक्ट रुके हुए हैं। अगर किसी राज्य में जमीनी नीति ही स्पष्ट नहीं है और सरकार यह ऐलान कर दे कि हम एक इंच भी जमीन अधिग्रहण नहीं करेंगे, तो रेलवे जैसी योजनाएं कैसे पूरी होंगी?"

एजेंसी। कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को कोलकाता और आसपास के इलाकों में तीन नई मेट्रो लाइनों का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मेट्रो में सफर भी करेंगे। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और सांसद समिक भट्टाचार्य ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस कार्यक्रम की जानकारी दी।उन्होंने बताया, "प्रधानमंत्री सबसे पहले कोलकाता एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन पहुंचेंगे। वहां मेट्रो सेवा का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे मेट्रो से जेसोर रोड से जय हिंद एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन तक का सफर करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से दमदम सेंट्रल जेल ग्राउंड जाएंगे, जहां उनके प्रशासनिक और राजनीतिक कार्यक्रम होंगे।"बता दें, इससे पहले मार्च 2024 में उन्होंने देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया था और हुगली नदी के नीचे से मेट्रो में सफर किया था। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि बंगाल में रेलवे और मेट्रो की बेहतर सेवाएं मिलें, लेकिन राज्य सरकार की नीतियों के कारण यहां विकास की रफ्तार थम रही है।

इंडिया ब्लॉक का आरोप

अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग

- विपक्ष के सवालों का नहीं दे पा रहा जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

सोमवार को इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग पर अपना हमला तेज़ कर दिया। उसने हाल के चुनावों में कदाचार का आरोप लगाया और बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के उसके फ़ैसले पर सवाल उठाए। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कथित अनियमितताओं का हवाला देते हुए, नेताओं ने अपनी आलोचना और तेज़ कर दी। टीएमसी की महुआ मोइत्रा ने तो लोकसभा को तुरंत भंग करने का भी आग्रह किया। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई, सपा के रामगोपाल यादव, टीएमसी की महुआ मोइत्रा, राजद के मनोज झा, आप के संजय सिंह और अन्य वरिष्ठ विपक्षी नेताओं ने भाग लिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि कल अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में, चुनाव आयोग (EC) ने राजनीतिक दलों पर सवाल उठाए, जब उन्हें यह बताना पड़ा कि वे जल्दबाजी में SIR क्यों कर रहे हैं। बिहार में SIR पर EC चुप था। वे इस बात पर भी चुप थे कि लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच 70 लाख नए मतदाता कैसे जुड़े। यह स्पष्ट है कि EC ऐसे अधिकारियों के अधीन है जो निष्पक्ष नहीं हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहा, अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। गोगोई ने कहा कि महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या बढ़ाने, महादेवपुरा में मतदाता सूची में विसंगतियों, वीडियो डेटा हटाने पर निर्वाचन आयोग चुप है।

चुनाव आयोग के खिलाफ एकजुट हुआ विपक्ष

- सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की तैयारी!

नई दिल्ली। 'वोट चोरी' के चल रहे आरोपों के बीच, विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। सोमवार को कई रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। एक समाचार एजेंसी ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन के हवाले से कहा कि पार्टी ज़रूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक हथकंडे अपनाने को तैयार है, हालाँकि अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र के सभी हथकंडे अपनाएँगे। अभी तक हमने (महाभियोग पर) कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन ज़रूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। एक दिन पहले, ज्ञानेश कुमार ने संविधान के प्रावधानों और चुनावी कानूनों की धाराओं का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों को खारिज करने की कोशिश की। उन्होंने गांधी के आरोपों को भारत के संविधान का अपमान करार दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है।

संसद डायरी: लोकसभा में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली। विपक्षी सदस्यों के बार-बार व्यवधान के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन पर निर्धारित विशेष चर्चा भी बाधित रही। भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 पारित होने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इस साल 30 जून तक नियामक और भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण 5,706 उड़ानें रद्द की गईं। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।

- एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा जारी

संसद की कार्यवाही

1. संसद ने सोमवार को बंदरगाह क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में बंदरगाह क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने में इस प्रस्तावित कानून की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा और मंत्री सोनोवाल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।
2. वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि कुल 56.04 करोड़ प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में से 23 प्रतिशत निष्क्रिय हैं। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 31 जुलाई 2025 के अंत तक 56.03 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में से 13.04 करोड़ खाते निष्क्रिय हैं।
3. बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर सोमवार को लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 2040 में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेगा। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे पुन: आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर विशेष चर्चा प्रारंभ कराई। विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री 2040 में चांद की सतह पर उतरेगा। उन्होंने कहा कि इससे 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सिद्धि होगी। उन्होंने इस दौरान शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कहते हुए बहुत पीड़ा महसूस हो रही है कि जब मुल्क में जश्न का माहौल है और देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धियों का उत्सव मना रहा है, विपक्ष अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को भी बधाई देने को तैयार नहीं है।
4. लोकसभा में सोमवार को जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया गया जिसे सदन ने अध्ययन के लिए प्रवर समिति को भेजने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह विधेयक पेश किया।
5. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा कि यह प्रश्नकाल है। जितनी जोर से आप नारेबाजी कर रहे हैं, उतना जोर लगाकर यदि प्रश्न पूछेंगे तो देश की जनता का कल्याण होगा। बिरला ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों से नाराजगी जताते हुए कहा कि आपको जनता ने सरकारी संपत्ति तोड़ने के लिए नहीं भेजा है। मैं चेतावनी दे रहा हूं कि किसी भी सदस्य को यह विशेषाधिकार नहीं है कि वह सरकारी संपत्ति को तोड़ने का प्रयास करे।

अंतरिक्ष में भारत की सफलता संसद में विपक्ष का हंगामा

- जितेंद्र सिंह ने विपक्ष पर कसा तंज

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने सोमवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि विपक्ष भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की प्रशंसा तक नहीं कर सकता, जबकि देश ने ऑपरेशन सिंदूर में भी अंतरिक्ष क्षेत्र की अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के मिशन के बाद भारत लौटने पर संसद में विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए, सिंह ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा और एनडीए के प्रति अपनी भड़ास एक ऐसे अंतरिक्ष यात्री पर निकाल रहे हैं जो किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ नहीं है। चर्चा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने संसद में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के साथ हंगामा भी किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों के लिए अंतरिक्ष विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों को बधाई देने में विफल रहा है। आपका गुस्सा सरकार से हो सकता है। आपका गुस्सा भाजपा और एनडीए से हो सकता है। लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आप एक अंतरिक्ष यात्री से नाराज़ हो सकते हैं। और वह अंतरिक्ष यात्री जो एक अंतरिक्ष यात्री होने के साथ-साथ भारतीय वायु सेना का एक अनुशासित सिपाही भी है। वह किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं है। जितेंद्र सिंह ने संसद में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच कहा कि आप धरती से नाराज़ हैं, आप आसमान से नाराज़ हैं और आज आप अंतरिक्ष से भी नाराज़ दिख रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की भूमिका की भी सराहना की, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ। उन्होंने कहा कि अभी कुछ समय पहले ही ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारत की क्षमता का परिचय हुआ, धरती से आसमान तक पूरी दुनिया ने भारत का लोहा माना। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के 10 साल बाद अंतरिक्ष तकनीक की भूमिका भी सामने आई। सत्ता में रहते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए पर्याप्त काम न करने पर विपक्षी दलों पर सवाल उठाते हुए, सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया अध्याय 2014 में शुरू हुआ, जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

संबित पात्रा का आरोप एसआईआर के बहाने

घुसपैठियों को बचाने में जुटी कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने बिहार में विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) का लगातार विरोध करने और सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वे घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के व्यवहार पर सवाल उठाते हुए, भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एएनआई से कहा कि पूरा भारत पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों का व्यवहार देख रहा है, खासकर एसआईआर मुद्दे और बिहार चुनाव को लेकर। आप सभी देख रहे हैं कि संसद की गतिविधियों में बाधा डाली जा रही है। कोई काम नहीं होने दिया जा रहा है। इसके पीछे क्या मंशा है? राहुल गांधी जो दौरा कर रहे हैं, उसके पीछे क्या मंशा है? संबित पात्रा ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी घुसपैठियों को बचाना चाहती है और कहा कि इसके पीछे केवल एक ही मंशा है, और वह मंशा है कि घुसपैठियों को कैसे बचाया जाए। पात्रा ने एसआईआर को एक स्वाभाविक प्रक्रिया और अवैध मतदाताओं को हटाना चुनाव आयोग की ज़िम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा, "यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है कि घुसपैठियों को बाहर निकालना चुनाव आयोग की ज़िम्मेदारी बन जाती है। उन्हें मतदाता सूची में नहीं आना चाहिए और न ही उन्हें चुनाव में भाग लेने का अधिकार होना चाहिए। उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं है। घुसपैठियों के ज़रिए चुनाव कैसे जीते जाएँ, घुसपैठियों का इस्तेमाल कैसे किया जाए, तुष्टिकरण की राजनीति कैसे बढ़ाई जाए, यही राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी करती रही है. पात्रा का यह बयान सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) के नेताओं द्वारा चुनावी राज्य बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ संसद परिसर में अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने के बाद आया है। रविवार को चुनाव आयोग द्वारा आरोपों पर स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद विरोध प्रदर्शन जारी है।

आज का राशिफल

मेष : दिन की शुरुआत आप योग ध्यान से कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और सारे दिन आपमें ऊर्जा रहेगी। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है।

वृष : नफ़रत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएँ, क्योंकि नफ़रत की आग बहुत ज़्यादा ताक़तवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है। लेकिन उसका असर ख़राब ही होता है। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके ज़रिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।

मिथुन : दोस्तों का रूख़ सहयोगी रहेगा और वे आपको ख़ुश रखेंगे। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें।

कर्क : अपनी सेहत को ध्यान में रखकर चीखने-चिल्लाने से बचें। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी।

सिंह : प्यार, उम्मीद, सहानुभूति, आशावादिता और निष्ठा जैसी सकारात्मक भावनाओं को अपनाने के लिए ख़ुद को प्रोत्साहित करें। घर के जरुरी सामान पर धन खर्च करके आपको आर्थिक परेशानी तो आज जरुर होगी लेकिन इससे आप भविष्य की कई परेशानियों से बच जाएंगे।

कन्या : आप आज ऊर्जा से भरपूर होंगे और कुछ असाधारण करेंगे। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को जिंदगी में जगह भी दे सकते हैं. पुराने परिचितों से मिलने-जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताज़ा करने के लिए अच्छा दिन है।

तुला : स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। आपको अपने रोज़मर्रा के कामों से छुट्टी लेकर आज दोस्तों के साथ घूमने का कार्यक्रम बनाना चाहिए।

वृश्चिक : नियमित व्यायाम के माध्यम से वज़न को नियन्त्रित रखें। हालाँकि धन आपकी मुट्ठियों से आसानी से सरक जाएगा, लेकिन आपके अच्छे सितारे तंगी नहीं आने देंगे। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा।

धनु : स्वास्थ्य का ख़याल रखें, नहीं तो लेने के देने पड़ सकते हैं। आर्थिक समस्याओं ने रचनात्मक सोचने की आपकी क्षमता को बेकार कर दिया है। पुराने परिचितों से मिलने-जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताज़ा करने के लिए अच्छा दिन है। रूमानी यादें आज आपके ऊपर छायी रहेंगी।

मकर : आपके पति/पत्नि की सेहत तनाव और फ़िक्र की वजह बन सकती है। होशियारी से निवेश करें। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। पुरानी यादों को ज़ेहन में ज़िंदा कर दोस्ती को फिर से तरोताज़ा करने का वक़्त है।

कुंभ : ऐसी गतिविधियों में शामिल हों जो रोमांचक हों और आपको सुकून दें। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक़्त है। ज़िंदगी के उतार-चढ़ाव में उनके कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें।

मीन : मानसिक शान्ति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। आपका कोई पुराना मित्र आज कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए आपको सलाह दे सकता है, अगर इस सलाह पर आप अमल करते हैं तो आपको धन लाभ जरुर होगा। शाम को दोस्तों के साथ घूमें-फिरें, क्योंकि यह आपके लिए इस वक़्त बहुत ज़रूरी है।

रिजिजू की विपक्ष को चेताया

संसद में चुनाव आयोग पर अब और हंगामा नहीं!

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर संसद में व्यवधान पैदा करने से बचने का आह्वान किया। रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के बीच किसी भी विवाद पर सीधे चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग और कांग्रेस पार्टी के बीच के मुद्दे पर चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। हम चुनाव आयोग के प्रवक्ता नहीं हैं। चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है और हम उनकी ओर से जवाब नहीं दे सकते। उन्होंने विपक्ष से चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर "हंगामा" न करने का आग्रह किया।रिजिजू ने कहा कि जहाँ तक कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों का सवाल है, उन्होंने चुनाव आयोग के मुद्दे पर सदन में हंगामा किया। मैं उनसे अनुरोध करता हूँ कि वे इस चर्चा के दौरान हंगामा न करें। रिजिजू ने यह भी घोषणा की कि संसद कैप्टन शुभांशु शुक्ला और भारत के अंतरिक्ष मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की उनकी हालिया अंतरिक्ष यात्रा के सम्मान में एक विशेष चर्चा आयोजित करेगी। रिजिजू ने कहा कि आज संसद में हम एक विशेष चर्चा के माध्यम से कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सम्मान करने जा रहे हैं। हम उनकी अंतरिक्ष यात्रा और भारत के अंतरिक्ष मिशन पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

बेटी को गोद में लेकर महिला तीसरी मंजिल से कूदी, बच्ची की मौत, पति गिरफ्तार

जयपुर के मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला के पांच साल की अपनी बेटी के साथ तीसरी मंजिल से कूद जाने से बच्ची की मौत हो गयी जबकि मां गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि महिला का उपचार चल रहा है तथा इस संबंध में उसके पति को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि बृहस्पतिवार को मंजू मीणा (32) के तीसरी मंजिल से कूदने पर उसकी पांच साल की बच्ची प्रियांशी की मौत हो गई थी तथा घायल महिला का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मंजू के भाई की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर महिला के पति रविंद्र कुमार (35) को शनिवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

'वोटर अधिकार यात्रा' के जरिए मुद्दा तलाशने निकले हैं राहुल गांधी : उपेंद्र कुशवाहा

एजेंसी। पटना

पटना राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर तंज कसते हुए कहा कि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है और मुद्दा तलाशने के लिए बिहार में यह यात्रा निकाल रहे हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' का बिहार की जनता से कुछ भी लेना-देना नहीं है। विपक्ष और राहुल गांधी के पास चुनाव के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है। चुनाव नजदीक है, इसीलिए मुद्दा तलाशने के लिए घूमने के लिए निकले हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर कहा कि अगर राहुल गांधी की बातों में सच्चाई है तो वे बिहार के किसी भी गांव से 100 लोगों को सामने लाकर दिखाते, जिनका नाम वोटर लिस्ट से वंचित कर दिया गया हो। मीडिया के सामने लोगों को लेकर आते, बेवजह की बातों को उठाकर बस भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बेवजह हंगामा कर रहे हैं। वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए चुनाव आयोग ने एसआईआर किया। आयोग ने ड्राफ्ट भी जारी किया। अगर किसी को आपत्ति है तो वह एक माह के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है। लेकिन, फिर भी विपक्ष को इस मामले में सिर्फ राजनीति ही करनी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो 'वोटर अधिकार यात्रा' के माध्यम से हासिल करना चाहते हैं, उसमें सफल नहीं होंगे। राहुल गांधी जो भी आरोप लगा रहे हैं, उन्हें हलफनामा देना चाहिए। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार घोषित किए जाने पर कुशवाहा ने कहा, "यह एक बेहद ही निर्णायक चयन है।

ओडिशा में महिला पुलिस कांस्टेबल का शव पेड़ से लटका मिला, पति और सास गिरफ्तार

ओडिशा। ओडिशा में शनिवार को नुआपड़ा रेलवे स्टेशन के पास एक महिला पुलिस कांस्टेबल का शव एक पेड़ से लटका मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृत महिला के पति और सास को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शव को पेड़ से लटका देखने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव बरामद होने से कुछ घंटे पहले महिला कांस्टेबल ने कई लोगों को कथित तौर पर वीडियो संदेश प्रेषित किया, जिसमें उसने कहा कि वह अपने पति और ससुराल वालों द्वारा दी जा रही यातना की वजह से आत्महत्या करने जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने आत्महत्या के लिये उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। हम वीडियो की जांच कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि पुलिस ने महिला कांस्टेबल के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अदालत में पेश किया। नुआपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान पता चला कि कांस्टेबल का पति और सास उसे परेशान कर रहे थे, इसलिए हमने उन्हें गिरफ्तार किया है।

आसाराम की अहमदाबाद सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच

अदालत ने 29 अगस्त तक बढ़ाई अंतरिम जमानत

एजेंसी। नई दिल्ली

गुजरात और राजस्थान में बलात्कार के दोषी और आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय आसाराम की हालत गंभीर बनी हुई है। इसलिए उन्हें मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल लाया गया है। इससे पहले उन्हें इंदौर के जुपिटर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। राजस्थान उच्च न्यायालय ने आज, 8 अगस्त को गुजरात और राजस्थान में बलात्कार के दोषी और आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने उनकी अंतरिम ज़मानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी। इसके अलावा, सूरत बलात्कार मामले में गुजरात उच्च न्यायालय ने 7 अगस्त को आसाराम की अस्थायी ज़मानत 21 अगस्त तक बढ़ा दी। आसाराम ने चिकित्सा आधार पर ज़मानत बढ़ाने का अनुरोध किया था और अस्पताल व डॉक्टर के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे। सरकारी वकील ने इन प्रमाण पत्रों की जाँच के लिए समय माँगा था। इस मामले में आगे की सुनवाई 21 अगस्त को होगी, इसलिए अस्थायी ज़मानत तब तक के लिए बढ़ा दी गई है। इस प्रकार, उच्च न्यायालय ने आसाराम की ज़मानत तीसरी बार बढ़ा दी है। इससे पहले 27 जून को उच्च न्यायालय ने ज़मानत 7 जुलाई तक बढ़ा दी थी। उसके बाद 3 जुलाई को उच्च न्यायालय ने आसाराम की ज़मानत एक महीने के लिए बढ़ा दी थी। अब आज (7 अगस्त, 2025) ज़मानत तीसरी बार बढ़ा दी गई है। मेडिकल रिपोर्ट अदालत में पेश आसाराम की ओर से वकील निशांत बोराडा ने अदालत में नवीनतम मेडिकल रिपोर्ट पेश की। इससे पहले, गुजरात उच्च न्यायालय ने भी इसी आधार पर आसाराम की अंतरिम ज़मानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी थी। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आसाराम का 'ट्रोपोनिन स्तर' बहुत ज़्यादा है। यह चिंता का विषय है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टर के अनुसार, आसाराम की हालत गंभीर है।

कृष्ण जन्माष्टमी जुलूस के दौरान करंट लगने से 5 की मौत

हैदराबाद। हैदराबाद के रामंतपुर इलाके में कृष्ण जन्माष्टमी समारोह के दौरान एक रथ के हाई-टेंशन बिजली के तारों की चपेट में आने से पाँच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह घटना रविवार देर रात एक बजकर 30 मिनट पर रामनाथपुर इलाके में हुई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस वाहन में भगवान की मूर्तियां रखी थीं और यह वाहन ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से टकरा गया जिसके बाद तार टूटकर वाहन पर गिर गया। उप्पल पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा, "कल रात श्री कृष्ण जन्माष्टमी जुलूस के दौरान बिजली का झटका लगने से पाँच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

लोस में हंगामा: बैठक 12 बजे तक स्थगित

अध्यक्ष ने सरकारी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की चेतावनी दी

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत कुछ मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही शुरू होने के करीब 15 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई और अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों को सरकारी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाने की चेतावनी दी। सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इसी दौरान कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे। बिरला ने कुछ देर तक शोर-शराबे में ही प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी और कॉर्पोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कुछ सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा, ''यह प्रश्नकाल है। जितनी जोर से आप नारेबाजी कर रहे हैं, उतना जोर लगाकर यदि प्रश्न पूछेंगे तो देश की जनता का कल्याण होगा।

व्हाइट हाउस में ट्रंप संग बैठक में जेलेंस्की को यूरोपीय समर्थन

वाशिंगटन (आईएएनएस) । यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की सोमवार को शीर्ष यूरोपीय

नेताओं के मजबूत समर्थन के साथ व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इस हाई-प्रोफाइल बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध और कीव पर शांति के लिए मास्को की शर्तों को स्वीकार करने के दबाव को लेकर चिंताओं पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। बैठक की पूर्व संध्या पर, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा, "कल व्हाइट हाउस में एक बड़ा दिन है। इतने सारे यूरोपीय नेता एक साथ कभी नहीं मिले। उनकी मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है! जेलेंस्की के साथ आने वाले नेताओं में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, नाटो महासचिव मार्क रूट, यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी शामिल हैं।

भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

नई दिल्ली। भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की

सॉलिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास ऑनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा- मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थायी जुनून भी मिला।

पाकिस्तानी मंत्री बोले- भारत चमकती मर्सिडीज, पाकिस्तान डंपर ट्रक

भारत के 6 जेट गिराने का दावा किया

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने 17 अगस्त को आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है।

दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा- अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि- आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज भी है।

दिल्ली पहुंचे सीपी राधाकृष्णन पीएम मोदी से की मुलाकात

हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्रियों ने किया स्वागत

एजेंसी । नई दिल्ली

महाराष्ट्र के राज्यपाल और उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले सीपी राधाकृष्णन दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुँचे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, प्रहलाद जोशी, भूपेंद्र यादव, किंजरापु राम मोहन नायडू, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य ने उनका स्वागत किया। रविवार को, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया, जिसके लिए चुनाव 9 सितंबर को होने हैं। पार्टी के संसदीय बोर्ड ने अपने गठबंधन सहयोगियों और विपक्षी दल के साथ चर्चा के बाद, उपराष्ट्रपति चुनाव को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया। चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन वर्तमान में 31 जुलाई, 2024 से महाराष्ट्र के 24वें राज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले उन्होंने फरवरी 2023 से जुलाई 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया था। उन्होंने मार्च और जुलाई 2024 के बीच तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। वरिष्ठ भाजपा नेता राधाकृष्णन कोयंबटूर से दो बार लोकसभा के लिए चुने गए और इससे पहले तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कांग्रेस ने एनडीए द्वारा सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने की आलोचना करते हुए उन्हें "एक और आरएसएस का आदमी" बताया है। उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पाँच वर्षों का होता है, हालाँकि, 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़ा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था।

उम्मीदवारी और मुलाकात

- महाराष्ट्र के राज्यपाल और एनडीए उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।
- दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, प्रहलाद जोशी, भूपेंद्र यादव, किंजरापु राम मोहन नायडू और दिल्ली भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनका स्वागत किया।

उम्मीदवारी की घोषणा

- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया।
- चुनाव 9 सितंबर को होना तय है।
- भाजपा संसदीय बोर्ड ने गठबंधन सहयोगियों और विपक्ष से चर्चा कर सर्वसम्मति से नाम तय किया।

सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी पर विपक्ष की मिलीजुली प्रतिक्रिया

एनडीए ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया,

जिस पर गठबंधन के विपक्षी नेताओं की ओर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आईं। जहाँ कुछ लोगों ने उनकी योग्यता को स्वीकार किया, वहीं कुछ ने ज़ोर देकर कहा कि आंतरिक विचार-विमर्श के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद रिक्त है। यहाँ एक उपराष्ट्रपति थे। वह कहाँ हैं? एक नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होगा। यह अच्छी बात है। हम क्या निर्णय लेंगे, यह अलग बात है। हम बैठकर निर्णय लेंगे। राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के बाद भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने आगे कहा कि राजनाथ सिंह जी एक वरिष्ठ नेता हैं। वह उत्तर प्रदेश से हैं, वह रक्षा मंत्री हैं। अगर वे बात करेंगे, तो हम बात करेंगे और अगर बात करने की ज़रूरत होगी, तो हम बात करेंगे। लेकिन हमारी राजनीतिक दिशा तब स्पष्ट होगी जब इंडिया गठबंधन फैसला करेगा। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि संवैधानिक पदों के लिए सर्वसम्मति बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि देश में कुछ पद ऐसे हैं, चाहे वह राष्ट्रपति हों, उपराष्ट्रपति हों या लोकसभा अध्यक्ष, जहां सर्वसम्मति बेहतर होती है। हमें अभी ज़्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन हमारा मानना है कि दक्षिण भारत के लोग सक्षम और अच्छे हैं। शिवसेना (यूबीटी) की ओर से सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राधाकृष्णन की प्रशासनिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीपी राधाकृष्णन पिछले एक साल से महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं... वे झारखंड के राज्यपाल भी रहे हैं, सांसद भी रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि अगर वे चुने जाते हैं, तो इस पद की गरिमा पूरी तरह से बहाल होगी, क्योंकि हमने इस पद को काफ़ी कमज़ोर होते देखा है... जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है, इंडिया गठबंधन इस पर मिलकर फ़ैसला लेगा।

छोटे-छोटे बदलावों से वो रफ्तार नहीं मिलेगी जो भारत को चाहिए: रघुराम

ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने का कहना है कि भारत को नई पीढ़ी के सुधारों की जरूरत है। इन्हीं से बड़े आर्थिक विकास को रफ्तार दी जा सकती है। छोटे-छोटे बदलावों से वो रफ्तार नहीं मिलेगी जो भारत को चाहिए। राजन के अनुसार भारत में नौकरशाही बहुत ही ज्यादा है। यह निवेश को रोक रही है। राजन ने सीएनबीसी को दिए साक्षात्कार में ये बातें कही हैं। उनके अनुसार, भारत की नौकरशाही कुछ ज्यादा ही सक्रिय है। लाल फीताशाही को कम करने की जरूरत है। राज्यों व केंद्र सरकार दोनों को इस पर काम करना होगा। राजन ने भारत की युवा आबादी को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यदि हम युवाओं को प्रशिक्षित कर सकें और उन्हें बेहतर कौशल दे सकें तो हमारे पास आगे बढ़ने के लिए जरूरी कच्चा माल है। वह बोले कि हमारे पास सत्य नडेला या जेवी राम कृष्ण या अभिजीत बनर्जी जैसे लोग हैं। लेकिन, हमें और ज्यादा भारतीयों को ऐसी शिक्षा देने की जरूरत है , जो उन्हें इस तरह के करियर के लिए तैयार करे।

इसके लिए न केवल उच्च शिक्षा पर, बल्कि प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुंच पर भी काम करने की जरूरत है। राजन ने कहा कि भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। यह 6.5% की दर से बढ़ रही है। यह जल्द ही जापान और जर्मनी से आगे निकल जाएगा। लेकिन आकार के मामले में यह अभी भी चीन व अमेरिका से बहुत ही पीछे है। उन्होंने अनुमान लगाया कि भारत 2047 तक 50 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। राजन ने कहा कि भारत को बूढ़ा होने से पहले ऐसा करना होगा। भारत के लिए अगले कुछ सालों में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि श्रम बल में आने वाले युवाओं को कैसे रोजगार दिया जाए। राजन ने कहा कि भारत में सुधार की रफ्तार अभी काफी नहीं है।राजन के अनुसार 1991 से भारत में सुधार की प्रक्रिया लगातार जारी है। लेकिन, यह अभी पर्याप्त नहीं है। हमें विकास को बढ़ावा देने के लिए नई पीढ़ी के सुधारों की जरूरत है। छोटे-मोटे बदलावों से हमें वह 2.5% अतिरिक्त विकास नहीं मिलेगा जिसकी हमें जरूरत है। कहा कि निजी क्षेत्र के निवेश को भी बढ़ाना होगा। राजन ने कहा कि सरकार, चाहे राज्य हो या केंद्र बुनियादी ढांचे पर खर्च कर रही हैं , लेकिन, इससे काम नहीं चलेगा। सिर्फ यही नहीं हो सकता। राजन ने कहा कि हमें भारत की कंपनियों को फिर से विश्व विजेता बनने की इच्छा रखनी होगी। हमारे युवा उद्यमियों में वह जज्बा है। आप युवा भारतीय उद्यमियों से बात करें तो वे दुनिया को हराना चाहते हैं। लेकिन, हमारे पुराने उद्यमियों ने थोड़ी महत्वाकांक्षा खो दी है। उन्हें इसे वापस पाने की जरूरत है।लेकिन यह तभी होगा जब सरकार उसके लिए बहुत अच्छा माहौल दे।

शेख हसीना के बेटे ने दुख के साथ कहा- बांग्लादेश में अब शोक मनाना अपराध

ढाका (आईएएनएस)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर देश में हिंसा फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने "शोक को अपराध बना दिया है।" सजीब वाजेद ने आरोप लगाया कि 1971 के मुक्ति संग्राम के बलिदान को दर्शाती दीवारों (भित्ति चित्र) को तोड़ा गया, लोगों को दुआ पढ़ने से रोका गया, और 15 अगस्त को बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की पुण्यतिथि पर शोक मनाने वाले कई बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेश में 'राष्ट्रपिता' माने जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान की 15 अगस्त 1975 को उनके परिवार के कई सदस्यों के साथ बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

एआई के गॉडफादर व नोबल पुरस्कार विजेता ज्योफ्री हिंटन की चेतावनी

एआई को मां की तरह ट्रेन करो वरना मानवता को मिटा सकता है

ब्यूरो

नई दिल्ली। एआई भस्मासुर की दिशा में बढ़ने लगा है तब उसके जन्मदाता या गाड फादर नोबेल पुरस्कार विजेता ज्योफ्री हिंटन दुनिया को सावधान करने लगे हैं, कहने लगे हैं कि एडवांस्ड एआई सिस्टम को "मातृत्व प्रवृत्तियों" के साथ डिजाइन किया जाना चाहिए।कई सारे सेक्टरों में नौकरियां खत्म होने के खतरे की घंटी बज गई। एआई को कोई देश या व्यक्ति कैसे प्रशिक्षित करके , कैसे यूज करेगा , उस पर निर्भर है। कंप्यूटर साइंस के जाने-माने वैज्ञानिक हिंटन ने इशारा किया है कि एआई भविष्य में अपने इंटेलिजेंट

समकक्षों पर हावी होने की क्षमता हासिल कर सकता है। लास वेगास में एआई4 सम्मेलन में बोलते हुए, हिंटन ने नियंत्रण यानी कंट्रोल व दमन यानी सप्रेसन के माध्यम से एआई पर प्रभुत्व बनाए रखने के प्रयास के दृष्टिकोण को खारिज कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि एआई की तेजी से हो रहे एडवांसमेंट को देखते हुए यह रणनीति निरर्थक है। इसके बजाय, उन्होंने एक नया कॉन्सेप्ट पेश किया जिसमें सुझाव दिया गया कि मानव-एआई संबंध को एक मां व उसके बच्चे के अनुसार बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे समझाया, 'सही मॉडल हमारे पास एकमात्र मॉडल है जिसमें एक अधिक बुद्धिमान चीज को कम बुद्धिमान चीज द्वारा कंट्रोल किया जा रहा है, जो कि एक मां है और उसे, उसके बच्चे द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है।" उन्होंने कहा, "अगर यह मेरा पालन-पोषण नहीं कर रहा है, तो यह मेरी जगह ले लेगा।' इस आइडिया का मतलब यह है कि जिस तरह एक शिशु अपनी सीमित बुद्धिमत्ता के बावजूद अपनी मां से मार्गदर्शन और देखभाल प्राप्त करता है, उसी तरह मानवता की देखभाल भी एक सुपर इंटेलिजेंट एआई द्वारा की जा सकती है।मालूम हो कि हिंटन अपने इस नए सुझाव से पहले भी एआई पर लगातार कई चेतावनियां दे चुके हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि पहले जहां उनका अनुमान था कि एजीआई आने में 30 से 50 साल लग सकते हैं, अब उन्होंने इसे घटाकर सिर्फ 5 से 20 साल का "यथार्थवादी अनुमान" बताया है। हिंटन का यह भी मानना है कि 10 से 20 प्रतिशत संभावना है कि एआई मानवता को विस्थापित कर दे या फिर उसे पूरी तरह समाप्त कर दे।

रूस का यूक्रेन पर हमला, जेलेंस्की बोले- कूटनीतिक वार्ता के बीच जानबूझकर बरसाए गए बम, खत्म करनी होगी जंग

कीव (आईएएनएस)

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच वाशिंगटन में होने वाली मुलाकात से पहले रूस ने एक बार फिर यूक्रेन को निशाना बनाया है। इसकी जानकारी खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया के जरिए दी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, "वाशिंगटन में शांति को लेकर चर्चा से पहले रूस ने जानबूझकर हमला किया। हम राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में यूक्रेन, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, फिनलैंड, यूरोपीय संघ और नाटो के नेता शामिल होंगे। सभी शांति और सुरक्षा चाहते हैं, लेकिन रूस खार्किव, जापोरिज्जिया, सूमी और ओडेसा पर हमले कर रहा है।

रूस में बड़ा हादसा टला

टेकऑफ के दौरान रनवे से फिसला विमान, सभी यात्री सुरक्षित

मॉस्को (आईएएनएस)। रूस के पश्चिमी साइबेरिया के त्यूमेन स्थित रोशचिनो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह एक एएन-24 यात्री विमान टेकऑफ के दौरान रनवे से फिसल गया। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, विमान में छह चालक दल के सदस्य और 40 यात्री सवार थे, जिनमें 13 बच्चे भी शामिल थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और हवाई अड्डे का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। रूसी संघ की जांच समिति के केंद्रीय अंतरक्षेत्रीय परिवहन जांच निदेशालय ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि ब्रेकिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी इस हादसे की वजह हो सकती है। गौरतलब है कि इससे पहले 24 जुलाई को रूस के अमूर क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में एक एएन-24 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

कहानी फिल्म जगत की

- गदर 2 की रिलीज़ के समय अनिल शर्मा और अमीषा पटेल के बीच मतभेद उभर आए
- अमीषा ने आरोप लगाया कि बिना उनकी जानकारी के फिल्म का क्लाइमेक्स बदला गया

अमीषा और अनिल शर्मा के बीच हुई सुलह?

गदर 3 की स्क्रिप्ट तैयार

गदर 2 की रिलीज़ के दौरान सार्वजनिक रूप से नाराज़ हुए अनिल शर्मा और अमीषा पटेल के बीच सुलह हो गई है। यह मतभेद तब पैदा हुआ जब अमीषा ने बिना उनकी जानकारी के फिल्म का क्लाइमेक्स बदले जाने पर खुद को 'ठगा हुआ' महसूस किया। उन्हें सनी देओल अभिनीत इस फिल्म में एक बड़े रोल की उम्मीद थी। इसके जवाब में, अनिल ने एक इंटरव्यू में उन्हें 'मूडी' कहा था, लेकिन साथ ही यह भी कहा था कि हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है और वह अब भी उन्हें अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। गदर 2 की रिलीज़ के दौरान फिल्म निर्माता अनिल शर्मा और अभिनेत्री अमीषा पटेल के बीच शुरू हुआ तूफ़ानी अध्याय समय के साथ धीरे-धीरे सुलझता दिख रहा है। अनिल शर्मा ने न्यूज 18 शोशा को बताया "अमीषा के साथ मेरा समीकरण अब बहुत अच्छा है।

जन्माष्टमी की सफलता के लिए कृष्ण के भक्तों का आभार : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के तत्वाधान में नमो दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में देर रात्रि तक पुरुष गोविंदा के पांच टीमों ने दही हाडी प्रतियोगिता में भाग लिया। 25 फीट पर लगाई गई हांडी को पांचों टीम के गोविंदा पहले राउंड में नहीं फोड़ पाए। निर्णायक समिति के आदेश पर हांडी 20 फीट पर लगाई गई जहां पुनः पांचों प्रत्याशियों ने क्रमवार हिस्सा लिया। इसमें बजरंग दल मांडर एवं नेशनल योगा टीम दोनों ने 18 सेकंड पर दही हांडी फोड़ी दोनों पुरुष गोबिंदा के बीच प्रथम पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही हिंदू महापरिवार ने 20 सेकंड में दही हांडी को फोड़ समिति से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में इनका रहा योगदानः राज वर्मा, नीरज चौधरी ,बबलू चौधरी, मनोज तिवारी,ललन श्रीवास्तव, भीषम सिंह, संजय गोयल,नीरज कुमार, आनंद श्रीवास्तव, राजीव सहाय, प्रमोद सारस्वत, विजय ओझा,संजय सिंह लल्लू, विजय यादव, नीरज कुमार, प्रदीप कुमार, श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने आयोजन की सफलता के लिए रांची की समस्त जनता का आभार प्रकट किया है एवं उन्हें सरधुवा दिया है कि यह जो आयोजन हुआ आप सभी लोगों के सहयोग और समर्पण आयोजन की सफलता का श्रेय रांची की जनता को जाता है जिन्होंने पूरे आयोजन में देशभक्ति में गीतों भजनों और रितिक नृत्य नाटिका सहित झांकियां का अवलोकन कर आनंद उठाया है उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पानी, चाय, बिस्कुट का वितरण कार्यक्रम स्थल पर सेवा शिविर लगाए जाने पर आभार प्रगट किया। मारवाड़ी युवा मंच, द्वारा एंबुलेंस की सुविधा दी गई थी। जिला प्रशासन, स्थानीय थाना एवं नगर निगम का भी भरपूर सहयोग आयोजन समिति को प्राप्त हुआ। लोगो ने हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में शामिल पुरुष गोविंदा एवम महिला गोविंदा की टीमों को हांडी फोड़ने के क्रम में उनका उत्साह बढ़ाया उन्हें प्रोत्साहित किया उनका भी आभार। आयोजन की सफलता में समिति के 110 से भी ज्यादा सदस्यों ने काफी दिनों से दिन रात लगकर आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग किया।

आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा सहयोग संरक्षक संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, रविन्द्र मोदी, रमेन्द्र कुमार, राम बांगड़, कुणाल आजमानी, मिडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, संजय जायसवाल, ऐश्वर्य सेठ, राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, भीषम सिंह, नीरज चौधरी, बबलू चौधरी, सतीश सिंहा, राजीव सहाय, पवन बजाज, नीरज कुमार, ललित ओझा, विपिन वर्मा, सतेंद्र सिंह गुट्टू, शंकर दुबे, आनंद श्रीवास्तव, वीरेन्द्र जी, मनोज कुमार, बबलू चौधरी, संतोष सेठ, रमाशंकर बगड़िया, संजय सिंह लल्लू, जुगल दरगढ़, कवल जीत सिंह सटी, अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, अमित चौधरी, रतन अग्रवाल, पूनम आनंद, सुनीता चौधरी, नीतू सिंह, कुमुद झा, राज श्री प्रसाद,राजू रजक, राहुल कुमार चंकी, संजय गोयल, संजीव साहू, विजय यादव, बीरेंद्र प्रसाद सहित काफी संख्या में सदस्यों का सहयोग रहा।

न्यूज बॉक्स

एनडीए की बैठक में शामिल हुए चंद्र प्रकाश चौधरी, किया समर्थन

रांची। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी आज उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर नई दिल्ली में एनडीए की बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री मंत्रीप्रह्लाद जोशी के आवास परहुई एनडीएके सांसदों की बैठक में उन्होंने उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का समर्थन किया। उन्होंने बैठक में उपस्थित राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित कई राज्यों में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल चुके सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद पर जीत सुनिश्चित है।

सीपी राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया जाना गौरव का विषय : डॉ लंबोदर महतो

रांची। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने एनडीए की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन ने झारखंड के राज्यपाल के रूप में कई सकारात्मक और सुलझे हुए कार्यकर अपनी पहचान बनाई और दूसरे राज्यों में रहकर भी अपनी कुशलता का परिचय दिया है। हम समझते हैं कि उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन देश भर में भी अपनी उल्लेखनीय और सकारात्मक कार्यशैली से बहुआयामी परिचय देंगे। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव का विषय है कि यहां राज्यपाल रह चुके सीपी राधाकृष्णन को देश का उपराष्ट्रपति बनाया जा रहा है। इससे पहले द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से झारखंड गौरव का सहभागी बन चुका है।

डीजीपी नियुक्ति मामले को न्यायालय रिट याचिका के रूप में करेगा सुनवाई : अजय

रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश देते हुए बाबूलाल मरांडी को कहा कि वे अपनी दायर की गई जनहित याचिका को स्वतंत्रता के साथ वापस लें और इस मामले में उपलब्ध अन्य वैधानिक उपायों का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना था कि इस प्रकरण में जनहित याचिका का औचित्य नहीं बनता, बल्कि इसके समाधान के लिए अन्य संवैधानिक उपाय ज्यादा उपयुक्त हैं। इसी क्रम में, सर्वोच्च न्यायालय ने बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका को सुनवाई योग्य मानते हुए यह निर्णय लिया कि इस मामले को पीआईएल के रूप में नहीं, बल्कि रिट याचिका के रूप में सुना जाएगा।यह रिट याचिका झारखंड में डीजीपी की नियुक्ति एवं चयन प्रक्रिया को चुनौती देती है, जिस पर अब सर्वोच्च न्यायालय सीधे तौर पर तीन हफ्ते बाद विचार करेगा।

डब्ल्यूएचओ की सराहना झारखंड की जनता को समर्पित है : डॉ. इरफान

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा झारखंड में किए गए अध्ययन को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सराहते हुए दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के लिए आदर्श मॉडल बताया है। राशन शीर्षक से द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि टीबी रोगियों को खाद्यान्न राशन देने से इलाज के परिणाम बेहतर हुए और मौतों में उल्लेखनीय कमी आई।

- डॉ. अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया
- कहा-डब्ल्यूएचओ की सराहना न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इसे राज्य और देश के लिए ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्सयूएचओ की सराहना न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हमेशा मुझ पर भरोसा जताया और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने की प्रेरणा दी।

मरीज की मौत के बाद शव को पैसे के अभाव में अस्पताल में रोकने पर प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक निर्णय, जिसे असम राज्य ने भी लागू किया। रांची के फकटर अस्पताल पर बढ़ते बोझ को देखते हुए एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल - रिम्स 2 खोलने का निर्णय लिया गया है। वहीं पूरे राज्य को टीबी मुक्त बनाने की राज्यव्यापी मुहिम, जिसमें दवाइयों से लेकर पोषण और जागरूकता तक हर संसाधन उपलब्ध कराए गए।

डॉ. अंसारी ने कहा कि वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के निरंतर संपर्क में रहे और हर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सक्रिय रूप से भाग लिया। केंद्र सरकार ने भी झारखंड की पहल की प्रशंसा की और निरंतर सहयोग दिया। मेरे लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि डब्ल्यूएचओ जैसी विश्व की सबसे बड़ी संस्था ने झारखंड के प्रयासों को सराहा। यह उपलब्धि झारखंड की जनता को समर्पित है, जिनके विश्वास और सहयोग ने मुझे लगातार बेहतर कार्य करने की शक्ति दी। आलोचकों को भी मैं धन्यवाद देता हूं क्योंकि उनकी आलोचनाओं ने मुझे और मजबूत बनाया है। यह उपलब्धि साबित करती है कि झारखंड अब स्वास्थ्य क्रांति का केंद्र बन चुका है और आने वाले समय में टीबी उन्मूलन में विश्व पटल पर एक मिसाल बनेगा।

दो लाख का इनामी उग्रवादी अवधेश को नहीं मिली जमानत

रांची। कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के आरोप में जेल में बंद ढछक्रक के सुप्रीमो दिनेश गोप का सहयोगी अवधेश जायसवाल उर्फ चूहा उर्फ सरदार को अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने दोनों पक्ष की बहस सुनने के पश्चात उसके आरोपों को देखते हुए याचिका खारिज कर दी। आरोपी ने धुर्वा थाना में 2020 में दर्ज एक कांड संख्या मामले में याचिका दाखिल की थी। वह इस मामले में 27 फरवरी से न्यायिक हिरासत में है। उस पर बिहार के नालंदा व जहानाबाद से ही वह रांची सहित झारखंड के अन्य जिलों के कारोबारियों से रंगदारी वसूलने का काम कर रहा था।

राजनीतिक बदले की साजिश नाकाम : डॉ तनुज खत्री

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देना न केवल निराधार था, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित भी था। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि बाबूलाल मरांडी की याचिका राज्य सरकार को बदनाम करने और व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ साधने का प्रयास है। अदालत ने उनकी याचिका को न केवल खारिज किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस तरह के दुराग्रहपूर्ण मामले न्यायालय का समय बर्बाद करने के बराबर हैं। यह निर्णय भाजपा और उसके नेताओं की हताशा को उजागर करता है। झूठ, अफवाह और साजिश के सहारे राजनीति करने वालों को अब देश की सर्वोच्च अदालत ने भी आईना दिखा दिया है। झामुमो दृढ़ता से कहना चाहता है कि बाबूलाल मरांडी जैसे नेता लगातार झारखंड की प्रगति में रोड़े अटका रहे हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उनके राजनीतिक दिवालियापन की पुष्टि करता है। डॉ. तनुज ने कहा कि यह फैसला भाजपा की साजिशी राजनीति पर करारा तमाचा है। अब साफ हो गया है कि जनता और न्यायपालिका, दोनों झूठ और नकारात्मक राजनीति को नकारते हैं। हेमंत सरकार हमेशा राज्य की जनता के हक और अधिकारों की रक्षा करता रहेगा।

द्वेष की राजनीति से बचें मरांडी, मांगें माफी : राजद प्रवक्ता कैलाश यादव

रांची। राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता मामले में सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले का स्वागत करते हुए प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर हमला बोला। उन्होंने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि राज्य हित में यह बेहद अच्छी खबर है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रशासनिक महकमों में सकारात्मक संदेश गया है। इस निर्णय से सरकार और प्रशासन का मनोबल काफी ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा है कि भाजपा नेता को द्वेष की राजनीति से बचते हुए माफी मांगनी चाहिए। ब्यूरोक्रेट्स एवं पुलिस प्रशासन किसी दल और व्यक्ति विशेष के नहीं होते हैं, बल्कि सत्ता शासन के अधीनस्थ होते हैं और प्रशासनिक मैनुएल के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

गुरुजी के श्राद्धकर्म का प्रसाद किया गया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झामुमो रांची जिला समिति ने सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक के समीप दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का प्रसाद लोगों के बीच वितरित किया। इस अवसर पर रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि पिछले दिनों 4 अगस्त को गुरुजी का निधन हो गया और पिछले दिनों उनका श्राद्धकर्म संपन्न हुआ। उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा और उन्होंने लोगों के लिए संघर्ष किया। उनके संघर्ष हमारे लिए अनुकरणीय है, जो हमें प्रेरित करता रहेगा। आज उसी को लेकर उनके श्राद्धकर्म का प्रसाद लोगों के बीच हम सभी लोग वितरण कर रहे हैं।

मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे हुए प्रसाद वितरण कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, बीरू तिर्की, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा एवं समनूर मंसूरी, अंतू तिर्की, कलाम आजाद, आदिल इमाम, जीत गुप्ता, अजीत नायक, सज्जाद अंसारी, सुजीत कुजूर, रतीश द्विवेदी, प्रदीप मिर्धा, आशुतोष वर्मा, उषा उरांव, अंकिता वर्मा, मनिंदर सिंह, साहिल यादव, गोपाल पांडेय, प्रेम प्रतीक, संजय ठाकुर, अजीत लकड़ा, मो सन्नी, राकेश, विजय रविदास, निखिल, अवधेश यादव, अख्तर मंसूरी, दीपक झा, कयूम अहमद, अरुण कुमार, मुस्लिम अंसारी, नीरज भूषण, संतोष राणा, भोलू मलिक, आयुष राज वर्मा, रवि, गुड्डू, कुलदीपक कुमार, मंजय प्रकाश, नितेश सिन्हा, संकेत पाठक, राहुल यादव, लालू राज यादव एवं अन्य कई कार्यकर्तगणों ने प्रसाद वितरण किया।

विद्यालयों में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

रांची। स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर रांची जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शोक व्यक्त किया गया। उनके सम्मान में सोमवार को जिले के 2128 सरकारी और सरकारी अनुदानित विद्यालयों में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में लगभग 2.5 लाख छात्र-छात्राओं और 10,000 शिक्षकों ने हिस्सा लिया,

- रांची जिले के सभी प्रारंभिक 2128 सरकारी और अनुदानित विद्यालयों में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया
- रामदास सोरेन का निधन पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति : मंजुनाथ भजन्त्री

जिन्होंने श्री सोरेन के शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभाओं में सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने रामदास सोरेन के जीवन, उनके संघर्षशील व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। शिक्षकों ने बच्चों को उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों, विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता सुधार के लिए उनके प्रयासों के बारे में बताया। उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने अपने संदेश में कहा कि रामदास सोरेन का निधन न केवल झारखंड की राजनीति और शिक्षा जगत के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन और कार्य हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रांची जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग श्री रामदास सोरेन जी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को शांति प्राप्त हो। उनकी प्रेरणा और शिक्षा के प्रति उनका समर्पण हम सभी को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

पृष्ठ एक के शेष

फूड प्वाइजनिंग से झाआबावि की...

कर दिए हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक सौरव प्रकाश ने बताया कि स्कूल में जांच के लिए अधिकारियों को भेजा गया है। लाप. रवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुबह का नाश्ता खाने के बाद ही छात्राएं बीमार हुई थी। वार्डन के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

बेतला जंगल में शिकारी गिरोह पर वन...

इनमें से दो मौके से फरार हो गए और दो को वनकर्मियों ने घेरकर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान लोधा मुंडा और लखन परहिया के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के दौरान एक आरोपी ने देसी भरठुआ बंदूक से वनरक्षी संतोष कुमार पर सीधा फायर कर दिया। हालांकि संतोष कुमार ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल जमीन पर लेटकर खुद को बचा लिया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने साहस दिखाते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े गए शिकारियों से मिली जानकारी के आधार पर फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी की गई। इस दौरान चुगरू छीपादोहार गांव से सोम मुंडा और बलराम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें सोमवार को लातेहार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। छापामारी के दौरान वन विभाग ने चार देसी भरठुआ बंदूक, हिरन का सींग, दो टॉर्च, तसला-चाकू, 15 ग्राम बारूद और कई अन्य सामान बरामद किए। रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से जंगल में शिकारियों की गतिविधियां बढ़ने की सूचना मिल रही थी। इसी सूचना के आलोक में विशेष गश्ती टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के लिए शिकारियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस अभियान में प्रभारी वनपाल संतोष कुमार सिंह, रामकुमार, देवपाल भगत, निरंजन कुमार, गुलशन कुमार, वीरेंद्र सिंह, राजेश, अरुण कुमार और सुमित समेत बड़ी संख्या में वनकर्मी शामिल थे।

आप लोगों की तरह जीना...

पलामू में गौतम कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह दो दशक से आपराधिक गतिविधि में सक्रिय है। डब्लू सिंह पर कुख्यात डॉन कुणाल सिंह की हत्या का भी आरोप है। पलामू पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए काफी दिनों से प्रयास कर रही थी। बता दें कि 2016 में पलामू व्यवहार न्यायलय ने डब्लू सिंह को ठेकेदार श्याम बिहारी सिंह हत्याकांड मामले में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। डब्लू सिंह कोर्ट से फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर था।

नियुक्ति को चुनौती देनेवाली...

हालांकि, सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि डीजीपी की नियुक्ति राज्य सरकार का विशेषाधिकार है और यह नियुक्ति नियमानुसार की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका को खारिज कर दिया, जिससे अनुराग गुप्ता को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने माना कि नियुक्ति में किसी प्रकार की अवमानना नहीं हुई है। इस निर्णय के बाद अनुराग गुप्ता की डीजीपी पद पर नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट की वैधानिक मान्यता मिल गई है।

20.4 ग्राम ब्राउन शुगर व 1 केजी...

मोबाइल बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार ओमकार दांगी के विरुद्ध पूर्व में भी बीएनएस एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत पत्थलगड़ा थाना में मामला दर्ज है। छापामारी दल में पत्थलगड़ा थाना प्रभारी राकेश कुमार, सहायक अवर निरक्षक विजय प्रसाद सिंह एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने स्थानिय पत्रकारों से कहा कि पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में अफीम व ब्राउन शुगर तस्करों को तस्करी करना बंद करना होगा नहीं तो तस्करी से जुड़े लोगों को चिन्हीत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

जागरुकता नशा उन्मूलन पर संत जेवियर कॉलेज में डालसा का कार्यक्रम, बोले राजेश कुमार सिन्हा

एनडीपीएस एक्ट में कड़ी सजा का है प्रावधान

- एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सोमवार को संत जेवियर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए नशा मुक्ति पर नालसा योजना डॉन के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिपूटी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, ड्रग्स कन्ट्रोल विभाग के स्वपनिल निखिल, सीआईडी के एसआई रिजवान अंसारी, स्कूल के शिक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

लाईज सेवर्स एनजीओ के प्रमुख अतुल गेरा ने कहा कि नशा हमारे देश को कैसे खोखला कर रहा है ? नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों के द्वारा दिये जा रहे लालच में न आए।

एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रूप्ये के जुमार्ने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर एनडीपीएस एक्ट की धारा - 31ए के तहत मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान है। कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सहायता प्रदान करती है। नशा से संबंधित पदार्थों के बारे में श्री सिन्हा ने विस्तार से बताया। उन्होंने सजा के प्रावधान के बारे में भी बताया और उन पदार्थों के बारे में बतलाया जिसका तस्करी करने से रखने से एक जगह से दूसरे जगह ले जाने पर एवं किसी व्यक्ति के पास पाये जाने पर वह एनडीपीएस कानून के तहत सजा के भागी होंगे। श्री सिन्हा ने नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 के बारे में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को बतालाया। झारखंड राज्य न केवल नशीली दवाओं का उपभोग करता है, बल्कि भारी कार्रवाई के बावजूद इनका उत्पादन भी करता है। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मंत्रालय ने पिछले महीने मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी देने के लिए आम जनता के लिए मानस हेल्पलाइन (टोल फ्री नं. 1933) स्थापित की है।

ड्रग्स कंट्रोल विभाग के स्वपनिल निखिल ने कहा कि साधारण खाँसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है, जो गलत है। नशा करने से व्यक्ति और उसके परिवार के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाती है। पुनर्वास केंद्रों की अधिक जनसंख्या उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है।

जमीन फर्जीवाड़े में जेल में बंद आरोपी तल्हा खान को मिली जमानत

रांची। बरियातू मौजा के सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद आरोपी तल्हा खान को रांची की पीएमएलए कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। यह जमानत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता(इठरर) की धारा 479 के तहत प्रदान की गई है। यह धारा उन आरोपियों पर लागू होती है, जो जेल में बंद और वह सिर्फ एक ही मामले में आरोपी है। उस लगे धारा में अधिकतम सजा का एक तिहाई जेल में बिता चुका है। तल्हा खान ईडी को ईडी उक्त मामले में 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। अर्थात् वह मामले में लगातार दो साल चार महीने से अधिक जेल में बिता चुका है। पीएमएलए एक्ट में अधिकतम सजा सात साल है। इसके हिसाब से वह जमानत का हकदार बना। उसकी ओर से सोमवार को ही याचिका दाखिल की गई। जिस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने जमानत प्रदान की। इसी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 आरोपी है।

अलास्का शिखर सम्मेलन की आलोचना करने वाले सीनेटर मर्फी पर ट्रंप ने साधा निशाना, बताया 'मूर्ख इंसान'

वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलास्का में हुई बैठक की आलोचना करने पर डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस मर्फी पर निशाना साधा। ट्रंप ने उन्हें एक ऐसा 'कमजोर' व्यक्ति बताया, जो शांति समझौते तक पहुंचने में रुकावट डालने का काम कर रहा है। ट्रंप का यह बयान तब आया जब मर्फी ने उनकी आलोचना करते हुए कहा कि अलास्का बैठक एक "आपदा" थी और "अमेरिका के लिए शर्मिंदगी" भी। उन्होंने ट्रंप पर अमेरिका को अपमानित करने का आरोप लगाया। मर्फी ने यह भी कहा कि इस बैठक के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को "वह सब कुछ मिल गया जो वे चाहते थे। अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, "कनेक्टिकट के सीनेटर क्रिस मर्फी ने कहा कि 'पुतिन को वह सब कुछ मिल गया जो वह चाहते थे।' भले ही, किसी को अभी तक कुछ नहीं मिला है। लेकिन, हम उस दिशा में बढ़ रहे हैं। ट्रंप ने आगे कहा, "मर्फी एक कमजोर इंसान हैं, जो सोचते हैं कि रूसी राष्ट्रपति का अमेरिका आना उनके (पुतिन के) लिए फायदेमंद रहा। जबकि सच ये है कि पुतिन के लिए ऐसा करना बहुत मुश्किल था। यह युद्ध अब खत्म हो सकता है, लेकिन क्रिस मर्फी, जॉन बोल्टन और इनके जैसे कुछ और बेवकूफ लोग हालात को और भी कठिन बना देते हैं। मर्फी ने एनबीसी न्यूज़ पर अपनी टिप्पणी में कहा, "यह बैठक एक आपदा थी और अमेरिका के लिए शर्मनाक भी। यह पूरी तरह से नाकाम रही। पुतिन को वह सब कुछ मिल गया जो वह चाहते थे। सबसे पहले तो वह बस एक फोटो खिंचवाना चाहते थे। वह दुनिया को यह दिखाना चाहते थे कि उन पर युद्ध अपराधों का कोई असर नहीं है। उन्हें अमेरिका आने का न्योता दिया गया, जबकि आम तौर पर युद्ध अपराधियों को अमेरिका में नहीं बुलाया जाता।" पुतिन और ट्रंप ने शनिवार तड़के (भारतीय समय अनुसार) आर्कटिक वॉरियर कन्वेंशन सेंटर में मुलाकात की।

महिला और पुरुष के बीच वेतन असमानता में पाकिस्तान सबसे खराब देशों में शामिल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। पाकिस्तान में महिला और पुरुषों की कमाई में भारी फर्क है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की नई रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया के देशों में यह स्थिति सबसे खराब मानी गई है। रिपोर्ट बताती है कि पाकिस्तान में महिलाएं औसतन अपने पुरुष सहकर्मियों से 34 प्रतिशत कम कमाती हैं। यह वेतन अंतर वैश्विक औसत से काफी ज्यादा है और भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों से भी बदतर है। एक तरफ जहां कुछ देशों ने इस खाई को कम करने की दिशा में थोड़ी-बहुत प्रगति की है, वहीं पाकिस्तान में हालात जस के तस हैं। सामाजिक परंपराएं, आर्थिक ढाँचा और संस्थागत कारक इस भेदभाव को और मजबूत करते हैं। ज्यादातर पाकिस्तानी महिलाएं खेतों में मजदूरी और घरों में कामकाज जैसे कम तनख्वाह वाले अनौपचारिक कामों में लगी रहती हैं।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
शांति देवी
प्रमुख
प्रखंड - बड़गड़
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
मोनिका कच्छप
मुखिया पंचायत बड़गड़
प्रखंड - बड़गड़
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
ओमप्रकाश
विधायक प्रतिनिधि
प्रखंड - बड़गड़
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
दीपिका खलखो
उपप्रमुख
प्रखंड - बड़गड़
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
दीपक कुमार मौर्य
थाना प्रभारी
बड़गड़
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
अर्जुन मिंज
जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष
प्रखंड - बड़गड़
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
कुमार विवेक भवानी सिंह
हार्मोनी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल संस्थापक, बड़गड़, गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
अमित कुमार सोनी
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड - बड़गड़
गढ़वा।

79वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़गड़ के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों व नागरिकों को हार्दिक बधाई।
अमानत अंसारी
जेएमएम प्रखंड सचिव
प्रखंड - बड़गड़
गढ़वा।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
अनिमेष शांतिकारी
थाना प्रभारी
डंडई
गढ़वा।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
देवलाल करमाली
बीडीओ
प्रखंड - डंडई
गढ़वा।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ संजय सिंह
प्रोपराइटर
हिमांशु मेडिकल स्टोर करके ।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
ई. रंजीत कुमार वर्मा
केन्द्र प्रबंधक आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मेराल।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
विजय कुमार
अध्यक्ष
संस्था जन सहभागी केंद्र, गढ़वा।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
देवनंद विश्वकर्मा
उप मुखिया प्रतिनिधि
सोनेहारा पंचायत

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
सुनील कुमार
समाजसेवी
डंडई पंचायत, गढ़वा।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
मुखदेव तिवारी
प्रोपराइटर
राजमती मेडिकल स्टोर डंडई, गढ़वा।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ. परवेज आलम
एमजीएम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर नवादा मोड़ गढ़वा एंड सना अल्ट्रासाउंड डंडई।

डंडई प्रखंडवासियों सहित समस्त देशवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ राकेश रंजन
चिकित्सक स्वास्तिक चिकित्सालय चिरौंजिया, गढ़वा।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

अमित कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी
भंडरिया, गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

रुक्मिणी कुमारी
प्रखंड प्रमुख
भंडरिया गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

धर्मेन्द्र यादव
जे,ई मनरेगा प्रखंड
भंडरिया गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

महेश यादव
बी, डी, सी सह समाजसेवी
पंचायत फकीराडीह भंडरिया गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

राकेश भूषण सिंह
अंचल अधिकारी
प्रखंड भंडरिया गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

अजय कुमार टोप्पो
वन क्षेत्र पदाधिकारी
भंडरिया बन क्षेत्र

केजीकेभी परिवार के तरफ से सभी देशवासियो को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

राकेश कुमार सिंह
रमना गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रमना प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

रामलखन राम
प्रधान सहायक अध्यापक
बरहिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

विधायक आलोक कुमार चौरसिया डाल्टनगंज
विधानसभा प्रतिनिधि (ओम गुप्ता)
बरगढ़ भंडरिया

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

रविशंकर सिंह
मनरेगा बी, पी,ओ
प्रखंड भंडरिया गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

श्रवण कुजूर
रोजगार सेवक
पंचायत बिजका भंडरिया गढ़वा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भंडरिया प्रखंड क्षेत्र के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई।

सोहर सिंह
मुखिया
फकीराडीह भण्डरिया गढ़वा